5 मैं बनूंगा सरपंच — मतगणना कर्मचारियों की रिहर्सल हुई काउंटिंग का दिया गया प्रशिक्षण
6 अभिमत — आर्थिक रूप से गरीबों के प्रति न्याय
9 देश/विदेश — गोवा में मोपा हवाई अड्डे का लोकार्पण जल्द होगा : प्रधानमंत्री
11 विविध — रिलेशनशिप में पार्टनर को पर्सनल स्पेस देना क्यों है जरूरी



RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 285
फरीदाबाद, शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




वनडे विश्वकप की तैयारियों की शुरुआत करेगा भारत

पेज - 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,272 | ▲ 762 |
| निफ्टी | 18,529 | ▲ 216 |
| सोना | 52,650 | ▲ 199 /10 gm |
| चांदी | 62,075 | ▲ 445 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 27.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### चढूनी बोले, जेपी दलाल कृषि मंत्री के लिए काबिल नहीं



**अंबाला।** किसान मसीहा सर छोटू राम की जयंती और किसान आंदोलन की दूसरी वर्षगांठ पर गुरुवार को अंबाला की मोहड़ा अनाज मंडी में रैली निकाली। रैली में बीकेयू (चढूनी ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी भी पहुंचे। चढूनी ने कहा कि यह हमारी बदकिस्मती है कि जय प्रकाश दलाल को कृषि मंत्री का पद दे दिया है। कृषि मंत्री इस पद के लिए काबिल नहीं हैं।

### 25 गायों के लिए आधी रात खुला द्वारकाधीश मंदिर

**द्वारका।** भगवान श्रीकृष्ण की नगरी द्वारका के इतिहास में शायद ये पहला मौका है, जब द्वारकाधीश मंदिर के दरवाजे आधी रात को खोले गए। बुधवार देर रात यहां कुछ ऐसा ही हुआ। मंदिर के पट किसी वीआईपी के लिए नहीं, बल्कि 25 गायों के लिए खोले गए। ये गायें अपने मालिक के साथ 450 किमी की पैदल यात्रा कर कच्छ से द्वारका पहुंची थीं। दरअसल, कच्छ में रहने वाले महादेव देसाई की गोशाला की 25 गायें करीब दो महीने पहले लंपी वायरस से ग्रस्त हो गई थीं। इसी बीच महादेव ने भगवान द्वारकाधीश से मन्नत मांगी थी कि अगर उनकी गायें ठीक हो गईं तो वे इन गायों के साथ आपके दर्शन करने जाएंगे।

### जामा मस्जिद ने महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का निर्णय वापस लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जामा मस्जिद ने महिलाओं की अकेले एंट्री पर लगे बैन को वापस लिया। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने मस्जिद के शाही इमाम बुखारी से इस बैन को हटाने की अपील की थी, जिसे शाही इमाम ने मान लिया है। हालांकि उन्होंने यह कहा है कि मेरी अपील है कि मस्जिद आने वाले लोग जगह की गरिमा बनाए रखें। गुरुवार दिन में जामा मस्जिद ने महिलाओं की अकेले एंट्री पर बैन लगाया था। मस्जिद की दीवारों पर नोटिस की कॉपी लगाई गई थीं।

विस्तृत खबर पेज नं.-9 पर

### कैथल में रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कैथल में स्टेट विजिलेंस पंचकूला ने पटवार भवन में कार्रवाई करते हुए गांव मानस के पटवारी बलवंत सिंह को दो हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वह मकान के इंतकाल के नाम पर पांच हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। पटवारी को विजिलेंस अपने साथ ले गई। उसे शुक्रवार (आज)को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### केरल में किन्नर जोड़े को मंदिर में शादी करने से रोका

**पालक्काड।** केरल के पालक्काड जिले में एक मंदिर में एक किन्नर जोड़े की शादी की अनुमति देने से कथित तौर पर इनकार करने के बाद जिले में विवाद पैदा हो गया है। हाशिये पर रहने वाले किन्नर समुदाय के कई सदस्यों ने इस घटना को लेकर पूजा स्थल के प्रबंधन की आलोचना की है। दरअसल, निलन कृष्णा और अद्रिका, कुछ समय के लिए एक रिश्ते में थे और उन्होंने थिरु-कचमकुरिसी मंदिर में शादी करने का फैसला किया था।

### कोर्ट ने रेप के आरोपी पिता को फांसी की सजा सुनाई

**हिसार।** सिरसा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने गुरुवार को नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी पिता को फांसी की सजा सुनाई है। आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत यह सजा सुनाई गई। साथ ही सात साल की सजा भी सुनाई है। उसपर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

# बहुविवाह, हलाला प्रथा पर सुनवाई को पांच सदस्यीय पीठ गठित होगी

### अधिवक्ता ने सीजेआई की पीठ से लगाई थी गुहार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन करेगा।

इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पर्दीवाला की पीठ से अनुरोध किया था कि इस मामले में संविधान पीठ को नए सिरे से गठित करने की आवश्यकता है, क्योंकि पिछली संविधान पीठ के दो न्यायाधीश न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हम एक नई पीठ का गठन करेंगे।

पिछली संविधान पीठ ने 30 अगस्त को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) को जनहित याचिकाओं में पक्षकार बनाया था और उनसे जवाब मांगा था। तत्कालीन संविधान पीठ की अध्यक्षता न्यायमूर्ति बनर्जी कर रही थीं और न्यायमूर्ति गुप्ता, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया, इसमें शामिल थे।

न्यायमूर्ति बनर्जी और न्यायमूर्ति गुप्ता इस साल क्रमशः 23 सितंबर और 16 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए, जिससे बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं के खिलाफ आठ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता हुई। उपाध्याय ने अपनी जनहित याचिका में बहुविवाह और निकाह हलाला को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2018 में उनकी याचिका पर विचार किया था और इस मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया था जो पहले से ही ऐसी ही याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।



# आदिवासियों को वनवासी कहने पर माफी मांगे भाजपा : राहुल

**एजेंसी।** बड़ौदा अहीर



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भाजपा पर हमले जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल आदिवासियों के लिए वनवासी के अपमानजनक संबोधन का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित कर रहा है। मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में यात्रा के दाखिल होने के बीच गांधी ने मांग भी की कि वनवासी शब्द के इस्तेमाल के लिए भाजपा को जनजातीय समुदाय से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए।

गांधी, भाजपा शासित मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन खंडवा जिले में स्वतंत्रता संग्राम के शहीद क्रांतिकारी टंट्या भील की जन्मस्थली बड़ौदा अहीर में जन सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुना, जिसमें उन्होंने आदिवासियों के लिए नया शब्द वनवासी इस्तेमाल किया। इस शब्द का मतलब है कि आदिवासी देश के पहले मालिक नहीं हैं और वे सिर्फ जंगल में रहते हैं।

# दिल्ली एम्स का सर्वर डाउन केंद्रीय एजेंसियां कर रहीं जांच

### सर्वर में गड़बड़ी के चलते अस्पताल में मरीजों के रजिस्ट्रेशन और सैंपल लेने की प्रक्रिया ठप

**एजेंसी।** नई दिल्ली



एनआइसी ने रैंसमवेयर वायरस अटैक की जताई आशंका

**देश** के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल दिल्ली एम्स का सर्वर बुधवार सुबह सात बजे से डाउन चल रहा है। सर्वर में गड़बड़ी के चलते अस्पताल में मरीजों के रजिस्ट्रेशन और सैंपल लेने की प्रक्रिया ठप हो गई।

एजेंसियों ने साइबर अटैक की आशंका भी जताई है। केंद्रीय साइबर एजेंसियां मामले की जांच के लिए मौके पर पहुंच गई हैं। उधर, सर्वर डाउन का मामला गृह मंत्रालय तक पहुंच गया है। सिस्टम पूरी तरह से खत्म हो चुका है और एजेंसियां इसे फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के मुताबिक यह रैंसमवेयर वायरस अटैक हो सकता है। इसकी वजह से हॉस्पिटल में इंटरनेट बंद है और सभी काम मैन्युअली किए जा रहे हैं।

एम्स के सर्वर पर बेहद संवेदनशील जानकारी रहती है। यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रियों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों का हेल्थ डेटा रहता है। मामले में साइबर क्राइम एजेंसियों को भी लगाया गया है। दरअसल, रैनसमवेयर एक तरह का मालवेयर होता है, जो आपके कंप्यूटर में घुसकर एक्सेस हासिल कर लेता है। वो आपकी सभी फाइल को एन्क्रिप्टेड कर देता है।

डेटा और एक्सेस वापस देने के एवज में फिरौती की मांग करता है। आसान भाषा में इसे किडनैपिंग समझ सकते हैं। कोई लुटेरा आपके सिस्टम और डेटा को कैद कर लेता है और उसके बदले फिरौती मांगता है। फिरौती देने के बाद वो चाहे तो आपका डेटा वापस कर दे या उसे खत्म कर सकता है।

### 2021 में ज्यादा मामले मिले

2020 में कम से कम 130 अलग-अलग रैनसमवेयर एक्टिव थे और 2021 की पहली छमाही में मालवेयर के 30000 ग्रुप मिले थे, जो समान रूप से दिखते और संचालित होते थे। इनमें से 100 रैनसमवेयर ऐसे हैं जिनकी एक्टिविटी कभी नहीं रुकती है। हमलावर अपने रैनसमवेयर को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए जाने-माने बॉटनेट मालवेयर और अन्य रिमोट एक्सेस ट्रोजन (आरएटी) सहित कई तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ज्यादातर मामलों में ये नए रैनसमवेयर सैंपल का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि गूगल का कहना है कि उसके गूगल क्रोम ओएस क्लाउड-फर्स्ट प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रोफेशन, एजुकेशन या कस्टमर की क्रोम ओएस डिवाइस पर रैनसमवेयर हमले नहीं हुए हैं।

# सीएम योगी ने शुरू की महाकुंभ 2025 की औपचारिक रूप से तैयारी

### इस महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के पहुंचने की उम्मीद

**एजेंसी।** प्रयागराज



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2025 में यहां होने वाले महाकुंभ मेले के लिए तैयारियों की औपचारिक घोषणा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह दोनों उपमुख्यमंत्रियों, मंत्री नंदी, दोनों सांसदों, मुख्य सचिव, डीजीपी समेत सभी अधिकारियों के साथ महाकुंभ 2025 की यहां समीक्षा बैठक करने जा रहे हैं।

यहां परेड ग्राउंड में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में 1295 करोड़ रुपये की 284 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने पंचप्रण की बात की है, जिसमें उन्होंने विरासत के सम्मान का संकल्प लिया था। योगी आदित्यनाथ ने कहा, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य हो या काशी में काशी विश्वनाथ धाम, मां विंध्यवासिनी का धाम या प्रयागराज का ऐतिहासिक कुंभ, ये सभी उसी परंपरा के हिस्से हैं। जिस सुरक्षा, सुव्यवस्था और स्वच्छता के साथ 2019 का कुंभ हुआ, इस परंपरा को और भी अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने के लिए यह बैठक हो रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों के अनुरूप 2025 के महाकुंभ का आयोजन को हम प्रयागराज की भावनाओं के अनुसार करेंगे। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अक्टूबर, 2018 में प्रयागराज को उसका पुरातन नाम प्राप्त कराने का गौरव हमें प्राप्त हुआ है।

प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, प्रयागराज का 2019 का कुंभ तो महज झांकी थी, असली पिक्चर अभी बाकी है। पिछले कुंभ में 24 करोड़ लोग प्रयागराज आए थे, लेकिन 2025 के महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के यहां आने की उम्मीद है। सम्मेलन को इलाहाबाद सांसद रीता बहुगुणा जोशी, फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल, भदोही सांस रमेश बिंद, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डाक्टर वीके सिंह, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह आदि ने संबोधित किया।

# भारत-ईरान के बीच विकास में सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई गई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** और ईरान ने बृहस्पतिवार को आर्थिक, राजनीतिक, राजनयिक क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों पर चर्चा की और चाबहार बंदरगाह के शहीद बेहिस्ती टर्मिनल के विकास में सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के बयान में यह बात कही गई है।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत और ईरान के बीच बृहस्पतिवार को विदेश कार्यालय स्तर की विचार विमर्श बैठक हुई। इसमें ईरानी पक्ष का नेतृत्व वहां के राजनीतिक मामलों के विदेश उपमंत्री अली बाघेरी ने की और भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश सचिव विनय मोहन कवात्रा ने की। एक दिन पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरान के राजनीतिक मामलों के विदेश उप मंत्री अली बाघेरी कानी की बैठक हुई थी।

इसमें दोनों नेताओं ने ईरान के परमाणु मामलों से संबद्ध समग्र संयुक्त कार्य योजना (जेसीपीओए) सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान सहित क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया। बयान के अनुसार, ईरान के विदेश उपमंत्री ने भारत के विदेश सचिव को परमाणु मामलों से संबद्ध समग्र संयुक्त कार्य योजना से जुड़े मुद्दों के बारे में जानकारी दी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर हर विभाग जिम्मेदारी निभाए : चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद



### अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक करने के दिए निर्देश

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा को लेकर हर विभाग अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी के साथ निभाए, अन्यथा कोताही के लिए सम्बंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में सड़क सुरक्षा की बैठक के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि वे सरकार द्वारा घोषित विकास परियोजनाओं का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक एवं सभी आवश्यक नियमों के मुताबिक पूरा करें, ताकि लोगों को दीर्घकाल तक उनका लाभ मिलता रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी विभाग अथवा किसी अधिकारी की कोताही की वजह से सड़क पर किसी की जान नहीं जानी चाहिए।

# दक्षिण कोरिया और भारत के बीच मजबूत संबंधों की जरूरत

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने दक्षिण कोरिया और भारत के बीच मजबूत संबंधों की जरूरत पर बल दिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। चंडीगढ़ के प्रशासक पुरोहित ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों में लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

भारत में दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक ने बुधवार शाम यहां पंजाब राजभवन में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की। पुरोहित ने राजदूत चांग जे-बोक के नेतृत्व में आए कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए, उन्हें कारोबार करने में आसानी और पंजाब में निवेश के लिए एक मंजूरी प्रणाली से अवगत कराया।

# मॉरिशस को सहयोग के लिए भारत हमेशा प्रतिबद्ध : धर्मेन्द्र प्रधान

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकताओं में मॉरिशस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करना शामिल है।

भारत शिक्षा, कौशल विकास सहित सभी क्षेत्रों में क्षमता निर्माण के लिए उसे सहयोग प्रदान करने को प्रतिबद्ध है। प्रधान ने मॉरिशस की उपप्रधानमंत्री एवं उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री लीला देवी दुकन लछुमन से भेंट की। प्रधान ने ट्वीट किया, मॉरिशस की उपप्रधानमंत्री एवं उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री लीला देवी दुकन लछुमन का अपने कार्यालय में स्वागत किया। कहा, भारत और मॉरिशस के बीच विशेष संबंध है और वे इतिहास, संस्कृति, भाषा तथा हिन्द महासागर से एक-दूसरे से जुड़े हैं।

# इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल ने मंगलुरु धमाके की जिम्मेदारी ली

**एजेंसी।** बेंगलुरू

### आईआरसी ने कहा एक हिंदू मंदिर पर हमले का था प्रयास



**एक** अनजान से संगठन इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल (आईआरसी) ने कर्नाटक के मंगलुरु में 19 नवंबर को हुए धमाके को कथित तौर पर अंजाम देने का दावा किया है। आईआरसी ने कहा है कि उसके मुजाहिद भाई मोहम्मद शारिक ने कादरी में एक हिंदू मंदिर पर हमले की कोशिश की थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) आलोक कुमार ने कहा कि पुलिस संगठन की प्रामाणिकता का सत्यापन कर रही है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेश में कहा गया है, हम इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल (आईआरसी) यह संदेश देना चाहेंगे मंगलुरु में भगवा आतंकियों का गढ़ है। (दक्षिण कन्नड़ जिले में) कादरी स्थित हिंदू मंदिर पर हमारे एक मुजाहिद भाई मोहम्मद शारिक ने हमला करने की कोशिश की। यह संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आगे कहा गया है, हालांकि यह अभियान सफल नहीं हुआ, फिर भी हम इसे रणनीतिक नजरिये से सफल मानते हैं, क्योंकि राज्य और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा वांछित होने के बावजूद, भाई (शारिक) उनसे बचने में सफल रहा और हमले की तैयारी की तथा उसे अंजाम भी दिया।

समय से पहले विस्फोट के बारे में संगठन ने कहा कि ऐसी आशंकाएं सभी सैन्य और विध्वंसक अभियानों में मौजूद होती हैं। समय से पहले विस्फोट के कारण ही शारिक की गिरफ्तारी हो सकी है। संगठन ने कहा, हम केवल इसलिए प्रतिशोध ले रहे हैं क्योंकि हमारे खिलाफ एक खुला युद्ध घोषित किया गया है, क्योंकि मॉब लिंचिंग एक आदर्श बन गया है, क्योंकि दमनकारी कायदे-कानून हमें दबाने और हमारे धर्म में हस्तक्षेप करने के लिए पारित किए जाते हैं, क्योंकि हमारे निर्दोष जेलों में सड़ रहे हैं, क्योंकि सार्वजनिक स्थान आज हमारे नरसंहार के आह्वान के साथ गूंजता है। वायरल पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आलोक कुमार ने कहा, हम इस संगठन की सत्यता और पोस्ट की विषय-वस्तु की सत्यता की पुष्टि कर रहे हैं। कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला 24 वर्षीय शारिक 19 नवंबर को एक प्रेशर कुकर बम लेकर ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रहा था, जिसमें डेटोनेटर, तार और बैटरी लगी हुई थी और इसमें विस्फोट हो गया था। इस धमाके में वह झुलस गया और सिटी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। विस्फोट में ऑटो चालक भी घायल हो गया। पुलिस ने इस धमाके को आतंकी घटना करार दिया है।

### संगठन ने एडीजीपी को दी चेतावनी

**संगठन** ने एडीजीपी आलोक कुमार को भी चेतावनी दी है। संगठन ने कहा है, भाई की गिरफ्तारी पर खुशी मनाने वालो, विशेष रूप से एडीजीपी आलोक कुमार की तरह के लोगों, से हम कहते हैं आपकी खुशियां अल्पकालिक होंगी और आपको अपने उत्पीड़न का फल जल्द ही मिलेगा। आप हमारी नजरों में हैं। हमले के बारे में, आईआरसी ने कहा कि उन्हें फासीवादियों द्वारा इस युद्ध और प्रतिरोध के रास्ते पर मजबूर किया गया है और हम केवल सरकार-प्रायोजित आतंकवाद के सबसे खराब रूपों का जवाब दे रहे हैं।


अद्वित्य HOMES

## डिफाल्टर्स की सूची

(हरियाणा सरकार की किफायती आवास परियोजना के तहत)

लाइसेंस नं० 127 of 2019, दिनांक 15.11.2019 बिल्डिंग प्लान स्वीकृत दिनांक 25.09.2020, HRERA Reg. No. 223 of 2020 दिनांक 16.12.2020

अद्वित्य होम्स का फर्स्ट ड्रॉ 19.10.2021 में द्वितीय ड्रा 02.02.2022 व तृतीय ड्रा 19.04.2022 को हुआ था। इसके बाद बचे हुए फ्लैट्स का अलॉटमेंट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया है। निम्लिखित को हमने पहले भी बकाया भुगतान के लिए पत्र भेजे थे लेकिन भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। कृपया जल्द से जल्द बकाया का भुगतान करें और 10 दिसंबर, 2022 तक भुगतान के लिए तुरंत ग्राहक सेवा अधिकारियों से सम्पर्क करें। यदि आप इस अंतिम नोटिस को अनदेखा करते हैं और भुगतान नहीं करते हैं तो यह समझा जायेगा कि आप अपनी जमा राशि को जब्त कराने के लिए सहमत है बिना किसी आपत्ति के आप स्वीकार कर रहे हैं कि आप 10 दिसंबर, 2022 के बाद से अपनी जमा राशि का दावा नहीं करेंगे या सरकारी नीति के अनुसार कटौती की जाऐगी।

| Flat No. | Application No. | Date of Allotment | Flat No. | Application No. | Date of Allotment |
|---|---|---|---|---|---|
| T8-1001 | 14002 | 19.10.2021 | T8-706 | 1297 | 19.07.2022 |
| T4-602 | 30514 | 02.02.2022 | T5-110 | 1230 | 20.07.2022 |
| T1-802 | 33698 | 02.02.2022 | T3-608 | 2586 | 26.07.2022 |
| T6-203 | 33993 | 02.02.2022 | T3-1007 | 1069 | 29.07.2022 |
| T1-902 | 1029 | 25.04.2022 | T9-402 | 2299 | 30.07.2022 |
| T4-601 | 1961 | 29.04.2022 | T3-1109 | 1222 | 05.08.2022 |
| T2-503 | 1932 | 30.04.2022 | T1-908 | 2382 | 10.08.2022 |
| T1-410 | 1988 | 22.05.2022 | T7-1208 | 2514 | 11.08.2022 |
| T1-903 | 1077 | 16.06.2022 | T6-804 | 1195 | 13.08.2022 |
| T2-1108 | 3519 | 22.06.2022 | T3-1306 | 1772 | 14.08.2022 |
| T6-401 | 1076 | 25.06.2022 | T3-807 | 1711 | 14.08.2022 |
| T6-501 | 1096 | 01.07.2022 | T4-901 | 1060 | 17.08.2022 |
| T6-503 | 1261 | 09.07.2022 | T2-605 | 2362 | 20.08.2022 |
| T3-508 | 1353 | 13.07.2022 | T6-910 | 1523 | 22.08.2022 |
| T1-1102 | 1508 | 14.07.2022 | T1-1105 | 1324 | 28.08.2022 |

नोटः— 1. सभी भुगतान अद्वित्य रेजीडेंसी एलएलपी के पक्ष में होने चाहिए।
2. अपने बुकिंग नंबर, नाम और फोन नंबर का उल्लेख पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के पीछे करें।
3. सभी भुगतान हमारे कारपेरेट कार्यालय 42 माईलस्टोन, मेन मथुरा रोड, नियर गोल्डन गैलेक्सी, गांव सिकरी, सैक्टर 143, फरीदाबाद — 121004 हरियाणा में किये जाने चाहिए।
4. ऊपर लिखे आवेदक नोटिस को अनदेखा कर सकते हैं यदि पहले से ही उनकी सूचना के अधीन भुगतान कर चुके है।

ADVITYA RESIDENCY LLP
Corp Office : 42 Milestone Main Mathura Road, Near Golden Galaxy, Vilage Sikri, Sector-143, Faridabad- 121004, Haryana
Email : info@advitya.co.in | Mobile No.: 9015345678

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 12.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- शहर के विभिन्न हिस्सों में मतदान: सुबह 7 बजे।
- सेक्टर-12 में खिलाड़ियों का ट्रायल : सुबह 9 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे।
- बीपीटीपी स्थित पार्क फ्लोर दो में प्रदर्शन जारी: सुबह 10 बजे।

**निवेश गुरु**

**सिस्टेमेटिक** इन्वेस्टमेंट प्लान यानी सिप म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सबसे पॉपुलर तरीका हो गया है। वे निवेशक, जो शेयर बाजार की पेचीदगियों से नावाकिफ हैं और मार्केट के जोखिम से बचना चाहते हैं। वे म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिये निवेश करते हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### नई शिक्षा नीति पर सेमिनार कल

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में 26 नवम्बर, 2022 को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार का विषय ''उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में चुनौतियों एवं अवसर'' रखा गया है। इस राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में पद्मश्री अवार्डी एवं एनसीईआरटी के पूर्व निर्देशक जीएस राजपूत विशिष्ट रुप से उपस्थित रहेंगे। उनके साथ मुख्य अतिथि केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा, महेन्द्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार जी एवं हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय, उतराखण्ड के प्रो. बीएस राजपूत पूर्व कुलपति भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमन्त्री मोदी जी के विजन 'आत्मनिर्भर भारत' पर विशिष्ट रुप से पूर्व मेजर जनरल राजन कोचर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस सेमिनार में एनईपी-2020 से जुड़े विभिन्न विषयों एमईईएस, मूकस, आईडीपी, सीबीसीएस और वोकेशनल कोर्सज पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े बड़े-बड़े बुद्धिजीवियों के द्वारा महत्वपूर्ण विचार एवं सुझाव साझा किये जायेंगे। इस सेमिनार में भारत के प्रत्येक कोने से शिक्षण संस्थाओं से जुड़े प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहेंगे।

**क्विक न्यूज**

### फिर बिगड़ा प्रदूषण स्तर

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गया है। जिले के प्रदूषण स्तर में लगातार उतारचढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। हवा की गति बढ़ी रहने के चलते बुधवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स में थोड़ा सुधार हुआ था। यह प्रदूषण की मध्यम श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन यह एक बार फिर से 209 दर्ज किया गया था, जो बुधवार की तुलना में 11 अंक अधिक है। फिलहाल एक्यूआई सामान्य स्तर से लगभग चार गुना अधिक बना हुआ है। बुधवार यह 198 दर्ज किया गया था, जो मध्यम श्रेणी में आता है, लेकिन गुरुवार को इसमें हल्की वृद्धि दर्ज की गई है। अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो गुरुवार को सेक्टर 16 क्षेत्र की हवा सबसे साफ रही। यहां का एक्यूआई 161 दर्ज किया गया। वहीं, सेक्टर 11 व सेक्टर 30 क्षेत्र में 230, एनआईटी क्षेत्र में 215 और बल्लभगढ़ क्षेत्र में 238 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# कोरोनाकाल में ऑक्सीजन गैस और सिलेंडर के नाम पर घोटाले का आरोप

## रेडक्रॉस को नहीं पता कहां गए 61 लाख के सिलेंडर और ऑक्सीजन गैस

**राजेश दास। फरीदाबाद**

**कोरोना** की दूसरी लहर में ऑक्सीजन के लिये शहर में मारामारी मच गई थी। उस दौरान लोगों की मदद के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा करीब साढ़े 22 लाख रुपये के ऑक्सीजन सिलेंडर और करीब ढाई लाख रुपये के इससे संबंधित उपकरण खरीदे थे, लेकिन यह सिलेंडर कहां है। इसके बारे में रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों को पता ही नहीं है। जबकि उस दौरान 10 हजार रुपये की सिक्योरिटी मनी जमा करने के बाद ही कोरोना के मरीजों को सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे थे, लेकिन रेडक्रॉस के खाते में सिक्योरिटी के नाम पर कुछ भी जमा नहीं हुआ है। इतना ही नहीं उस दौरान ऑक्सीजन की कालाबाजारी को देखते हुए रेडक्रॉस द्वारा मरीजों के घर पहुंचने के लिए करीब 36 लाख रुपये की ऑक्सीजन भी खरीदी थी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिला रेडक्रॉस की तरफ से सिलेंडर रिफलिंग की कोई रसीद नहीं काटी गई। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मरीजों को सिलेंडर रिफलिंग की रसीद दी जा रही थी। लेकिन जिला रेडक्रॉस के पास इसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। इतनी बड़ी रकम कौन ले गया, किसी को कुछ नहीं पता। घोटाले की आशंका को देखते हुए सोसायटी के एक सदस्य ने स्टेट विजिलेंस को शिकायत दी है।



सेक्टर 12 स्थित रेडक्रॉस सोसायटी का कार्यालय।



सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय का सांकेतिक फोटो।

### लाखों की ऑक्सीजन और सिलेंडर

**कोरोना** की दूसरी लहर में ऑक्सीजन गैस की कमी के कारण कालाबाजारी शुरू हो गई थी। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी को जरूरतमंदों मरीजों को सिलेंडर और ऑक्सीजन गैस उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। उस समय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 22 लाख, 47310 रुपये के ऑक्सीजन सिलेंडर, दो लाख 18400 रुपये के फ्लो मीटर और 31 360 रुपये की सिलेंडर की चाबियां खरीदी थी। यह सिलेंडर और उपकरण रेडक्रॉस द्वारा जरूरतमंद मरीजों से दस हजार रुपये की सिक्योरिटी मनी लेकर उपलब्ध करवानी थी। ऑक्सजीन के छोटे सिलेंडर 250 रुपये और बड़े सिलेंडर 350 रुपये में सोसायटी को ही रिफलिंग करवाकर मरीजों को पहुंचानी थे। उस दौरान सोसायटी ने विभिन्न एजेंसियों से 35 लाख 87862 रुपये की ऑक्सीजन गैस भी खरीदी थी। रिफिलिंग की कीमत की रसीद देने का भी नियम बनाया गया था, लेकिन जिला रेडक्रॉस के खाते में न कोई सिक्योरिटी मनी आई और न ही रिफलिंग की कोई रसीद काटी गई है।

### निजी खाते में सिक्योरिटी मनी

**ऐसा** नहीं है कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लोगों को बिना रुपये लिए नि: शुल्क सिलेंडर अथवा ऑक्सीजन गैस उपलब्ध करवाई थी। उस दौरान सिलेंडर की सिक्योरिटी मनी सोसायटी से जुड़े एक व्यक्ति के निजी खाते में ली जा रही थी। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब एक मरीज का परिजन सोसायटी के कार्यालय में सिलेंडर हैंडओवर कर अपनी सिक्योरिटी मनी वापस लेने पहुंचा। रेडक्रॉस के कर्मचारियों ने व्यक्ति से आवेदन लिखकर सिलेंडर ले लिया। बाद में सिक्योरिटी मनी के दस हजार रुपये उसी व्यक्ति ने अपने खाते से मरीज के परिजन को लौटाए। इससे स्पष्ट हो जाता है कि सिक्योरिटी मनी के शेष रुपये भी जरूर उसी खाते में गए होंगे। ऐसे में साफ है कि जिन लोगों द्वारा सिलेंडर नहीं लौटाए, उनकी सिक्योरिटी मनी उसी व्यक्ति के पास मौजूद हो सकती है, क्योंकि रेडक्रॉस के स्टॉक में ऑक्सीजन सिलेंडर मौजूद नहीं हैं। वहीं दूसरी तरफ जब रेडक्रॉस सोसायटी ने रिफलिंग की कोई रसीद नहीं काटी तो फिर 35 लाख 87862 रुपये की ऑक्सीजन कहां चली गई। रिफलिंग की रकम की भी बंदरबांट की सम्भावना नजर आ रही है।



**ऑक्सीजन सिलेंडरों का सांकेतिक फोटो।**

### विजिलेंस कर रही जांच

**कोरोनाकाल** में ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य कई तरह की चीजों की खरीद से संबंधित व्योरा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अपनी वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर और उससे संबंधित चीजों को खरीदने का व्योरा तो मौजूद है, लेकिन सिक्योरिटी मनी और रिफलिंग के माध्यम से आए रुपयों का कोई ब्योरा नहीं है। इस तरह की संदेहस्पद चीजों को देखते हुए सोसायटी के आजीवन सदस्य धर्मवीर सिंह ने करीब एक साल पहले मामले की शिकायत से जिला उपायुक्त से की थी। उपायुक्त द्वारा जांच तो शुरू करवा दी गई थी। लेकिन जांच सिरे न चढ़ते उन्होंने मामले की शिकायत स्टेट विजिलेंस से कर दी थी। विजिलेंस मामले शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर चुकी है। शिकायतकर्ता धर्मवीर सिंह का कहना है कि उन्होंने करीब दस महीने पहले विजिलेंस को शिकायत दी थी। कभी तो मामले की जांच में तेजी आ जाती है और कभी पेंडिंग हो जाती है।

### रसीद नहीं काटी



**रेडक्रॉस** सोसायटी के कार्यकारी सचिव बिजेंद्र सौरोत का कहना है कि कोरोनाकाल में वे मेवात में तैनात थे। इसलिए मामला पूरी तरह उनके संज्ञान में नहीं है। लेकिन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टॉक में फिलहाल ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं है। इनका क्या हुआ उन्हें नहीं पता। उन्होंने स्वीकार किया कि कोरोनाकाल में रिफिलिंग और सिक्योरिटी मनी की रसीद रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नहीं काटी गई है। इस बारे में तत्कालीन रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी ही बता सकते हैं।

# वृद्धावस्था रोग समझ प्रोस्टेट को न करें नजरअंदाज

## एकॉर्ड अस्पताल में प्रोस्टेट एवं किडनी स्टोन कैंप में 178 लोगों ने कराई जांच

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**बुढ़ापे** की बीमारी समझ कर प्रोस्टेट की बीमारी को अनदेखा करना गलत है। आधुनिक समय में लोगों को इस मिथक को त्यागना चाहिए। बृहस्पतिवार को यह बात ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के डॉक्टरों ने प्रेसवार्ता में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय तथा डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. ऋषि गुप्ता, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. युवराज कुमार और यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ. सौरभ जोशी ने किया। डॉ. प्रबल ने कहा की नवंबर को मैंस हेल्थ मंथ के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध इलाज की नवीनतम तकनीक के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर अस्पताल में प्रोस्टेट एवं किडनी स्टोन जांच कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 178 लोगों ने जांच कराई।

डॉ. सौरभ जोशी ने बताया कि नवंबर माह को (मैंस) पुरुष दिवस के रूप में मनाया जाता है। कुछ बीमारियां महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में कॉमन होती है। खासतौर पर प्रोस्टेट की समस्या। प्रोस्टेट एक ऐसा ग्लैंड है जो पुरुषों में पाया जाता है और उम्र के साथ बढ़ता है। जब प्रोस्टेट का ग्लैंड साइज में बढ़ जाता है तो रोगी को पेशाब में रुकावट पैदा होती है, रात में पेशाब का बल बार आना मुख्य लक्षण है। कई बार लोग इसे बुढ़ापे का हिस्सा मन कर इलाज नहीं कराते हैं। इसे अगर ऐसे ही छोड़ दिया जाए तो पेशाब में बार बार रूकावट होना, इन्फेक्शन और किड़नी फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। इतना ही नहीं प्रोस्टेट कैंसर होने की संभावना तक बढ़ जाती है। जिसका समय पर इलाज करवा लिया जाए तो मरीज पूरी तरह ठीक हो जाता है। अस्पताल में अत्याधुनिक लेजर थुलियम तकनीक से मरीज के ऑपरेशन किए जाते है। हाल ही में एक 97 वर्षीय बुजुर्ग का इस तकनीक से सफल ऑपरेशन किया गया। इसी प्रकार किडनी स्टोन के लिए एंडस्कोपी तकनीक से इलाज किया जा रहा है। अस्पताल के नेफ्रोलॉजी (किडनी) डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि किडनी संबंधी सभी बीमारियों का अस्पताल लेजर तकनीक से अत्याधुनिक इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। जिसका सभी को लाभ लेना चाहिए। बीमारियों से घबराने बजाए समय पर जांच करवाएं। डॉ. वरुण ने सेक्सुअल लाइफ से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक किया। बीमारियों से बचने के उपाय बताए।



# राशन बांटकर क्षयरोगियों को किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** में हर 24 तारिख को निश्चय दिवस जिला क्षयरोग विभाग की तरफ से मनाया जाता है। इस मौके पर 10 गोद लिए मरीजों को इनरव्हील की तरफ से भेजे गए राशन को डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत और उनके दफ्तर में काम कर रहे कर्मचारियों ने मरीजों को बांटा।

वहीं सेक्टर-8 में बाईपास रोड पर बसी हुई झुग्गियों में जागरूकता कैम्प लगा कर लोगों को जागरूक किया गया। जहां पर उनको टीवी के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया कि टीवी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। इसके फैलाने वाले बैक्टीरिया का नाम माइको बैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस है। इसके चार लक्षण होते हैं। जिसमें मरीज को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, लंबा बुखार, वजन का घटना, लगातार और रात को पसीना आने की शिकायते आती है। इसकी 2 जांच की जाती है। इनकी दवाइयां 6 महीने चलाई जाती हैं, जोकि फ्री में दी जाती है। उन्होंने लोगों को बताया कि सरकार द्वारा 500 रुपये भी हर मरीज को मिलते हैं कम्युनिटी सपोर्ट के तहत भी मरीज को राशन दिया जा रहा है। आज भी इनरव्हील ने जो 10 मरीजों को गोद ले रखा था उनको दूसरे महीने का राशन दिया गया। इसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत, डीआर टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, अशोक, बिजेंद्र, करण, वीरेंद्र, उमेश, कुलदीप, रविंद्र, कविता, प्रीति तथा इनरव्हील से दीपिका वशिष्ठ और हेमा भारद्वाज मौजूद थे।



**इनरव्हील की तरफ से गोद लिए मरीजों को राशन देते हुए डॉ. शीला भगत और अन्य स्वास्थ्य कर्मी**

# विद्यार्थियों के रक्तदान शिविर का विधायक ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**डीएवीआईएम** के यूथ रेडक्रॉस और रोटारेक्ट क्लब ऑफ डीएवीआईएम द्वारा रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद प्रोफेशनल, केयर फॉर थैलासीमिया और फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के सहयोग से रक्तदान के आयोजन की एक बड़ी पहल की गई।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधायक सीमा त्रिखा, रेडक्रॉस सोसायटी के सेक्रेटरी बिजेन्द्र सरोत, समाज सेवक आरपी हंस, डॉ पुनीता हसीजा, डॉ सतीश आहूजा डीएवीआईएम की प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. रितु गांधी अरोड़ा, वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीलम गुलाटी, सेंटर फॉर एनवायरनमेंट की हेड, आर. आर. अरविंद गुप्ता (अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद प्रोफेशनल) के साथ सीए तजिंदर भारद्वाज (संस्थापक-आरएसी डीएवीआईएम), रविंद्र डुडेजा महासचिव, हरीश रात्रा अध्यक्ष, जेके भाटिया (फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया) और डीएवीआईएम की आयोजन टीम ने किया। शिविर सुबह 10.00 बजे शुरू हुआ और छात्रों और अन्य दाताओं से भारी प्रतिक्रिया मिली। शिविर में कुल 90+ यूनिट एकत्रित की गई। कुछ दानदाता जो इस बार दान नहीं कर सके, उन्हें अगले शिविर में दान के लिए आश्वासन दिया गया था। आभार के प्रतीक के रूप में प्रत्येक दाता को प्रशंसा प्रमाण पत्र, दान कार्ड दिया गया। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा व महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से थैलासीमिया की जानकारी दी। उन्हें बताया गया की सिर्फ उचित जानकारी से ही एक भयानक रोग से बचा जा सकता है।



**डीएवी इंस्टीटयूट आफ मैनेजमेंट में अयोजित शिविर में रक्तदान करते विद्यार्थी।**

# राज्यपाल ने किया हरियाणा पैविलियन की स्टॉलों का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**राजधानी** दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में लगे भारतीय व्यापार मेले-2022 के पांचवें दिन हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा पैविलियन में लगे विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया। इस दौरे के दौरान वह सतयुग दर्शन ट्रस्ट के उपक्रम व हरियाणा के प्रमुख पर्यटक स्थल ध्यान कक्ष के स्टाल पर भी गए। जहां पर ट्रस्ट के सदस्यों ने शॉल व सम्मान चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया।

ध्यानकक्ष के बारे में बताते हुए कहा कि एकता का प्रतीक यह ध्यान-कक्ष, अपने आप में समभाव-समदृष्टि का स्कूल है। जिसे सतयुग की पहचान व मानवता का स्वाभिमान माना जाता है। युग परिवर्तन के सत्य को दृष्टिगत रखते हुए, यहां से प्रत्येक मानव को कलियुगी भाव स्वभाव छोड़ समभाव-समदृष्टि की युक्ति अनुसार, सतयुगी नैतिक आचार संहिता अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है तथा यहां से हर मानव को धार्मिक भिन्न-भेद से उबर, संतोष, धैर्य अपना कर, सत्य की राह पर निष्कामता से चलते हुए, निज मानव धर्म पर खड़े हो परोपकारी बनने के प्रति उत्साहित किया जाता है। इस तरह इस ध्यान कक्ष से सबको समभाव नजरों में कर समदर्शिता अनुरूप सबको एक नजर से देखते हुए, एक रस व्यवहार करने की प्रेरणा दी जाती है ताकि द्वि-द्वैत युक्त भिन्नता का भाव समाप्त हो और आज का विषय ग्रस्त, निर्बल मानव, विचार, सत्य जबान, एक दृष्टि व एक अवस्था में आ, अपनी हस्ती की यथार्थता यानि ज्ञान, गुण व शक्ति को जान जाएं और सजनता का प्रतीक बन, इस धरती पर पुनः सतयुग जैसा सर्वोत्तम समयकाल ले आए। इसके अतिरिक्त यहाँ पर शब्द अर्थात् मूलमंत्र आद् अक्षर अमर आत्मा को ही गुरु माना जाता है। उसी के साथ, ख्याल व ध्यान का सम्पर्क स्थापित कर, सीधा कुदरत से ही, आत्मिक ज्ञान प्राप्त करने की व नित्य में श्रद्धा बढ़ाने की प्रेरणा दी जाती है। इस अवसर पर ट्रस्ट के युवा बच्चों ने हम एक है-हम एक है नृत्य प्रस्तुति द्वारा सबको एकता में आने का सन्देश दिया। अंत में माननीय गवर्नर ने ट्रस्ट की मानवोत्थान हेतु किये जाने वाले कार्यों की सराहना स्वरुप बच्चों को आशीर्वाद दिया।



**भारतीय व्यापार मेले का अवलोकन करते हरियाणा के राज्य पाल बंडारू दत्तात्रेय।**

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**ज़रा सा भी न अंतर इक सियासी और इक ठग में**
**कहें निःस्वार्थ सेवक पर भरा है स्वार्थ रग-रग में**
**मेरे इस देश के नादान वोटर कब ये समझेंगे**
**सियासी लोगों से ज़्यादा न कोई स्वार्थी जग में**

# हर्षोल्लास से मनाई दीनबंधु सर छोटू राम की जयंती

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**गांव** खेड़ी कलां में रहबरे आजम दीनबंधु सर छोटू राम की जयंती चौधरी छोटू राम भवन बस स्टैंड खेड़ी कलां में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमे सर्वप्रथम जयंती समारोह में आए हुए गणमान्यों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से किसान संघर्ष समिति नहरपार फरीदाबाद के महासचिव सत्यपाल नरवत, राम विद्या मंदिर स्कूल के चेयरमैन मास्टर भवानी प्रसाद, जाजपा के तिगांव हल्का अध्यक्ष अमर नरवत, जजपा नेता पवन नर्वत, डीएम कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन चंद्रवीर शर्मा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ फरीदाबाद के जिला प्रधान नवल सिंह नरवत, कमल सिंह, रणवीर सिंह, भजनलाल, चंद्र सिंह, पिंटू, जगदीश, श्रीचंद, महेंद्र सरपंच, जगदीश, ओमशांति, रामकिशन, मोहनलाल, किशन सिंह, पंडित प्रताप, राजेंद्र सोलंकी, सुभाष सोलंकी, कालू नरवत, दुलीचंद, जगदीश, थानेदार संजय, बच्चू फौजी, नरवीर, लाल सिंह, दुल्ली, मनोज, श्यामवीर सोलंकी, किशन सिंह पूर्व ब्लाक सदस्य, रामशरण आदि सम्मिलित हुए। इस मौके पर अनूप चौधरी द्वारा लड्डू बांटे गए। जयंती समारोह के मौके पर किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी छोटूराम के जीवन परिचय पर मास्टर भवानी प्रसाद व किसान नेता सत्यपाल नर्वत समाजसेवी कमल नर्वत जज्पा नेता अमर नरवत तथा कर्मचारी नेता नवल सिंह ने प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दीनबंधु छोटू राम का जन्म 24 नवंबर 1881 को रोहतक के गांव गढ़ी सांपला में एक किसान परिवार में हुआ। इनके पिता का नाम चौधरी सुखीराम तथा माता का नाम सीरिया देवी था। इनके दो भाई नेकीराम व रामस्वरूप थे चौधरी छोटूराम का असली नाम बृजलाल था परिवार में छोटा होने के कारण सभी छोटू कहकर बुलाते थे। स्कूल में दाखिला के समय इनका नाम छोटूराम लिखवा दिया गया। चौधरी छोटूराम की दो बेटियां हैं कोई बेटा नहीं था इन्होंने पांचवी तक शिक्षा गांव में ही ग्रहण की। पांचवी में पूरे जिले में प्रथम आए, मिडिल क्लास झज्जर से की उसके बाद दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से पढ़ाई की। ग्रेजुएशन लाहौर से की तथा वकालत की पढ़ाई आगरा से की। घर की आर्थिक हालात इतने अच्छे नहीं थे। जिससे इनके पिताजी पढ़ाई का खर्चा उठाते इनकी पढ़ाई में सेठ छाजूराम का विशेष योगदान रहा। चौधरी छोटूराम पंजाब सरकार में करीब 10 वर्षों तक मंत्री रहे। 1924 से 1926 तक तथा 1937 से 1944 तक सरकार में रहते हुए उन्होंने किसान हित में मजदूर हित में गरीबों के हित में कई कानून बनवाए और जनहित में कई अच्छे कार्य किए जिसके कारण अंग्रेजों द्वारा इनको सर की उपाधि दी गई। दीनबंधु रहबर आजम किसान मसीहा की उपाधि जनता द्वारा दी गई। चौधरी छोटूराम ने मंडियों की व्यवस्था करना, फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करना, किसानों को कर्ज मुक्त कराना और गिरवी रखी जमीन को किसानों को वापस कराना जैसे कार्य कराए।



**गांव खेडी कलां दीनबंधु सर छोटू राम की जंयती के अवसर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते ग्रामीण।**

### पहचान की अपील



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 18.11.2022 को नाम पता नामालुम व्यक्ति कि लाश मथुरा दिल्ली रोड नजदीक शराब ठेका सराय फरीदाबाद मे मिली है जिसकी शिनाख्त के लिए नाश को बी के एच कि शिविल हस्पताल फरीदाबाद मे रखवाया गया है जिसका हुलिया - रंग सावला, गोल चेहरा, पतला शरीर वा कद करीब 5 फुट 4 ईन्च वा उम्र लगभग 40 साल जिसने आसमानी रंग कि जिंस कि पेन्ट वा उपर पिले रंग कि स्वेटर वा पुरी बाजु कि लाल रंग कि सर्ट जिसमें सफेद रगं कि बिन्दी है पैरों में हवाई चप्पल व गले मे सफेद रंग का गम्छा है। मुकदमा नं 17 दिनांक 18.11.2022 थाना सराय ख्वाजा फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**आई/ओ एएसआई अजय कुमार- 8700021084, प्रबंधक अफसर- 9582200121, पुलिस कंट्रोल रूम फरीदाबाद- 0129-2227200, पुलिस थाना सराय ख्वाजा- 0129-2275400**

### पहचान की अपील



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 12.11.2022 को नाम पता नामालुम व्यक्ति कि लाश सेक्टर 37 बाई पास रोड फरीदाबाद मे मिली है जिसकी शिनाख्त के लिए नाश को बीके अस्पताल कि शिविल हस्पताल फरीदाबाद मे रखवाया गया है जिसका हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर वा निशान दांए हाथ कि पुस्त पर सुरमा से हनुमान गुदा हुआ कद करीब 5 फुट 7 ईन्च वा उम्र लगभग 50/60 साल जिसने नीले रंग कि लोवर नीले रंग कि सर्ट जिसमें सफेद रगं कि धारी है पैरों से नंगा है। मुकदमा नं 14 दिनांक 12.11.2022 थाना सराय ख्वाजा फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**आई/ओ एएसआई अजय कुमार- 8700021084, प्रबंधक अफसर- 9582200121, पुलिस कंट्रोल रूम फरीदाबाद- 0129-2227200, पुलिस थाना सराय ख्वाजा- 0129-2275400**

### पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लावारिस लाश जिसका नाम पता नामालूम जिसका चेहरा काला पड़ा हुआ है, जिसकी पहचान नहीं हो पा रही है व जिसके शरीर पर नीली चेकदार शर्ट , पैरों में ग्रे कलर की पेंट व मटियाला कलर का कच्छा पहना हुआ ह जिसके बार्डर पर लाल रंग से माचो लिखा हुआ है जो इस व्यक्ति का कद 5 फुट 6 इंच व उम्र लगभग 25-30 वर्ष है। अगर किसी के भी इलाके से कोई गुमशूदगी इंसान हो तो प्रबंधक थाना धौज व इंचार्ज के निम्न नंबरों पर संपर्क करें।

**पुलिस थाना धौज -9582200158, पुलिस चैकी मांगर 9582200180**

# फोगिंग पर प्रतिबंध से डेंगू-मलेरिया के मरीज बढ़े

## डेंगू के दो नए मामले सामने आने से आंकड़ा पहुंचा नौ पर

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में बढ़ते प्रदूषण के कारण फोगिंग नहीं करने के आदेश हैं। ऐसे में डेंगू के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने लगी। बुधवार को डेंगू के दो नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं। जिसके कारण जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा नौ पर पहुंच गया है। वहीं फिलहाल जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या नियंत्रण में रहे, इसे देखते हुए विभाग ने तुरंत एक्शन लेते हुए डेंगू के मरीज के घर और बाहर फोगिंग करवा दी।



संजय कालोनी में आए मरीज के घर के बाहर फोगिंग करता कर्मी। बीके अस्पताल में मौजूद डेंगू वार्ड

**दो नए मामले आए सामने :** जिले में पिछले कुछ समय से डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा सात ही था। जिसमें धौज से एक, पाली से दो पॉजिटिव, पल्ला से एक, अनंगपुर से एक, सेक्टर-15 और सूरजकुंड से 1-1 मरीज शामिल थे। जिनका इलाज पूरा हो चुका था, लेकिन बुधवार को दो सैम्पल पॉजिटिव पाये गए। जिसमें एक सैम्पल सेक्टर-23 से एक 15 वर्षीय बच्ची और ओल्ड फरीदाबाद से 49 वर्षीय एक व्यक्ति का पॉजिटिव आया है।

**बंद थी फोगिंग :** डेंगू के दो नए मामले पॉजिटिव आने से विभाग में हडकंप मच गया। आनन-फानन में बृहस्पतिवार को तड़के मरीजों के घरों के निकट और घर के भीतर फोगिंग कराई गई। वहीं फोगिंग करने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल प्रदूषण के कारण फोगिंग बंद कर रखी थी। फिलहाल फोगिंग मरीज सामने आने पर ही की जा रही है।

**अलग है व्यवस्था :** डेंगू के मरीजों की संख्या न बढ़े विभाग इसके लिए, जागरूक कर रहा है। लेकिन यदि मरीज बढ़ते हैं तो जिला डेंगू व मलेरिया विभाग की तरफ से बीके अस्पताल में 12 बिस्तरों का डेंगू वार्ड बनाया है। यह वार्ड बीके सिविल अस्पताल में मौजूद अस्थाई अस्पताल में बनाया गया है। विभाग के अधिकारी का कहना है स्वास्थ्य विभाग की तरफ से तमाम केंद्रों पर मरीजों की भर्ती की करने और जांच करने की व्यवस्था भी की गई है। जिससे कि समय रहते ही मरीजों का उपचार किया जा सके। विभाग लगातार डेंगू-मलेरिया लार्वा नष्ट करवा रहा है। बायोलॉजिस्ट पीके अरोड़ा ने बताया कि घरों के आसपास किसी प्रकार का पानी जमा ना होने दें और निरंतर सफाई रखें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार डेंगू के लारवा नष्ट कराने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव-2022 : जिले में पूरी हुई सभी तैयारियां, मतदान आज

## पोलिंग पार्टी ईवीएम व पूरी चुनाव सामग्री सहित पोलिंग बूथ के लिए हुई रवाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में शुक्रवार, 25 नवंबर को होने वाले पंच एवं सरपंचों के चुनाव को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है, जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। डीसी विक्रम ने कहा कि मतदाता प्रजातंत्र के पर्व पर अधिक से अधिक मतदान करके अपनी भागीदारी करके गांव की छोटी सरकार चुनें।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने पोलिंग पार्टी की फाइनल रिहर्सल को संबोधित करते हुए कहा कि पोलिंग पार्टी पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता व पारदर्शिता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। पंचायत चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। जिला में पंचों व सरपंचों के लिए मतदान शुक्रवार, 25 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां व इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। पंचायतों में पंच और सरपंच पद के लिए शुक्रवार, 25 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को खंड स्तर पर फाइनल रिहर्सल करवाकर रवाना कर दिया गया है। जिला के सभी तीनों खंडों में चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों पूरी तैयारी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां शुक्रवार, 25 नवंबर को मतदान के उपरांत उसी स्थान पर मतगणना करके परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।


पंचायत के चुनाव के लिए मिले समान को चैक करती पोलिंग पार्टी।

जिला में शुक्रवार, 25 नवंबर को पंच व सरपंच के लिए सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि प्रात : 6 बजे एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल किया जाएगा। अगर कोई एजेंट सुबह 6 बजे नहीं पहुंचता है तो 10 मिनट इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मॉक पोल शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला में दो सरपंच ग्राम पंचायत पीएम बदरौला तथा किडावली गावों के और 578 पंच निर्विरोध चुने गए हैं। जबकि किडावली ग्राम पंचायत तो सर्व सम्मति से ग्रामीणों ने पहले ही निर्विरोध चुन ली है। वहीं 22 वार्डो में पंच पद के लिए कोई आवेदन पत्र दाखिल ही नहीं हुए हैं। जहां वार्डो में पंच पद के लिए आवेदन पत्र दाखिल नही किए गए हैं। वहां पर हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आगामी आदेशों पर चुनाव करवाया जाएगा।

जिला के खंड फरीदाबाद की पोलिंग पाटियों को आरओ कम एसडीएम बडखल पंकज सेतिया की अध्यक्षता में डीएवी स्कूल सैक्टर - 14 व खंड बल्लबगढ की पोलिंग पार्टियों को सेक्टर-3 स्थित राजकीय माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चुनाव से संबंधित सामग्री वितरित की गई। आरओ एवं एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टी को चुनाव से संबधित जानकारी भी दी गई। वहीं एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल की अध्यक्षता में शिव कालेज में तिगावं ब्लाक के लिए पंचायत चुनावों के लिए पोलिगं पार्टियों को रवाना किया गया।

# सूटकेस में बंद मिला शव महानगर में फैली सनसनी



सूरजकुंड के जंगल में मिली सूटकेश में बंद लाश का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सूरजकुंड** रोड पर एमवीएन नाके से पाली की ओर जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास एक सूटकेस बृहस्पतिवार को लावारिस हालत में पड़ा हुआ था। जिसे देखकर वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति को संदेह हो गया। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी।

थोड़ी ही देर में डीसीपी एनआइटी नरेंद्र कादयान, एसीपी विष्णु प्रसाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 और डीएलएफ, थाना सूरजकुंड, अनखीर चौकी के साथ एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। सूटकेस खोलने पर पता चला का धड़ पड़ा हुआ था। मृतक का सिर और कमर के नीचे का हिस्सा गायब था। जिसके कारण यह पता नहीं चल पाय कि मृतक व्यक्ति महिला है या पुरूष। पुलिस ने शव बीके अस्पताल भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक दोपहर करीब दो बजे पुलिस कंट्रोल में किसी ने फोन कर सूचना दी कि एमवीएन नाके से पाली की जाने वाले रास्ते पर एक सूटकेस लावारिस हालत में पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस और अपराध शाखा की टीम ने मौके पर पहुंच कर सूटकेस को कब्जे में लेने के बाद खुलवाया। सूटकेस के खुलते हुए उसमें सड़ी गली हालत में एक व्यक्ति धड़ पड़ा हुआ था। शव का यह हिस्सा देखने में कई दिनों पुराना लग रहा था। पुलिस का अनुमान है कि मृतक व्यक्ति किसी अन्य जगह पर हत्या करने के बाद उसकी पहचान छिपाने के लिए यहां पर फेंका गया है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के जिलों की पुलिस से सम्पर्क किया जा रहा है। साथ ही पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# समाचार पत्र विक्रेताओं ने किया प्रसाद वितरण


बल्लभगढ़ सेक्टर तीन स्थित खाटू श्याम मंदिर में अमावस्या के अवसर पर लंगर प्रसाद वितरित करते समाचार पत्र विक्रेता।

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**अमावस्या** पर सेक्टर-3 खाटू श्याम मंदिर में शाम के समय मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सेक्टर 3 के गणमान्य लोग व आस-पास के अनेक श्याम भक्तों ने बाबा का गुणगान किया।

हारे के सहारे आजा मेरे शाम पुकारे आजा भजन पर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध गए। इस धार्मिक कार्यक्रम में समाचार पत्र विक्रेताओं इन्द्रराज, मोहित बोहरा, गौरव, मोहित रावत, रामपाल शर्मा, गोपाल अरोड़ा द्वारा मन्दिर ट्रस्ट के शिव प्रसाद शर्मा के सहयोग से सभी भक्तों के लिए सुंदर प्रशाद की व्यवस्था की।

समाचार विक्रेता इन्द्रराज ने बताया आगे भी कर्मयोगी भाई मिलकर समाजिक व धार्मिक आयोजनों में सेवा देते रहेंगे।

# ऑनलाइन होगा यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यूरोपीय** संघ फिल्म महोत्सव (ईयूएफएफ) नई दिल्ली में शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद पूरे भारत में एक बड़े स्थर पर ऑनलाइन होने के लिए अब तैयार है। इसमें 25 भाषाओं की 35 फिल्में जो कि पुरस्कार विजेता रही हैं आप कहीं भी देख सकते हैं, 15 नंवबर से 15 दिसंबर तक।

ईयूएफएफ के 27वें संस्करण का वर्चुअल अवतार दर्शकों के लिए 30 दिनों के चुनिंदा, उच्च गुणवत्ता वाले सिनेमा का एक बुटीक लेकर आएगा, जो उन्हें प्रसन्न करने के लिए तैयार किया गया है। यह तीन वर्गों में पुरस्कार विजेता फिल्में लाता है। वर्चुअल फिल्म फेस्टिवल सभी सिनेमा प्रेमियों और आम तौर पर नई संस्कृतियों और कहानियों की खोज करने में रुचि रखने वाले लोगों के लिए उन फिल्मों तक पहुंच पाने का एक शानदार अवसर है। जो आसानी से उपलब्ध नहीं हैं और कभी भी नाटकीय रिलीज नहीं हो सकती हैं।



यूरोपियन यूनियन फिल्म फेस्टिवल सिनेमा को पूरी तरह से नए लेंस के माध्यम से डिजाइन करता है-क्यूरेटर के लेंस जो कहानियों की दुनिया की खोज करते हैं। जो हमें आश्चर्यचकित करने की क्षमता रखते हैं और सिनेमा पर बिल्कुल नया दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल, यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के दूतावासों और क्षेत्रीय भागीदारों द्वारा आयोजित सभी के लिए निशुल्क उत्सव में भारत और 27 यूरोपीय संघ के सदस्य देशों- ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेकिया, डेनमार्क की फिल्में शामिल होंगी। एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन और स्वीडन। व्यक्तिगत कहानियों को उजागर करते हुए अभी तक सार्वभौमिक अनुभवों को दर्शाते हुए, ये फिल्में विंडो टू यूरोप की पेशकश करती हैं और सीमाओं को पार करने और साझा अनुभव बनाने के लिए सिनेमा की शक्ति का प्रदर्शन करती हैं। इसको लेकर एच.ई. भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत यूगो एस्टुटो ने कहा, मुझे भारत में बड़े दर्शकों के लिए यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव के आभासी संस्करण को लाने में बहुत खुशी हो रही है। यह फेस्टिवल दर्शकों को कॉमेडी, एक्शन, ड्रामा और एनिमेशन जैसी विभिन्न शैलियों के माध्यम से पूरे यूरोप और भारत की यात्रा पर ले जाएगा।

# तिगांव विस क्षेत्र प्रभारी की हुई संगठनात्मक नियुक्ति

**फरीदाबाद।** अटल कमल भाजपा जिला कार्यालय फरीदाबाद पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रकाश भाटी को तिगांव विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नियुक्त किया। गोपाल शर्मा ने उनकी नियुक्ति पर कहा कि प्रकाश भाटी काफी वर्षों से संगठन में सक्रिय हैं।

विभिन्न पदों पर पार्टी के कार्य का पदभार निभा चुके हैं और इनकी इस नियुक्ति से तिगांव विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। गोपाल शर्मा ने कहा कि तिगांव विधानसभा फरीदाबाद जिले की सबसे बड़ी विधानसभा है। विधानसभा प्रभारी तिगांव विधानसभा के सभी 4 मंडलों के संगठनात्मक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने और संगठन विस्तार के कार्यों को गति देने का कार्य जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ मिलकर करेंगे।

# 16 करोड़ रुपये से सुधरेगी खेड़ी पुल-वजीरपुर रोड की दशा

## पीडब्ल्यूडी ने एस्टीमेट बनाकर हरियाणा सरकार को भेजा

## सरकार की मंजूरी मिलने के बाद होगा अगला काम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**खेड़ी** पुल से पुराने वजीरपुर रोड की हालत बद से बदतर है। इस रोड की दशा सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 16 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बना कर सरकार को भेजा है। बजट को स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फिलहाल इस रोड के व्यापारियों और कॉलोनी के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, क्योंकि इस रोड पर गंदा पानी भरा हुआ है।

इस रोड पर नई पुलिस लाइन भी है और पुलिस लाइन के सामने जीवन नगर बसा हुआ है। जीवन नगर में पानी निकासी का इंतजाम नहीं है। हालांकि कई साल पहले रोड के दोनों ओर नालियां भी बनाई गई थी, लेकिन पानी निकासी का इंतजाम न होने के कारण पानी जमा होता रहता है और बारिश के समय में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती है। फिलहाल भी बाढ़ जैसी स्थिति है। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। पानी की वजह से बाइक व ऑटो खराब हो रहे हैं। करीब डेढ़ साल पहले जीवन नगर में पानी निकासी के लिए पाइप डाले गए थे। लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। इससे जीवन नगर की गलियों में जमा पानी रोड पर भी आकर खड़ा होता है। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों को दुर्गंध में रहना दुश्वार हो गया है। मच्छरों का प्रकोप है। दुकानदार अपनी दुकानों को बदबू के कारण बंद कर देते हैं। कई बार समाजसेवी बालकिशन वशिष्ठ ने इस मुद्दे को उठाया और बुधवार को भी एक कार्यक्रम में उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को इस समस्या के बारे में अवगत कराया। हालांकि पीडब्ल्यूडी पहले ही इसका बजट बनाकर भेज चुका है। खेड़ी पुल से करीब साढ़े सात किलोमीटर लंबी सीमेंटेड रोड बनाई जाएगी।



# क्रोफार्म संचालित एग्री-टेक स्टार्टअप ओटीपी में नियुक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## सीईओ कुणाल पाटिल ने कहा,'हम क्रोफार्म संचालित ओटीपी में कार्य बल की नियुक्ति में सहयोग के लिए हुई इस साझेदारी से बहुत खुश हैं

**देश** के सबसे बड़े ब्लू और ग्रे कॉलर जॉब पोर्टल वर्क इंडिया ने क्रोफार्म संचालित अग्रणी एग्री-टेक स्टार्टअप ओटीपी के साथ साझेदारी की है। इसके तहत फील्ड सेल्स और कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट्स विभागों में नियुक्ति में वर्क इंडिया सहयोग कर रही है। आठ महीने में 180 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति वर्क इंडिया के माध्यम से हुई है और आगे भी जरूरत के हिसाब से नियुक्तियां की जा रही हैं।

इस साझेदारी के तहत वर्कइंडिया ने क्रोफार्म संचालित ओटीपी को दक्ष, प्रभावी एवं जरूरत के अनुरूप कुशल कार्यबल प्रदान किया है। कृषि क्षेत्र में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी ने जहां एक ओर कार्यबल की मांग को कम किया है, तो दूसरी ओर युवाओं के लिए अलग तरह के रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। वर्क इंडिया नौकरी छोड़ने की दर को नियंत्रित करते हुए जरूरत एवं उपलब्ध संसाधनों के बीच अंतर को पाटने का काम कर रही है। इस संबंध में वर्कइंडिया के संस्थापक एवं सीईओ कुणाल पाटिल ने कहा, 'हम क्रोफार्म संचालित ओटीपी में कार्यबल की नियुक्ति में सहयोग के लिए हुई इस साझेदारी से बहुत खुश हैं। वर्कइंडिया में हमारा प्रयास लगातार देशभर में ब्लू एवं ग्रे कॉलर कार्यबल को बेहतर अवसर देना रहा है। हमें खुशी है कि यह पहल केवल इन कामगारों को ही नहीं मदद कर रही है, बल्कि किसानों एवं उनके कारोबार को भी इससे मदद मिली रही है।' इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए ओटीपी के संस्थापक एवं सीईओ वरुण खुराना ने कहा, 'अपने उपभोक्ताओं को ताजा कृषि उत्पाद देने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें ऐसा कार्यबल चाहिए। जो दक्ष, भरोसेमंद और प्रभावशाली हो। वर्कइंडिया इस जरूरत को पूरा करने में सक्षम है और हम आगे भी इस गठजोड़ को बनाए रखना चाहेंगे।'

टेली-कॉलिंग, फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिलीवरी पार्टनर्स आदि समेत 50 श्रेणियों में रोजगार के अवसर मुहैया कराने के मामले में अपने व्यापक अनुभव के साथ वर्कइंडिया ओटीपी जैसे स्टार्टअप्स को सही कार्यबल के चुनाव में मदद करती है। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से ऑटोमेटेड सिस्टम पर काम करता है, जिसमें एल्गोरिदम एवं जियो-टैगिंग के आधार पर योग्य व्यक्ति को चुना जाता है। यह जगह के आधार पर डाटा को मैच करता है, योग्यता का आकलन करता है और उनके व्यवहार को भी समझने का प्रयास करता है। इससे फर्जी जॉब पोस्टिंग पर लगाम लगाने में मदद मिलती है और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## पुण्यतिथि पर 52 लोगों ने किया रक्तदान



**फरीदाबाद।** स्वर्गीय रुचि जुनेजा मक्कड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 रक्त वीरों ने रक्तदान कर अपनी आहुति दी। इस अवसर पर नरेश जुनेजा पिता ने अपनी बच्ची की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज के लोगों को बढ़-चढ़कर पुण्य कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने भंडारे का तथा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रशांत गुप्ता ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो 18 साल की उम्र से ज्यादा हो, 45 किलो से वजन ज्यादा हो और कोई दवाई गोली नहीं ले रहा हो। वह हर 3 महीने बाद रक्तदान कर सकता है। उन्होंने जुनेजा की इस पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर परिवार के लोग विद्या जुनेजा, राजरानी सेतिया, पुनीत ग्रोवर, ज्योति ग्रोवर और अपना ब्लड बैंक की तरफ से रेनू, संतराम, हजारीलाल पाठक, प्रवीण व देवराज मौजूद रहे। इस अवसर कालरा कॉलोनी के रक्त दाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## रविंद्र फागना ने छह विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी ग्राउंड गुरुग्राम के मैदान में प्रैक्टिस मैच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम को 6 विकेट से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी टीम बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 296 रन बनाए और टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सचिन गूर्ज्जर ने शानदार नाबाद पारी खेली। उन्होंने 138 रन, 90 गेंद में 11 चोंके और 8 छक्कों की मदद से बनाए। विवान राठी ने 36 रन, रोहित शयोकंड ने 35 रन, तनु सोनी ने 34 रन बनाए। वहीं रविंद्र क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए करन डेढ़ ने 21 रन 2 विकेट लीं। निशांत यादव ओर रोहित कराहना ने 2-2 विकेट ली व नमन शर्मा ओर आदित्य तोमर ने 1-1 विकेट लीं। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंदर फागना क्रिकेट अकैडमी ने 36 ओवर में 297 रन 4 विकेट खो कर मैच जीत। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए हितेश सोरौत की शानदार शतकीय पारी ख़ाली 125 रन 101 गेंदों पर 14 चोंके 5 छक्कों की मदद से बनाए। करन डेढ़ ने 70 रन 51 गेंदों पर 2 चोंके 5 छक्कों , प्रिन्स लोहिया ने 39 रन बनाए। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए आदित्य व के डी ओर सचिन गुज्जर ने 1-1 विकेट ली। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम को 6 विकेट से हराया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हितेश सोरौत को दिया गया।

## लापता बच्चों को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी संजय कॉलोनी प्रभारी कृष्ण गोपाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो गुमशुदा नाबालिक बच्चों के परिजनों को तलाश कर उनके हवाले कर दिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा बच्चे संजय कॉलोनी के एरिया से लावारिस अवस्थाम घूमते हुए शाम करीब 5 बजे बरामद हुए। बच्चों से पूछताछ की गई तो दोनों बच्चे एक ही परिवार के थे। जिसमें एक 9 वर्ष तथा एक 6 वर्ष का था। बच्चे घर से भटक गए थे। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चों की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। पुलिस के द्वारा बनाए गए सोशल मीडिया ग्रुप और समाज के आम लोगों के साथ पुलिस के बनाए गए आरडब्लू ग्रुप पहचान के लिए बच्चों का फोटो डाली गई। बच्चों के साथ पीसीआर की मदद् से पुलिस चौकी एरिया में अलाउंसमेंट की गई, लेकिन बच्चों के परिजनों का कोई पता नहीं लगा। अंत मे पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों का पर्वतीय कॉलोनी का पता चला। बच्चों के परिजनों से सम्पर्क किया गया। बच्चों की माता से बात हुई उसने बताया कि उसका पति गुरुग्राम में रहता है वह कम्पनी में काम करती है।

## चौथे दिन चारु मल्होत्रा ने दिया मुख्य वक्तव्य

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में चल रही राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम-समग्र कल्याण प्रबंधन के चौथे दिन आन्ट्रप्रनरीअल एंड वोकेशनल वैलनेस पर एक ज्ञानवर्धक वक्तव्य आयोजित किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश में समग्र विकास और कल्याण प्रबंधन पर राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के द्वारा समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर इस सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ 21 नवंबर को किया गया। सत्र की मुख्य वक्ता चारु मल्होत्रा (कॉरपोरेट स्पीकर, एलुमना (आईआईटी दिल्ली) ने एंट्रप्रनरीअल एंड वोकेशनल वैलनेस के विषय में प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता एवम् व्यावसायिकता में कल्याण का उद्देश्य कार्यस्थल पर कर्मचारी व उद्यमी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, संतुष्टि और सामाजिक खुशहाली और जीवंत वातावरण महसूस कराना है। उद्यमिता तथा व्यावसायिक कल्याण मानव कार्य, कार्यस्थल एवं कार्य वातावरण से संबंधित है। अपने कार्य, कैरियर, जॉब और कार्य वातावरण से खुश होना बहुत आवश्यक है। अंत में प्रतिभागियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, सभी जिज्ञासाओं का मुख्य वक्ता चारु मल्होत्रा ने समाधान किया। व्याख्यान धन्यवाद ज्ञापन से समाप्त हुआ। कार्यक्रम में कुल लगभग 150 प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज शुक्ला, समन्वयक डॉ शिल्पा गोयल, डॉ इनायत चौधरी की देखरेख में आयोजित किया गया और तकनीकी समन्वयक डा विनीत नागपाल का भी विशेष सहयोग रहा।

## जेसी बोस और पंजाब विश्वविद्यालय के बीच समझौता



**फरीदाबाद।** इंजीनियरिंग, विज्ञान तथा अन्य संबद्ध उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास, नवाचार तथा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय से डीन इंस्टीट्यूशन्स प्रो. संदीप ग्रोवर, निदेशक (आर एंड डी) प्रो. नरेश चैहान, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डॉ. केएस आर्य सहित विभिन्न शिक्षण विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. तोमर ने अकादमिक समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौता से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों को पंजाब विश्वविद्यालय की सहभागिता में शोध परियोजनाओं पर काम करने के लिए अवसर मिलेगा। जिससे दोनों विश्वविद्यालयों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की अकादमिक सहभागिता के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है ताकि शोधकर्ताओं के लिए उभरते क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. राज कुमार ने उद्योग एवं अकादमिक संपर्क को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# इलेक्ट्रोपैथी को जल्द ही मान्यता देगी हरियाणा सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कादीपुर** स्थित पूर्वांचल भवन में हरियाणा इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल द्वारा विधायक सुधीर सिंगला का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। काउंसिल के डाक्टरों ने इलेक्ट्रोपैथी के हक में हरियाणा विधानसभा में आवाज उठाने पर विधायक का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस अवसर पर इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल के तत्वावधान में इस पद्धति पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया है। यह पुस्तक सभी के विचारों और इलैक्ट्रोपैथी के लाभों का प्रचार-प्रसार करेगी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हर नई तकनीक को अपनाने में समय लगता है। समय के साथ पद्धति के फायदे मिलने पर वह पद्धति सभी को प्रिय हो जाती है।

### हरियाणा इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह में कही यह बात

### विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने पर काउंसिल ने किया धन्यवाद

इलैक्ट्रोपैथी भी धीरे-धीरे मान्य हो रही है। राजस्थान सरकार ने साल 2018 में इसको मान्यता दी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा में इलैक्ट्रोपैथी की मान्यता के लिए उन्होंने हरियाणा विधानसभा में इस विषय को उठाया था। उन्हें विश्वास है कि जल्द ही इस पद्धति को भी हरियाणा सरकार द्वारा भी इसको मान्यता दे दी जायेगी।

विधायक ने कहा कि एक डाक्टर का कर्तव्य सदैव सभी की सेवा करना होता है। सेवाभाव से किया गया हर कार्य में सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने चिकित्सकों का आह्वान किया कि आप सब भी सदैव अपने हुनर को जनसेवा में लगाएं। लोगों की सेवा करते रहें। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह पद्धति एक दिन विश्व भर में नाम रोशन करेगी। भारत में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को लोग पहचानने लगे हैं, क्योंकि इससे शुगर, हार्ट समस्या, कैंसर, काला पीलिया, डेंगू, एड्स जैसी खतरनाक बीमारियों का इलाज संभव है। कोरोना काल में इम्युनिटी बढ़ाने में इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाइयों का विशेष योगदान रहा है। इलेक्ट्रोपैथी में दवाओं का निर्माण नॉन पॉइजन वनस्पति से किया जाता है, करीब 114 पौधों से इसकी दवा बनती है।



कादीपुर स्थित पूर्वांचल भवन में विधायक सुधीर सिंगला का अभिनंदन करते हरियाणा इलेक्ट्रोपैथी काउंसिल के सदस्य।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, गुरुग्राम के पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, मनोज गर्ग, अशोक सैन, इलेक्ट्रोपैथी प्रेक्टिशनर काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. ललित गोला, डॉक्टर मुनीपाल सिकरीवाल, डॉक्टर संजय आर्य, डॉ. रमेश वर्मा, डॉक्टर आरके पुंडीर, डा. राकेश कुमार, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. रवि राजपूत, एडवोकेट रोहित मदान, डॉ. पुष्पा, डॉ. गौतम तंवर, डॉक्टर भारत भूषण तथा टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा

### नोबल इंकलेव में निगम टीमों ने 6 भवनों को तोड़ने के साथ ही दो अन्य भवन सील किए

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आयुध** डिपो के प्रतिबंधित दायरे में स्थित अवैध निर्माणों पर नगर निगम गुरूग्राम द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत अवैध निर्माणों को तोड़ने एवं सील करने की प्रक्रिया जारी है।

गुरुवार को कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत के नेतृत्व में नगर निगम गुरुग्राम की टीम जेसीबी एवं पुलिस बल के साथ नोबल इनकलेव में पहुंची। वहां पर टीम द्वारा छह निर्माणाधीन भवनों को



गुरुग्राम के नोबल इनकलेव में अवैध रूप से बनाए जा रहे भवन गिराती निगम की जेसीबी।

तोड़ने के साथ ही दो अन्य भवनों को सील करने की भी कार्रवाई की। पूरी कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुरजी का बलिदान दिवस मनाया

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद् (लाल बहादुर शास्त्री शाखा) के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी, अध्यक्ष राजीव छाबड़ा और कोषाध्यक्ष रमेश नरूला द्वारा हिन्द की चादर कहे जाने वाले गुरू तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सक्षम बाल विकास संस्थान (गैर सरकारी संगठन) द्वारा संचालित विद्यालय में आयोजित किया गया।

जिसमें बोधराज सीकरी ने और दिल्ली से आए हरविंदर सिंह लाम्बा (गुरू तेग बहादुर एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट) ने गुरू तेग बहादुर जी के बारे में विद्यालय के सभी छात्रों को विस्तार से उनकी कुर्बानी का इतिहास बताया। संस्कार की प्रेरणा दी। अजय भार्गव ने भी गुरू तेग बहादुर सिंह और



गुरु गोबिंद सिंह का गीत गाकर कार्यक्रम को सुंदर बनाया। इसके बाद गुरु का लंगर भी सभी बच्चों को वितरित किया। जिसमें सुरेश सीकरी, सोनिया सचदेवा, सीमा चावला, वीनू छाबड़ा, प्रीति भाटिया, सोनिया चावला, आशिमा भार्गव, कमल आहलुवालिया, सुभाष सचदेवा, नवीन शर्मा, दीपक भाटिया, ओम धमीजा, विजय चावला, रोहित, श्रवण का विशेष योगदान रहा। सब बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स उपहार रूप में एवं गुरू जी की जीवनी पर पुस्तकें भी वितरित की गई।

# ईवी देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी : अमित दास

### एसजीटी विवि व इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ करार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**एसजीटी** विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन के उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए और इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया गया।

इस अवसर पर विवि के प्रबंध न्यासी मनमोहन सिंह चावला, कुलपति प्रो. (डॉ.) ओपी कालरा, प्रो. चांसलर प्रो. राकेश शर्मा,



गुरुग्राम स्थित एसजीटी विवि व इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ करार के दौरान पेपरों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

निदेशक आउटरीच डॉ. रजनीश वाधवा, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, प्रोफेसर (डॉ.) साहिल वर्मा, अन्य संकायों के डीन, विभागों के प्रमुख और एसजीटी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी भव्य लॉन्च के लिए उपस्थित थे।

इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट के संस्थापक और सीईओ अमित दास के अनुसार देश के प्रमुख ईवी निर्माता वर्तमान में युवा, प्रतिभाशाली और रचनात्मक श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उन युवा पेशेवरों के लिए एक उत्कृष्ट प्रारंभिक बिंदु के रूप में काम करेगा, जो ईवी क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी प्राइवेट के साथ साझेदारी में स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन उत्कृष्टता केंद्र (सीआई) लिमिटेड का उद्देश्य एक परिवर्तित ईवी वातावरण में छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए शिक्षित करना, संलग्न करना और उन्नत करना है।

ईवी देश के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। यह उत्कृष्टता केंद्र इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी के सहयोग से मौजूदा पाठ्यक्रम में नए मॉड्यूल शामिल करने में मदद करेगा। इस प्रयास के साथ एसजीटी विश्वविद्यालय निस्संदेह व्यापक अवसरों की तलाश कर रहा है।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का सर्टिफिकेशन और पाठ्यक्रम आधारित अनुभव कार्यक्रम इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से बढ़ते फ्यूचरिस्टिक इंडस्ट्री सेगमेंट के लिए छात्रों की महत्वपूर्ण कौशल जरूरतों को पूरा करेगा। आने वाले वर्षों में यह उत्कृष्ट पेशेवर और शैक्षणिक संभावनाएं पेश करेगा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यक्रम भारत के ईवी विजन का समर्थन करेगा।

प्रशिक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र का जोर होगा। केंद्र के नियोजित कार्यक्रम छात्रों को शानदार करियर और आगे की शिक्षा के अवसरों के अलावा प्रमाणन, पाठ्यक्रम-आधारित क्रेडिट, लाइव प्रोजेक्ट, स्टार्ट-अप अवसर और फंडिंग सहित संभावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेंगे। एसजीटी विश्वविद्यालय छात्रों में तकनीकी मानसिकता विकसित करने और पीढ़ियों में वैज्ञानिक सोच का निर्माण करने के लिए ज्ञान प्रदान करने में विश्वास रखता है।

# दो युवकों ने दुकानदार को पीटा

**सोहना।** सोहना सदर थाना के गांव जखोपुर में दो युवकों ने मिलकर दुकानदार की लात घूसों से जमकर पिटाई की। पीड़ित ने बिना किसी कारण के मारपीट करने का आरोप लगाया है। जखोपुर निवासी बलराम ने पुलिस को बताया कि उसने मोबाइल की दुकान की हुई है।

मंगलवार की शाम को जखोपुर निवासी चंकित अपने साथ अन्य युवक को लेकर आया था। दोनों ने मिलकर उसको पिटना शुरू कर दिया। उसे मुंहए सिरए आंख और नाक पर चोट-चोट मारते हुए बेहोश कर दिया। जबकि चंकित या उसके साथ आए युवक से उसको कोई लड़ाई नहीं थी। उसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

# सोहना में युवा समारोह को लेकर जबरदस्त तैयारियां हुईं शुरू

### कॉलेज के विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**स्थानीय** निरंकारी कॉलेज में युवा समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। ये समारोह तीन दिनों तक चलेगा। जो 2 दिसम्बर से शुरू होकर 4 दिसम्बर को समाप्त होगा। इस समारोह को सफल बनाने के लिए समिति सदस्यगण जोर-शोर से जुटे हैं। वहीं कॉलेज के विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिन्होंने रिहर्सल करना शुरू कर दिया है।

स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज इस साल युवा समारोह की मेजबानी करेगा। ये समारोह नूह मार्ग पर स्थित कॉलेज परिसर में होगा। 2 दिसम्बर से शुरू होकर 4 दिसम्बर तक चलेगा। समारोह गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें करीब 30 कॉलेज हिस्सा लेंगे। वहीं कॉलेज विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिन्होंने रिहर्सल करना शुरू कर दिया है।



सोहना के निरंकारी कॉलेज में विद्यार्थी युवा समारोह को लेकर तैयारी करतीं छात्राएं।

### युवा समारोह के लिए 'समितियां गठित'

**कॉलेज** प्रशासन ने युवा समारोह को सफल बनाने के लिए करीब एक दर्जन समितियां गठित कर दी हैं। जिनमें कॉलेज में तैनात स्टाफ को जिम्मेदारी सौंप दी है। ऐसी समितियों में स्टेज संचालन समिति, अनुशासन समिति, भोजन व्यवस्था समिति आदि शामिल हैं। जो सभी प्रकार की व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगी।

### 'युवा समारोह में होंगी 40 प्रतियोगिताएं'

**युवा** समारोह में करीब 40 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनमें विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। ऐसी प्रतियोगितयों में समूह गान, समूह नृत्य, जनरल डांस, कव्वाली, भजन, कविता पाठ, शास्त्रीय संगीत, मोनो एक्टिंग, नाटक आदि शामिल हैं।

### 'समारोह के बारे में ऐसा कहते हैं इंचार्ज'

**युवा** समारोह कार्यक्रम के इंचार्ज डॉक्टर डीपी सिंह बताते हैं कि समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारियां जारी हैं। कॉलेज के विद्यार्थी सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। जिन्होंने रिहर्सल करना शुरू कर दिया है। विजेता प्रतियोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# एसई व मैम्बर जाजोरिया ने लिया एक गांव गोद

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम गुरुग्राम में तैनात अधीक्षण अभियंता यानी कि एसई व मैम्बर टेक्निकल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम सदस्य इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया को सरकार के आदेश पर अमल करते हुए खण्ड का गांव करन की खेड़ली को गोद लिया है। जिसमें इंजीनियर राजकुमार गांव की देखरेख करेंगे। वे विकास कार्यों का जायजा लेंगे। गांव में इंजीनियर संरक्षक के तौर पर कार्य करेंगे।

हरियाणा सरकार ने गांवों के विकास के लिए नई पहल शुरू की है। जिसके तहत प्रथम श्रेणी अधिकारी को एक गांव गोद देकर विकास कराने का जिम्मा सौंपा जाएगा। ये अधिकारीगण ऐसे गांवों में संरक्षक की भूमिका निभाएंगे। ताकि ग्रामीणों को खुशहाल, जागरूक व सुदृढ बनाया जा सके। वहीं इस योजना पर अमल करते हुए सरकार ने सोहना निवासी व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में तैनात अधीक्षक अभियंता इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया को सोहना खण्ड के गांव करन की खेड़ली को गोद देकर संरक्षक की जिम्मेदारी दी है। नवनियुक्त संरक्षक इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया 29 नवंबर को



राजकुमार जाजौरिया।

गांव में पहुंचकर विकास कार्यों की जानकारी हासिल करेंगे। उनके साथ पंचायत विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इंजीनियर राजकुमार जाजैरिया ने बताया कि उनकी जिम्मेदारी गांव के विकास को गति देने व ग्रामीणों को जागरूक करना होगा। इसके अलावा सरकार की नीतियों की जानकारी देकर ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाना होगा।

**'शहरवासियों में खुशी'** : राजकुमार जाजौरिया सोहना के मूल निवासी हैं। जिनके द्वारा खंड का गांव गोद लेने से शहरवासियों में खुशी मनाते हुए बधाई दी है। कस्बे के प्रबुद्ध व्यापार मंडल के प्रधान अशोक गर्ग, पार्षद हरीश नंदा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, पूर्व पार्षद नागेश मुखी, कपड़ा यूनियन प्रधान प्रदीप सिंगला टोनी, सर्राफा यूनियन पूर्व प्रधान अशोक वर्मा, पार्षद राजकुमार गोयल एडवोकेट, अनुराग जिंदल एडवोकेट आदि ने इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया की नियुक्ति पर बधाई दी है।

# ताराग्राम यात्रा-2022 के निष्कर्ष के साथ आयोजित हुआ सार संगम

### यात्रियों के अनुभवों से समावेशी एवं सभी के अनुकूल भविष्य निर्माण के प्रयासों पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरूग्राम

**दिल्ली** में स्थापित कंपनी डेवलपमेंट एल्टरनेटिव्स ग्रुप ने ताराग्राम यात्रा 2022 के समापन के मौके पर 'सार संगम- प्रयास के माध्यम से नीतिगत समाधान की तलाश' का आयोजन किया। इस यात्रा के तहत यात्रियों के तीन समूहों ने उत्तर के शहर, कस्बों और क्षेत्रों का भ्रमण किया। यात्रा की थीम 'को-क्रिएटिंग ग्रीन एंड इनक्लूसिव इकोनॉमीज' रखी गई थी।

ग्लोबल थिंक टैंक और अग्रणी सोशल एंटरप्राइज डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स (डीए) का लक्ष्य हाशिए पर जी रहे लोगों के लिए बेहतर समाधान एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना है। जिससे उनका जीवन बेहतर हो और उनके श्रम का सम्मान हो। इस दिशा में विभिन्न छोटे उद्यमों को साथ लाते हुए डीए काम कर रहा है। साथ ही इस मसले पर विमर्श को बढ़ावा दे रहा है। सार संगम इसी दिशा में डीए का



एक प्रयास है। आगरा, मीरजापुर और बुंदेलखंड की यात्रा से लौटे यात्रियों के तीन समूह सार संगम के मौके पर राजधानी दिल्ली में एकत्र हुए। इस ताराग्राम यात्रा 2022 से मिली सीख एक व्यापक चर्चा का आधार बनी है।

सार संगम के दौरान अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिससे इस संबंध में बेहतर समझ स्थापित की जा सके और इन सीखों का लाभ लिया जा सके। सार संगम के दौरान 'संसाधन दक्षता एवं सर्कुलर इकोनॉमी', 'आजीविका सुरक्षा एवं समावेशी उद्यमिता' और 'क्लाइमेट रेजिलियंस एंड इकोसिस्टम रीस्टोरेशन' विषयों पर तीन सत्रों का आयोजन किया गया। इसके बाद 'को-क्रिएटिंग ग्रीन एंड इनक्लूसिव इकोनॉमीज' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें हर यात्रा के अनुभव को समाहित किया गया। इस चर्चा को प्रोसिडिंग रिपोर्ट के रूप में लिपिबद्ध किया जाएगा, जिसे नीति निर्माताओं के साथ साझा किया जाएगा। ताराग्राम यात्रा 2022 और इस परिचर्चा पर अपने विचार साझा करते हुए डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ग्रुप के सीईओ श्रृष्टांत पातरा ने कहा, 'किसी सकारात्मक बदलाव की शुरुआत जमीनी स्तर से ही होती है। ताराग्राम यात्रा 2022 के पीछे हमारा विचार यही है। हम चाहते थे कि आम लोग न केवल रोज की चुनौतियों को जानें, बल्कि यह देखें कि स्थानीय लोगों को उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए किन कदमों की आवश्यकता है। सार संगम में हुई चर्चा से मुझे यह आशा मिली है कि हम यात्रियों से मिले अनुभवों को नीति के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में काम कर सकते हैं। इससे विकास का नया मॉडल तैयार हो सकेगा।' डेवलपमेंट अटरनेटिव्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक खोसला ने कहा, 'ताराग्राम यात्रा से हमें जो मिला है, इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं हो सकती है।

# कॉइनस्विच प्रो सिंगल लॉगिन के साथ मल्टी-एक्सचेंज ट्रेडिंग के लिए पहला रुपया संचालित क्रिप्टो प्लेटफॉर्म बन गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े क्रिप्टो-निवेश एप, कॉइनस्विच ने आज कॉइनस्विच प्रो को लॉन्च करने की घोषणा की जो एक मल्टी एक्सचेंज ट्रेडिंग प्लेटफार्म है । अपनी तरह का पहला केवाईसी-नियमों का पालन करने वाला प्लेटफॉर्म यूजर्स को सिंगल लॉगिन के साथ कई एक्सचेंजों पर भारतीय रुपये में क्रिप्टो की ट्रेडिंग करने की अनुमति देगा। कॉइनस्विच कुबेर के साथ, कॉइनस्विच ने 18 मिलियन रिटेल यूजर्स के बीच क्रिप्टो निवेश और जागरूकता में क्रांति लाते हुए इसका लोकतंत्रीकरण किया है, जिससे यह लॉन्च के दो वर्षों के भीतर भारत में सबसे बड़ा क्रिप्टो प्लेटफॉर्म बनने में सफल रहा है। कॉइनस्विच प्रो (https://coinswitch.co/pro/trade)के साथ, कॉइनस्विच ने ट्रेडर्स के लिए संपूर्ण ट्रेडिंग अनुभव की दोबारा कल्पना की है। ट्रेडर्स निम्न सुविधाओं के साथ विभिन्न एक्सचेंजों पर ट्रेड कर सकते हैं। सिंगल यानी एक ही लॉगिन, आर्बिट्रेज के अवसरों की खोज, तुलना, और उसका लाभ



उठाना, और एकीकृत पोर्टफोलियो में निवेश प्रबंधित करें।

कॉइनस्विच के को-फाउंडर और सीईओ आशीष सिंघल ने कहा, कॉइनस्विच प्रो भारतीयों को केवाईसी-अनुपालन प्लेटफॉर्म पर क्रिप्टो की खरीद-बिक्री करने में मदद करेगा, जैसा कि पहले कभी नहीं देखा गया। हमारा मानना है कि क्रिप्टो ट्रेडर्स वर्तमान में भारत में उत्पादों से वंचित हैं। कॉइनस्विच प्रो के साथ, हम ट्रेडिंग अनुभव को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं, जिसमें ट्रेडर्स को एक साथ कई एक्सचेंजों में क्रिप्टो के कीमतों के उतार-चढ़ाव के बारे में पता लगाने और लाभ उठाने में मदद मिलेगी और साथ ही मुनाफा कमाने के नए अवसर भी बनेंगे।'' बचपन के दोस्त आशीष सिंघल, विमल सागर तिवारी और गोविंद सोनी द्वारा स्थापित, कॉइनस्विच ने सितंबर 2021 में कॉइनबेस वेंचर्स और आंद्रेसेन होरोविट्ज (165) से सीरीज सी फंडिंग में 260 मिलियन डॉलर जुटाए और 1.9 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर एक क्रिप्टो यूनिकॉर्न बनने में सफल रहा। कंपनी के पास टाइगर ग्लोबल, सिकोइया कैपिटल इंडिया, रिबिट कैपिटल और पैराडाइम जैसे ब्लू-चिप निवेशक शामिल हैं। कॉइनस्विच मार्च 2023 के अंत तक अपनी पहली नॉन-क्रिप्टो पेशकश को लॉन्च करने के लिए भी तैयार है, जोकि सभी के लिए समान धन कमाने (मेक मनी इक्वल फॉर ऑल) के अभियान का हिस्सा है।

# धर्मज क्रॉप गार्ड का आईपीओ जल्द ही बाजार में होगा उपलब्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड का एक अनुसंधान और विकास केंद्र भी है

**2015** में स्थापित, धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड एक कृषि-रासायनिक कंपनी है। कंपनी BwB (व्यवसाय से ग्राहक) और BwB (व्यवसाय से व्यवसाय) ग्राहकों के लिए कीटनाशकों, फफूंदनाशकों, तृणनाशक, पौधों के विकास नियामकों, सूक्ष्म उर्वरकों और एंटीबायोटिक जैसे कृषि-रासायनिक योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण, वितरण और विपणन के व्यवसाय से जुडी हुई है।

कंपनी किसानों को उत्पादकता और लाभप्रदता को अधिकतम करने में सहायता करने के लिए फसल सुरक्षा समाधान भी प्रदान करती है। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड लैटिन अमेरिका, पूर्वी अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व और सुदूर पूर्व एशिया के 25 से अधिक देशों में उत्पादों का निर्यात करता है।

जुलाई 2022 तक, धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के पास 219 से अधिक संस्थागत उत्पाद थे जिन्हें उन्होंने भारत और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में स्थित 600 से अधिक ग्राहकों को बेचा। जुलाई 2022 तक, कंपनी ने 25 देशों में 60 से अधिक ग्राहकों को अपने उत्पादों का निर्यात किया। कंपनी की विनिर्माण सुविधा अहमदाबाद, गुजरात, भारत में स्थित है। निर्माण सुविधा में धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड का एक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्र भी है। कंपनी के ब्रांडेड उत्पाद 17 राज्यों में एक नेटवर्क के माध्यम से बेचे जाते हैं, जिसमें 4,200 से अधिक डीलर शामिल हैं, जिनकी जुलाई 2022 तक भारत में 16 स्टॉक डिपो तक पहुंच है। वित्तीय वर्ष 2020 और 2021 और जुलाई, 2022 में समाप्त वर्ष के लिए परिचालन से आय क्रमशः 1,982.22 मिलियन रुपये 3,024.10 मिलियन रुपये और 6,962.88 मिलियन रुपये था।

# बजाज फाइनैंस ने पंजाब के मोहाली से देश भर के लोगों को फाइनैंशियल एजुकेशन देने और धोखाधड़ी के बारे में जागरूक बनाने के लिए कार्यक्रम-2022 की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे

**भारत** की सबसे बड़ी एवं सबसे अधिक विविधतापूर्ण NBFC, और बजाज फिनसर्व समूह की लोन से संबंधित कारोबार का संचालन करने वाली कंपनी है, बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फाइनैंशियल एजुकेशन, बैंकों तथा NBFCs में शिकायतों को दूर करने की व्यवस्था के साथ-साथ RBI की एकीकृत लोकपाल योजना (इंटीग्रेटेड ओंबड्समैन स्कीम) के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पंजाब के मोहाली में स्थित रयात-बाहरा यूनिवर्सिटी में एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

RBI ने पूरे देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने की मुहिम चलाई है, और उसी अभियान के एक हिस्से के रूप में इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पूरे महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब के अलग-अलग स्कूलों एवं कॉलेजों, मैन्युफैक्चरिंग प्लांट तथा ऑटो यूनियन के कैंपस में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई है। मोहाली में आयोजित इस वर्कशॉप की अध्यक्षता RBI लोकपाल, चंडीगढ़,



तथा साइबर क्राइम, मोहाली के वरिष्ठ अधिकारियों और लुधियाना के रिटायर्ड स्क्व के साथ-साथ बजाज फाइनैंस की रिस्क कंटेनमेंट यूनिट और ऑपरेशन टीमों के अन्य सदस्यों ने की। बजाज फाइनैंस ने इस वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी लोगों और आम जनता को फाइनैंस के संबंध में अच्छी आदतों को अपनाने तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के लिए नीचे दिए गए सुझावों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए कुछ सुझाव इस तरह हैं।

**क्या करें :** सेवाओं से संबंधित किसी भी समस्या/सवाल के लिए, बजाज फाइनैंस के ग्राहकों को सीधे कंपनी की वेबसाइट www.bajajfinserv.in/reach-us पर जाना चाहिए। मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें, साथ ही ऑनलाइन बैंकिंग क्रेडेंशियल्स, ATM-PIN, UPI-PIN और वॉलेट पासवर्ड समय-समय पर ज़रूर बदलें, केवल भरोसेमंद कंपनियों के एंटीवायरस सॉफ्टवेयर ही इंस्टॉल करें, साथ ही यह सलाह भी दी जाती है कि अपने डिवाइस के सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखें, लोन चुकाने के लिए सिर्फ अधिकृत पेमेंट मोड का इस्तेमाल करें और भुगतान करने के बाद पावती रसीद लेना कभी न भूलें। समय पर अलर्ट और नोटिफिकेशन पाने के लिए, फाइनैंस कंपनी या किसी दूसरे सर्विस प्रोवाइडर के पास रजिस्टर्ड कांटेक्ट डिटेल्स को हमेशा अपडेट रखें

**क्या नहीं करें:** इंटरनेट पर कभी भी बजाज फाइनैंस कस्टमर केयर नंबर के बारे में सर्च करने की कोशिश नहीं करें, क्योंकि यह आपको नकली हेल्पलाइन नंबरों और वेबसाइटों तक ले जा सकता है।

# मतगणना कर्मचारियों की रिहर्सल हुई काउंटिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**जिला पंचायत और पंचायत समिति मेंबर की मतगणना होगी 27 नवंबर को**

**पहले जिप सदस्यों व उसके बाद होगी पंचायत समिति सदस्यों की होगी मतगणना**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिला** निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में रविवार, 27 नवंबर को होने वाली जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना को लेकर गुरुवार को संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को संबधित रिटर्निंग अधिकारियों की देखरेख में प्रशिक्षण दिया गया। सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने बताया कि मतगणना संबंधित केंद्रों पर आयोजित



जिला परिषद व पंचायत समिति की रिहर्सल में मतगणना के लिए नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीईओ प्रदीप अहलावत।

की गई। मतगणना स्थल पर भीड़ एकत्रित न हो इसके लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला परिषद नूंह के सभी 25 वार्डों की मतगणना रविवार, 27 नवंबर को प्रातः 8 बजे नूंह स्थित यासीन मेव डिग्री कालेज, आईटीआई पुन्हाना, आईटीआई पिनगवां, जैन कन्या महाविद्यालय फिरोजपुर-झिरका, मॉडल संस्कृति स्कूल तावडू व ब्लॉक नगीना की मतगणना बीआईईटीएस नगीना में स्थापित मतगणना केंद्रों पर होगी। उन्होंने बताया कि पहले जिला परिषद सदस्यों तथा इसके बाद पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना करवाई जाएगी।

**कोई भी एजेंट बिना पास मतगणना हाल में न कर सके प्रवेश : डीडीपीओ** : डीडीपीओ नवनीत कौर ने बताया कि सभी रिटर्निंग अधिकारी मतगणना के लिए मतगणना हाल तैयार करवाने, बैरिकेडिंग आदि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना स्टाफ को आवश्यक सामग्री मतगणना केंद्र पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। रिहर्सल के दौरान सभी जानकारी दें, समय पर मतगणना शुरू करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणना एजेंट का नियमानुसार समय पर पास जारी किए जाएं। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी एजेंट बिना पास मतगणना केंद्र में प्रवेश न कर सके और मतगणना एजेंट ईवीएम को छू न सके।

मतगणना एजेंट मतगणना की पूरी प्रक्रिया देख सके उसके लिए व्यवस्था की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी अजय कुमार ने निर्देश दिए कि सभी आरओ पंचायत समिति संबंधित खंड अनुसार जिप मतगणना की वार्ड अनुसार सूचना निर्धारित प्रपत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं एडीसी को उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के निर्वाचित सदस्यों को वे स्वयं तथा पंचायत समिति के निर्वाचित सदस्यों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी सभी भी व्यक्ति को मोबाइल, पेजर, आई पैड व अन्य उपकरण लेकर मतगणना हाल के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# स्ट्रांग रूम पर पुलिस का पहरा 27 को आएगा चुनाव परिणाम





रिटर्निंग अधिकारी दीपक बाबूलाल करवा। स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात पुलिस के जवान।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** के श्रीशांति सागर जैन कन्या महाविद्यालय में आगामी 27 नवंबर को फिरोजपुर झिरका खंड की 28 पंचायत समिति और तीन जिला परिषद के वार्ड नंबर 15 वार्ड, 16 और वार्ड नंबर 17 की मतगणना होगी। मतगणना से पूर्व प्रशासन द्वारा इस संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफिसर एवं फिरोजपुर झिरका के एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि 27 नवंबर को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। मतों की गिनती यहां के श्री शान्ति सागर कन्या महाविद्यालय में संपन्न होगी। देर शाम तक सभी सीटों का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उधर मतगणना से पहले कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम पर पुलिस का भारी पहरा है। स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से स्थानीय डीएसपी सतीश वत्स थाना प्रभारी दयानन्द द्वारा प्रतिदिन ओचक निरीक्षण किया जाता है।

रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि 25 नवंबर तीन बजे तक काउंटिंग एजेंट के लिए खंड विकास पंचायत कार्यालय में दो रंगीन फोटो सहित पहचान पत्र जमा करा कर अपना एजेंट पास बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 27 नवंबर को प्रात: 6.00 बजे सभी काउंटिंग एजेंट टेबल पर पहुंचना अनिवार्य है। लगभग 7.00 बजे काउंटिंग शुरू हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन बच्चों की मौत के मामले में मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मेवात।** खेड़ला गांव में घर के आंगन में बने पानी के टैंक में गिरने की वजह तीन बच्चों की मौत मामले में नया मोड़ आया है। पहले तो पुलिस ने इस मामले में 174 की कार्रवाई कर तीनों बच्चों को सुपुर्दे खाक कर दिया गया था। साथ ही बच्चों की मां को गंभीर हालत के चलते राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कालेज नलहड़ में भर्ती कराया था, अभी भी उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। जिसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। अब इस मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस बच्चों की मां के खिलाफ हत्या एवम आत्महत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया यही जा रहा है कि मरने वाले बच्चे मंदबुद्धि थे। जिसकी वजह से महिला परेशान रहती थी। उसने बच्चों को पानी के टैंक में डाला और बाद में खुद भी टैंक में गिर गई। भीड़ ने महिला को तो जिंदा निकाल लिया, लेकिन बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चों में दो लड़की था एक लड़का शामिल था। पुलिस इस मामले को लेकर मीडिया के सामने कई दिन बाद आई तो मामले ने नया ही मोड़ ले लिया। महिला अगर उपचार के बाद ठीक होकर अस्पताल से बाहर आती है तो अब उसे अपने ही बच्चों की जान लेने के जुर्म में जेल की हवा खानी पड़ सकती है।

### जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से मरीज व तीमारदार परेशान

**मेवात।** बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में पिछले करीब 19 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे एमबीबीएस छात्रों के समर्थन में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के आने से मरीजों व उनके तीमारदारों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नलहड़ में डॉक्टरों की कमी इलाके के लोगों को खल रही है। रही सही कसर जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल ने पूरी कर दी। आपको बता दें कि प्रदेश के चार मेडिकल कालेज के एमबीबीएस छात्र पॉलिसी का लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। बुधवार देर शाम पीजीआई रोहतक के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर एशोसियेशन ने एमबीबीएस छात्रों के समर्थन में ओपीडी सेवाएं बंद रखने का फैसला लिया था। जिसके बाद प्रदेश के सभी चार मेडिकल कॉलेजों में धरना कर रहे छात्रों के समर्थन में अन्य जूनियर रेजिडेंट भी उतर आए थे और उन्होंने ओपीडी सेवाएं बंद करने का फैसला लिया था। साथ ही कहा था कि 48 घंटे बाद अगर सरकार ने उनकी नहीं सुनी तो आपातकालीन सेवाओं को भी बंद किया जा सकता है। कुल मिलाकर लोगों को हड़ताल से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

**गुरुग्राम।** विवाहित महिला से दुष्कर्म व परिवार को जान से मारने की धमकी देने के मामले की गुरुवार को यहां अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल बिश्नोई की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की कैद व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार मानेसर क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने मानेसर महिला थाना में तीन सितम्बर वर्ष 2020 को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने पति व पुत्र के साथ रहती है। उसके ही पड़ोस में यूपी गोरखपुर मूल का प्रकाश भी किराए पर रहता है। जिस कंपनी में उसका पति काम करता है, उसी कंपनी में प्रकाश भी काम करता है। उसका परिवार में आना-जाना है। वह खाना आदि भी उसके परिवार के साथ ही खाता है। करीब 2 माह पूर्व 2 जून 2020 को उसका पति अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था। वह जबरदस्ती उसके घर में घुस आया और अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे धमकी दी कि यदि उसने इसकी जानकारी पुलिस व परिजनों को दी तो वह उसके पति और पुत्र को जान से मार देगा। इसलिए वह चुप रही, लेकिन वह बार-बार उसे फोन कर परेशान करता रहा। जिस पर उसने पूरी बात अपने पति को बता दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्रकाश के खिलाफमामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद व 15 हजार रुपय जुर्माने की सजा सुनाई है।

### दिव्यांगों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी में 25 व 26 को बनेंगे पास

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायत के अनुसार हरियाणा परिवहन गुरुग्राम द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बस पास जारी करने का कार्य 25 नवंबर एवं 26 नवंबर 2022 को जिला रेडक्रास सोसायटी सेक्टर-15, पार्ट-2 गुरुग्राम में किया जाएगा। जिन दिव्यांगजन को बस पास बनवाने हैं, वे 25 नवंबर और 26 नवंबर को जिला रेडक्रास सोसायटी सेक्टर-15 पार्ट-2, गुरुग्राम में प्रात: 10:00 बजे पहुचें। सभी दिव्यांगजन सरकार की हिदायत अनुसार दस्तावेज भी साथ लाएं। किसी भी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर-8527798798 आर. वांचू एवं 9992778688 मनीश से सम्पर्क कर सकते हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि दिव्यांगों के लिए सरकार की ओर से बस पास की सुविधा दी जा रही है। इसका लाभ सभी पात्र उठा सकते हैं। बिना पास के उन्हें यात्रा करने में असुविधा हो सकती है। ऐसे में वे यहां रेडक्रॉस सोसायटी में दोनों दिन आकर पास बनवा लें। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से गुरुवार को यहां ढांक वाला मंदिर निकट टोल टैक्स गांव बंधवाड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन अतुल पाराशर ने किया। शिविर के आयोजन में संतु भगत की भूमिका रही। इस शिविर में डा. अजय चौहान, सीनियर एलटी रचिता, एलटी सुलक्षणा, स्टाफ नर्स पूजा रानी, हेल्पर सुनील, रेडक्रॉस से अजय हेल्पर मौजूद रहे।

### खास धर्मशालाओं में सोलर पॉवर प्लांट पर 75 फीसद अनुदान

**मेवात।** नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग व हरेडा के माध्यम से उर्जा संरक्षण एवं सौर उर्जा को बढ़ावा देने के लिए सभी सरकारी भवनों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाने की योजना है। अतिरिक्त उपायुक्त आनन्द कुमार ने बताया की प्रदेश सरकार द्वारा जिला की पंजीकृत अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। इसकी 25 प्रतिशत राशि सम्बंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी, इन धर्मशालाओं में बैटरी बैंक सहित अथवा बिना बैटरी बैंक के पांच किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 1 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे जिस पर सरकार द्वारा लगभग 3.50 करोड़ रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सरकारी एवं गैर सरकारी गुरुकुल, कामकाजी महिला छात्रावास, अनाथालय, वृद्ध आश्रमों, बालगृह, नारी निकेतन, प्राकृतिक चिकित्सालय, रेडक्रॉस संस्थान तथा धर्मार्थ संस्थानों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाए जायेंगे। जिसकी 50 प्रतिशत की राशि सम्बंधित संस्था द्वारा दी जाएगी। इन संस्थानों में बैटरी बैंक सहित 10 किलोवाट तक तथा बिना बैटरी बैंक के 50 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी बताया कि इच्छुक सामाजिक संस्थाएं नीति आयोग के दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत होनी अनिवार्य है।

# श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह और गोपी उद्धव संवाद सुनाया





सैकड़ों की संख्या में भागवत् कथा का अनुसरण करती धर्म प्रेमी महिलाएं। श्रीमद् भागवत कथा बाचते पंडित शिवम कृष्ण शास्त्री।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**श्रीमद् भागवत कथा में धर्म प्रेमी महिलाओं ने देवी रुक्मणी के विवाह पर कन्यादान किया**

**खंड** के गांव दुगरी में श्रीहनुमान वाटिका मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह व गोपी उद्धव संवाद का वृतांत धर्म प्रेमियों को सुनाया गया।

इस कथा के अंतर्गत पंडित शिवम कृष्ण शास्त्री ने धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए कथा के वृतांत में बताया कि देवी रुक्मणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। जैसे ही रुकमणी बड़ी हुई तो राजा को अपनी पुत्री के विवाह करने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई। लेकिन रुक्मणी का भाई राजकुमार रुक्मी अपने परम मित्र शिशुपाल से उनका विवाह जबरदस्ती कराना चाहता था। राजकुमारी रुकमणी इस बात के लिए सख्त खिलाफ थी, क्योंकि वह मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान चुकी थी। कथा अनुसार राजकुमारी रुकमणी अपनी दासी से भगवान श्रीकृष्ण को पत्र भिजवाकर उनके साथ विवाह रखने का प्रस्ताव रखती है। देवी रुक्मणी का प्रस्ताव स्वीकार कर भगवान श्रीकृष्ण देवी रुक्मणी का हरण कर लाए और द्वारिका में आकर उनके साथ विवाह किया। भगवान श्रीकृष्ण देवी रुक्मणी का विवाह के चित्रण पर धर्म प्रेमी महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए और देवी रुक्मणी के विवाह पर जमकर कन्यादान दिया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की कथा के उपरांत गोपी उद्धव संवाद कथा का वृतांत धर्म प्रेमियों को सुनाया। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के चचेरे भाई उद्धव को अपने ज्ञान पर बड़ा अभिमान था। इस संदर्भ में भगवान श्रीकृष्ण अपने भाई से उनके ज्ञान की परीक्षा लेते हैं। उन्हें वृंदावन भेजकर गोपियों को समझाने के लिए कहते हैं, लेकिन गोपियों के प्रेम और कृष्ण भक्ति के आगे राजकुमार उद्धव का अहंकार चूर-चूर हो जाता है और ब्रज की गोपियों को ही वो अपना गुरु बना लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण भक्ति में ओतप्रोत समस्त धर्म प्रेमी महिलाओं व पुरुषों ने श्रीमद् भागवत कथा का अनुसरण किया और धर्म लाभ उठाया।

# निजी स्कूल के शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप

**तावडू।** नगर के बावला रोड बगीची के समीप स्थित एक निजी स्कूल के शिक्षक द्वारा छठी कक्षा के छात्र को पीटने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल छात्र का मेडिकल कराकर पीड़ित पिता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

बावला निवासी फारुख ने बताया कि बेटा अरमान नगर के एक निजी स्कूल में छठी कक्षा का छात्र है। आरोप है कि बृहस्पतिवार को बेटे का स्कूल में एक अन्य छात्र के साथ विवाद हुआ था। इस संबंध में ग्वारका निवासी शिक्षक ने दूसरे छात्र का पक्ष लेते हुए उनके बेटे के साथ लात, घूसों और डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान अरमान बुरी तरह चोटिल हो गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी तीन बार स्कूल में मारपीट हुई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद दस हजार रुपये जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**करीब** तीन साल पहले फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 17 साल की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने गुरूवार को आरोपी वाजिद उर्फ काला को 10 साल की कैद व 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में अन्य दूसरा आरोपी वाजिद भगोड़ा है जो अभी भी पुलिस के हत्थे नहीं लगा।

गुरुवार को कोर्ट ने पूरे मामले पर सुनवाई करते एक आरोपी वाजिद उर्फ काला को 10 साल की सजा सुना दी। बात दें, कि फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 10 जनवरी 2019 की शाम 6 बजे 17 वर्षीय नाबालिग लड़की शौच के लिए खेत में गई थी। इस दौरान गांव में ही वाजिद व वाजिद उर्फ काला अपनी बाइक पर सवार होकर पहुंच गए और जान से मारने की धमकी देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो



आरोपी अपना मोबाइल व बाइक छोड़कर भागने में कामयाब हो गए। इसके बाद बिरादरी में पंचायत हुई, लेकिन आरोपी नहीं आए और जान से मारने की धमकी देने लगे। ऐसे सुन परिजनों ने महिला थाना में शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने 11 जनवरी 2019 को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी वाजिद उर्फ काला का 2 अप्रैल 2019 को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा आरोपी वाजिद पुलिस पकड़ में नहीं आया। अब कोर्ट ने केस में सुनवाई करते हुए आरोपी वाजिद उर्फ काला 10 साल कैद की सजा सुनाई।

# हरियाली बढ़ाने के लिए की जा रही पेड़ों की गणना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आंकलन के आधार पर अच्छी हरियाली के लिए किया जाएगा पौधारोपण व रखरखाव**

**जिलाभर** में हरियाली को बढ़ावा देने और पेड़ों की वास्तविक संख्या के लिए वन विभाग द्वारा पेड़ों की गणना का कार्य शुरू हो गया है। आमजन पेड़ों की गिनती करते समय वन कर्मियों का सहयोग करें, ताकि पेड़ों की गणना का कार्य आसानी से पूरा किया जा सके।

प्रदेश सरकार द्वारा जिला गुरुग्राम सहित पूरे प्रदेशभर में कुल कितने पेड़ उन सभी की गणना करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत पंचायत भूमि, निजी भूमि, वन भूमि, सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों की भूमि पर खड़े हर प्रकार के पेड़ों की गणना की जा रही है। गुरुग्राम जिले में इन पेड़ों की गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस गणना का मुख्य उद्देश्य जिले में किस गांव या शहर में कितना क्षेत्र हरा भरा है उसकी एक जानकारी संकलित की जाएगी, जिससे आने वाले समय में उसी जानकारी के आधार पर जिन क्षेत्रों में पौधरोपण करने की ज्यादा आवश्यकता है। जिन क्षेत्रों में पहले से ही काफी अच्छी हरियाली है। इस आंकलन के आधार पर आगामी सीजन में पौधरोपण तथा उनके रखरखाव के बारे में विभाग कार्यवाही कर सके। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक वृक्ष गणना का कार्य पूरे जिले के हर प्रकार की मलकियत पर स्थित पेड़ों का किया जा रहा है। ऐसे में वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आमजन से जरूरी बिंदुओं पर जानकारियां मांगी जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ लोगों द्वारा ऐसा संकोच जाहिर किया जा रहा है कि वन विभाग जिन पेड़ों की गणना करेगा, बाद में उन पेड़ों पर अपना अधिकार या आधिपत्य दिखाएगा। पेड़ जिसकी मलकियत में है, उसी व्यक्ति या संस्थान की ही वे मलकियत रहेंगे।

मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान ने कहा कि वृक्ष गणना कार्य से सरकार और प्रशासन का एक ही उद्देश्य है कि किस गांव में कितने पेड़ हमारे गांव की मलकियत में स्थित पंचायत भूमि में हैं। कितने पेड़ निजी भूमि पर हैं, इसका आंकलन होने के बाद उस गांव का हरियाली के मध्य नजर एक पौधरोपण कार्यक्रम भविष्य में बनाया जाएगा।

# एसडीएम की अपील पर कुछ दुकानदारों ने अपने आप ही हटाए अतिक्रमण

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**हटाओ** अभियान के तहत उपमंडल नागरिक अधिकारी दीपक बाबूलाल कारवां के अपील पर दुकानदारों ने अपने आप ही अतिक्रमण हटाया। बता दें कि उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका ने शहर के दुकानदारों व लोगों से अपील कर उनके दुकानों के आगे लगे पक्के चबूतरे हटाने के आदेश दे दिए थे। कुछ दुकानदारों के तो कुछ दिन पहले चालान भी काटे गए थे। उसके बाद एसडीएम ने लोगों से अपील की थी कि 24 नवंबर वीरवार को लोग अपने आप ही अतिक्रमण को हटा ले और पॉलिथीन का प्रयोग ना करें, शहर में गंदगी ना फैलाएं और उसे साफ सुथरा रखें। लेकिन आज लगभग दोपहर 12: 00 बजे उपमंडल नागरिक अधिकारी दीपक बाबूलाल कारवां व नगरपालिका फिरोजपुर झिरका की टीम शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण व पॉलिथीन तथा दुकानदारों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी को देखने के लिए आए तो



अपनी दुकान के आगे पक्के चबूतरे को तोड़ता एक दुकानदार।

कुछ दुकानदार अपने आप ही अपने दुकानों के आगे बने पक्के चबूतरे व पक्की सीढ़ियों को हथौड़ा व सब्बल से तोड़ते नजर आए। वहीं कुछ दुकानदार चालान के डर से दुकानों को बंद करके फरार हो गए। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि मैंने तुम्हें तुम्हारी दुकानें बंद करने के आदेश नहीं दिए थे। सिर्फ कानून के आदेशों का पालन करने का आदेश दिए थे। वहीं उपमंडल नागरिक अधिकारी बाबूलाल कारवां व नगर पालिका प्रशासन की टीम ने पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों के 15 चालान व कूड़ा करकट फैलाने वालों के 15 चालान तथा अतिक्रमण न हटाने वालों के 32 चालान काटे गए। जिसमें लगभग 50 हजार रुपये लोगों से वसूले गए। उपमंडल नागरिक अधिकारी ने दुकानदारों को समझाया कि अब 30 नवंबर को दोबारा से शहर के मुख्य बाजारों का मौका मुआयना किया जाएगा। जिसमें सभी दुकानदारों से अपील है कि वो अपनी दुकानों से अतिक्रमण हटाने और पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करें। अपनी दुकानों के आगे किसी भी तरह की गंदगी ना फैलाएं। अन्यथा कानून के दायरे में ये कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जखोपुर के आम रास्ते में जमा गंदे पानी से ग्रामीणों का जीवन बना नरक

**ग्रामीणों ने कहा, समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे नगर परिषद अधिकारियों को घेराव करेंगे**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के नंबर 9 गांव जखोपुर से वार्ड 10 किशोर कॉलोनी, कोटढा के मुख्य रास्ते में गंदा पानी जमा होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पिछले कई महीनों से पानी निकासी समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि समाधान नहीं हुआ तो वे एकत्रित होकर नगर परिषद अधिकारियों को घेराव करेंगे।

कॉलोनी के लोगों का कहना है कि कई बार पार्षद मुकेश, मोगली व आला अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस है। ये दो वार्डों में रहने वाले नागरिकों का यह मुख्य रास्ता है। आम नागरिक तो क्या स्कूल जाने वाले बच्चे हर दिन इस जमा गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सीवर लाइन बंद होने के कारण भी रास्ते में पानी जमा हो रहा है। हो जाने से रास्ते में गन्दा बदबूदार पानी रास्ते में खड़ा है! वहीं प्राइमरी स्कूल के साथ लगते एक खाली प्लॉट में इतना गन्दा पानी खड़ा हो गया है! जिससे जमा पानी के आसपास लगते दो-तीन घरों के फर्श व छत मे दरार व दीवारों में शीलन आ गई है! यहां के निवासी भोलाए उमा दैवी, कालू ने बताया उन्हें जान माल का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कॉलोनी में पानी निकासी समस्या



सोहना के गांव जखोपुर के आम रास्ते में जमा गंदा पानी।

महीनों पुरानी है। यहां बाहर भी नहीं घूम सकते, गलियों में जमा गंदे पानी से बदबू आती है, गंदे पानी में मच्छर भी पनप रहे हैं। इससे बीमारी फैलने का खतरा बना है। समाजसेवी जयसिंह नाटोलियां, मुकेश कुमार, मिक्की, भजन लाल प्रजापति, चंद्रपाल, चिंटू डागर, धर्मवीर, अमित, मोतीराम, महेंद्र, हंसराज, बाबू दयाल, नरेन्द्र सिंह आदि लोगों ने बताया कई बार मौजूदा पार्षद व नगरपरिषद में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। शिविर का लेवल ठीक नहीं होने के कारण व शिवर चॉक होने से मुख्य रास्ते में पानी इकट्ठा होता है व गंदा पानी भरा पड़ा है। गंदे पानी बदबू आती है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण एकत्रित होकर नगर परिषद अधिकारियों को घेराव करेंगे!

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Mahinder Kumar Arora S/o Laxman Dass, R/o 3E-160 NIT Faridabad have changed my to Mahinder Kumar

**बेदखली सूचना**

हम, राम लाल (आधार नं0 831549856067) पुत्र श्री राम सिंह व रगबीरी (आधार नं0 295061020453) पत्नी श्री राम लाल निवासीगण मकान नं0 आर-126, आदर्श कालोनी, एनएच-4, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा, कृष्ण कुमार (आधार नं0 308176540958) हमारा सगा पुत्र है। हम कृष्ण कुमार को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते है, जो कि हमारी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से हमारा व हमारे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना-देना नहीं होगा। हमारी सम्पत्ति पर उनका कोई अधिकार नहीं होगा। हमारा कोई कानूनी रिश्ता नही होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# श्रृद्धा हत्याकांड

## पूर्वाग्रह बढ़ने की आशंका

**श्रृद्धा** वाकर हत्याकांड से हमारे पूर्वाग्रहों व पूर्वानुमानों के बढ़ने की आशंका है, जबकि इनसे बचा जाना चाहिए। श्रृद्धा वाकर हत्याकांड मुख्यधारा मीडिया व सोशल मीडिया में व्यापक आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। ऐसा होना असामान्य भी नहीं है क्योंकि इस प्रकरण में लोगों की दिलचस्पी पैदा करने वाले सारे तत्व मौजूद हैं। इसमें गैर-परंपरागत संबंध, अपराध, जघन्य हत्या, आदि शामिल हैं। श्रृद्धा की हत्या उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने बहुत क्रूर तरीके से की तथा उसकी लाश के टुकड़े कर उनको फेंक दिया। ऐसे विषयों पर अनेक विशेषज्ञों ने अपनी राय दी है जिनमें फारेंसिक विशेषज्ञ तथा मनोरोग विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही अनेक लोगों ने बिना मांगे सलाहें दी हैं तथा पूरी तरह पूर्वाग्रही टिप्पणियां की हैं। कुछ प्रतिक्रियायें काफी बेचैन करने वाली भी हैं, खासकर कुछ लोगों ने पीड़िता पर ही आरोप लगाए हैं। जनता के एक हिस्से की राय है कि नौजवानों व खासकर लड़कियों को अपनी स्वेच्छा से काम नहीं करना चाहिए और उनको कम से कम ऐसे काम नहीं करने चाहिए जिनको उनके माता-पिता नापसंद करते हों। ऐसी सोच रखने वालों का मानना है कि अपने 'बच्चों' के लिए माता-पिता ही सर्वोत्तम निर्णयकर्ता हैं, भले ही वे श्रृद्धा की तरह बीस वर्ष से अधिक आयु के ही क्यों न हो गए हों। यदि श्रृद्धा ने अपने माता-पिता की राय मान कर आफताब से संबंध तोड़ लिए होते तो वह आज जीवित होती। यह बात सच है, लेकिन यह भी सच है कि कुछ मामलों में माता-पिता परंपरागत रूढ़ियों के शिकार होते हैं और वे अपनी बेटियों को असहज हो चुके वैवाहिक संबंध बनाए रखने को समझाते व इसके लिए दबाव डालते हैं। इसका परिणाम अक्सर हिंसा और मृत्यु हो सकती है। यह सब इस उम्मीद से किया जाता है कि आखिरकार 'सब ठीक हो जाएगा'। हालांकि, तलाक व विवाह विच्छेद बुरे हैं, लेकिन खराब हो चुके वैवाहिक संबंध इनसे भी खराब हैं जहां



पत्नियों की अक्सर पिटाई होती है और इसके बावजूद लड़कियों के माता-पिता विवाह बनाए रखने पर जोर देते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो हमेशा माता-पिता अपने बेटों व बेटियों के लिए सर्वोत्तम निर्णयकर्ता नहीं भी हो सकते हैं। इसके साथ ही यदि लड़कियों को स्वयं अपनी इच्छा से पसंद का अधिकार न हो तो उनको पढ़ाने-लिखाने से क्या लाभ? श्रृद्धा एक शिक्षित लड़की थी, एक बड़ी कंपनी में काम करती थी और स्पष्टत: वह वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर थी। उसे अपने लिए निर्णय लेने का अधिकार था और उसने वही किया।

संभवत: उसके कुछ निर्णय गलत थे। इसमें आफताब के हाथों भयानक पिटाई का शिकार होने के बावजूद उसके साथ बने रहना तथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न करना प्रमुख है। हम उसके निर्णयों की गंभीरता पर सवाल उठा सकते हैं, पर उसके निर्णय लेने के अधिकार पर नहीं। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग ऐसा भी कर रहे हैं और उनमें केवल सामाजिक रूप से कट्टरपंथी या प्रतिगामी तत्व ही शामिल नहीं हैं। इनमें कुछ ऐसे लोग भी हैं जो पूरे मामले को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। कुछ लोग इसमें 'लव जिहाद' देखते हैं और वे इस विवाद की चिन्ता नहीं करते कि क्या ऐसी परिघटना का अस्तित्व है। हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि इस मामले में कोई 'जिहाद' नहीं था। इसके साथ ही लड़की की लाश को 35 टुकड़ों में काटने के कारण सभी मुसलमानों को राक्षसों की तरह पेश करना भी सही नहीं है। ऐसे जघन्य अपराध हर समुदाय के लोग कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में 9 नवंबर को प्रिंस यादव को गिरफ्तार किया गया जिसने एक महिला की हत्या कर उसकी लाश को 6 टुकड़ों में काट कर कुंए में फेंक दी थी। कोई भी अपराध केवल एक समय किया गया अपराध होता है, इससे हमें अपने पूर्वाग्रहों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

# आर्थिक रूप से गरीबों के प्रति न्याय

आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस को आरक्षण की अनुमति देकर सर्वोच्च न्यायालय ने नैतिक रूप से सही व विधिक रूप से मजबूत निर्णय किया है।

**विवेक गुमास्ते**
(लेखक, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं।)



सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के 103वें संशोधन को उचित माना है। इस संशोधन से गैर-आरक्षित श्रेणियों के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस को शैक्षणिक संस्थाओं व नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया गया है। हालांकि, इसका भारी विरोध भी हो रहा है। इसका विरोध करने वालों का कहना है कि यह संशोधन न केवल संविधान में उल्लिखित समता की अवधारणा का उल्लंघन करता है, बल्कि इस आधार पर ही सवाल उठते हैं जो आरक्षण को उचित ठहराता है। इस संविधान संशोधन व सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध करने वालों में तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-डीएमके अग्रणी भूमिका निभा रही है। हालांकि, शुरुआत में जाति व्यवस्था का जन्म एक प्रकार से श्रम-विभाजन पर आधारित था, पर बाद में समय बीतने के साथ यह विकृत होती गई। कालान्तर में यह भेदभाव का निन्दनीय उपकरण जैसी बन गई। इस विकृति के चलते जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा केवल परंपरागत छोटे-मोटे कामों या शारीरिक श्रम तक केन्द्रित रह गया तथा उसे शिक्षा से वंचित कर उसकी सामाजिक गतिशीलता में बाधा डाली गई। इससे उसकी ऊपर की ओर प्रगति लगभग बंद हो गई। इस सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए भारत ने असाधारण रूप से स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित सकारात्मक कार्रवाई की योजना बनाई। दुनिया का कोई भी दूसरा देश इस प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई का दावा नहीं कर सकता है जो इतनी व्यापक व इतनी महत्वाकांक्षी हो।

शुरुआत में जाति-आधारित आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों तक सीमित था। उनको शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, सरकारी नौकरियों व विधायिका में क्रमश: 15 प्रतिशत व 7.5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। 1980 में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर दी। केन्द्र सरकार ओबीसी में शामिल जातियों-समुदायों की सूची रखती है। इसके बाद वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत राजग सरकार ने सामान्य श्रेणी वाले उम्मीदवारों में आर्थिक रूप से कमजोर-ईडब्लूएस श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। ईडब्लूएस आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध करते हुए डीएमके के प्रवक्ता मनुराज शन्मुगसुंदरम ने इंडियन एक्सप्रेस में 11 नवंबर, 2022 को एक लेख लिखा। उनके अनुसार, 'आरक्षण गरीबी उन्मूलन की व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय यह पहचानने में विफल रहा है कि आरक्षण का आर्थिक आधार पर विस्तार करने वाला संविधान का 103वां संशोधन उचित नहीं है। 1992 में इंदिरा साहनी बनाम केन्द्र सरकार में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पिछड़ापन निर्धारित करने में आर्थिक स्थिति कभी भी एकमात्र आधार नहीं हो सकती है।'

यह सच है कि आरक्षण मूलत: एक गरीबी उन्मूलन योजना नहीं है। लेकिन यह विश्वास करना भी नौसिखियापन होगा कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व अन्य पिछड़े वर्गों के लिए शैक्षणिक

> **डीएमके का एजेंडा अपरिहार्य रूप से कुछ समुदायों के खिलाफ घृणा पर आधारित है। एक समुदाय के लोगों को अपमानजनक रूप से 'पप्पन' कहा जाता है और इसके साथ ही एक कहावत जोड़ दी गई है कि 'यदि तुम एक पप्पन व सांप को एकसाथ देखो तो पहले पप्पन को मारो।'**

संस्थानों व नौकरियों में आरक्षण के निर्णय की संस्तुति में आर्थिक विपन्नता को केन्द्रीय स्थान नहीं दिया गया था। यदि केवल प्रतिनिधित्व ही एकमात्र आधार होता तो केवल विधायिकाओं में आरक्षण ही काफी था और शैक्षणिक संस्थाओं व नौकरियों में आरक्षण की जरूरत ही नहीं थी। दूसरा, यह समझना कठिन है कि सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों-ईडब्लूएस को राहत देने से जाति-आधारित आरक्षणों का लाभ उठाने वाले लोगों पर नकारात्मक प्रभाव कैसे पड़ेगा। ऐसा खासकर इसलिए भी है कि ईडब्लूएस आरक्षण से जाति-आधारित आरक्षण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इस प्राविधान से एससी, एसटी व ओबीसी का पहले से आधारित आरक्षण कोटा यथावत बना रहेगा। एक और वंचित वर्ग को राहत देने से वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से लाभान्वित विशिष्ट लोग कम असमान नहीं हो जाएंगे। यह तर्क उसी प्रकार गलत है जैसा तर्क सीएए-विरोधी आंदोलन में दिया गया था।

पिछड़ेपन के आर्थिक संकेतक का प्रयोग करने के बारे में बहुमत का निर्णय देने वाले जस्टिस पी.बी. पारदीवाला ने स्पष्ट किया है कि 'लंबे समय से जारी विकास व शिक्षा के प्रसार के कारण पिछड़े वर्गों के पहचान और निर्धारण के तरीकों की समीक्षा करना बहुत जरूरी हो गया है। इसके साथ ही यह निर्धारित करना भी जरूरी हो गया है कि पिछड़ेपन के निर्धारण का आधार वर्तमान स्थितियों के अनुकूल है या नहीं।' इस प्रकार जहां इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भले ही यह फैसला दिया हो कि केवल आर्थिक आधार ठीक नहीं है, पर यह कोई पत्थर की लकीर नहीं है। बदलती परिस्थितियों के अनुसार आधार बदलने की आवश्यकता भी हो सकती है। वर्तमान समय में हमें अन्य वंचित वर्गों की पहचान के लिए जाति से आगे जाने की आवश्यकता है ताकि एक सचमुच समावेशी समाज बनाया जा सके। इस प्रकार ईडब्लूएस को स्वीकार करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध केवल उदारवादी दृष्टिकोण से न होकर वैचारिक तथा राजनीति से प्रेरित है। डीएमके जैसी पार्टियों को जातीय टकराव से लाभ मिला है, भले ही वे हाशियाकृत समुदायों की पैरोकार के रूप में स्वयं को पेश करती हों। वे हमारे समाज में विभाजक रेखायें बनाए रखना चाहती हैं तथा स्वयं को राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए जातीय पहचानों को बढ़ावा देना चाहती हैं।

सभी जानते हैं कि सामाजिक प्रगति का डीएमके का एजेंडा अपरिहार्य रूप से कुछ समुदायों के खिलाफ घृणा के प्रति-विमर्श पर आधारित है। एक समुदाय के लोगों को अपमानजनक रूप से 'पप्पन' कहा जाता है और इसके साथ ही एक कहावत जोड़ दी गई है कि 'यदि तुम एक पप्पन व सांप को एकसाथ देखो तो पहले पप्पन को मारो।' विडंबना है कि यह कहावत तमिलनाडु की मुख्यधारा कहावतों में शामिल हो गई है। इससे स्पष्ट होता है कि एक प्रकार के भेदभाव से दूसरे प्रकार के भेदभाव को सही ठहराया जाता है। इस प्रकार जाति-आधारित आरक्षण अनन्त काल तक लागू होने वाली अवधारणा नहीं बन सकता है। यह अपने आप में कोई इलाज नहीं है और अनन्त काल तक बनाए रखने पर यह उस उद्देश्य को ही समाप्त कर देगा जिसके लिए इसे बनाया गया था। ईडब्लूएस आरक्षण को उचित ठहराने के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस पी.बी. पारदीवाला ने कहा, 'आरक्षण अपने आप में कोई लक्ष्य न होकर एक माध्यम है। यह सामाजिक व आर्थिक न्याय प्राप्त करने का माध्यम है। आरक्षण को एक निहित स्वार्थी तत्व बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

वास्तव में असली समाधान उन कारणों की समाप्ति होगी जिनके चलते सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक पिछड़ापन पैदा हुआ है।' इसके साथ ही अल्पमत का पक्ष रखने वाले जस्टिस एस. रवीन्द्र भट ने हमें बाबा साहेब अंबेडकर की वह समझदारी भरी चेतावनी याद दिलाई है कि आरक्षण को एक अस्थाई व अपवाद वाली व्यवस्था के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि 'ऐसा न होने पर उससे समता के नियम को नुकसान पहुंचेगा।'

# 2024 में तमिलनाडु पर भाजपा की नजर



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, प्रख्यात राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

दशकों तक कड़ी मेहनत करने के बावजूद, कर्नाटक को छोड़कर दक्षिणी राज्यों में भाजपा की उपस्थिति बहुत कम है या नहीं है। दक्षिण ने 129 लोकसभा सीटों का योगदान दिया है, जिनमें से भाजपा के पास केवल 29 हैं। विशेष रूप से, तमिलनाडु में राजनीतिक मंथन हो रहा है, जहां भाजपा अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक पर गुल्लक की सवारी करने वाले स्थान पर कब्जा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी के रणनीतिकारों ने 2024 के चुनावों में अपनी समग्र स्थिति को बनाए रखने और सुधारने के लिए दक्षिण में प्रवेश करने की आवश्यकता महसूस की है और इसके %%ऑपरेशन दक्षिण विजय%% को पढ़ा है। इसका उद्देश्य उत्तर-दक्षिण के अंतर को कम करना और 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी करना है। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव के बाद इसे गति मिलेगी। निर्धारित संसद चुनावों से लगभग दो साल पहले, भाजपा ने दक्षिण भारत में दो बड़े लक्ष्यों की पहचान की है - तमिलनाडु और तेलंगाना (दोनों क्षेत्रीय दलों द्वारा शासित)। कर्नाटक के चुनाव कुछ महीने दूर हैं और तेलंगाना में एक साल से भी कम समय में चुनाव होंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अधिक बार दक्षिण का दौरा करना शुरू कर दिया है। तमिलनाडु ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में एक चुनौती पेश की। प्रमुख द्रविड़ दलों से निडर होकर भाजपा खुद को तीसरे विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। भाजपा कई कारणों से राज्य में असफल रही है। पहला, निर्णायक द्रविड़ नेतृत्व की बराबरी करने के लिए राज्य के लंबे, करिश्माई नेताओं को विकसित करना अभी बाकी है। दूसरे, तमिलनाडु ने पांच दशकों से अधिक समय से द्रविड़ विचारधारा को अपनाया है। यहां तक ??कि कांग्रेस ने 1967 के बाद अपना प्रभुत्व खो दिया जब द्रमुक ने राज्य पर कब्जा कर लिया। तब से, दो मुख्य द्रविड़ दल - छ्य्रु और ्रुछ्य्रु - बारी-बारी से राज्य पर शासन कर रहे हैं। भाजपा के हिंदुत्व को राज्य में कोई अपील नहीं मिली है।

तीसरा, तमिलनाडु स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में थोपने का विरोध करता है। चौथा, तमिलनाडु में जातिगत गठबंधन और सामाजिक



न्याय के लिए कोई अपील नहीं है। इसलिए, कांग्रेस, भाजपा, भाकपा और माकपा जैसे राष्ट्रीय दल द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन पर गुल्लक की सवारी कर रहे हैं। 2024 के चुनावों के लिए भाजपा की तैयारी उसके प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ हाल ही में मदुरै में आयोजित एक पार्टी सम्मेलन में चुनावी बिगुल फूंकने के साथ शुरू हुई। इसके साथ ही पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा से बढ़ावा मिला। मोदी के आधिकारिक दौरे के बाद से सभी पार्टियों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं

शाह ने चेन्नई में भाजपा मुख्यालय कमालय में लंबी बैठक की और पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने दो दिग्गज नेताओं - एम. करुणानिधि (द्रमुक) और जे. जयललिता (एआईएडीएमके) के निधन के बाद राज्य में वर्तमान शून्य का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि एम.के. स्टालिन राज्य पर शासन कर रहे हैं, अन्नाद्रमुक लगभग नेतृत्वहीन है, जबकि कानूनी और राजनीतिक तकरार में फंस गया है। यदि भाजपा युद्धाभ्यास कर सकती है, तो यह आंशिक रूप से अन्नाद्रमुक की खोई हुई जमीन को पुन: प्राप्त करने के लिए अपर्याप्त शक्ति के लिए धन्यवाद है। अन्नाद्रमुक आज एक विभाजित पार्टी है और गुटबाजी से ग्रस्त है। पार्टी के दो समूह- दो पूर्व मंत्रियों, एडापडी पलानीस्वामी (ईपीएस) और ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के नेतृत्व में, इसके नेतृत्व के लिए कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ रहे हैं। तीन दशक से अधिक समय से जयललिता की साथी वीके शशिकला ने जेल से रिहा होने के बाद पार्टी पर कब्जा करने की धमकी दी। उनके भतीजे टीटीवी दिनाकरन ने पहले ही अपनी पार्टी एएमएमके का गठन कर लिया है और 2021 में चुनाव लड़ा लेकिन पांच प्रतिशत वोट शेयर के साथ। इस चार-तरफा विभाजन और एकजुटता के बिना, पार्टी को स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

भाजपा अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा होगी। फिर भी, यह स्टालिन सरकार की आलोचना करने वाले मुख्य विपक्षी दल के रूप में कार्य करता है। करुणानिधि और जया की मृत्यु के बाद भी, दोनों द्रविड़ दलों के पास 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर हैं जबकि भाजपा को सिर्फ 3 प्रतिशत वोट मिले हैं। मुख्य विपक्षी दल, अन्नाद्रमुक के अलावा, राज्य में कई छोटे लेकिन महत्वपूर्ण राजनीतिक दल हैं, जैसे कि पीएमके, डीएमडीके, नाम तमिलर काची, एमडीएमके और राष्ट्रीय स्तर की कांग्रेस पार्टी, सभी कुछ प्रभाव के साथ हैं। और समुदाय जाति-तटस्थ छवि बनाए रखते हैं। पार्टी नादारों, गौंडरों और देवेंद्र कुला वेल्लालर के मौजूदा इलाकों से अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

थूथुकुडी तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पार्टी ने 2024 में महत्वाकांक्षी 20 प्रतिशत वोट शेयर और कम से कम 10 लोकसभा सीटों का लक्ष्य रखा है। हालांकि, दो गठबंधनों के गठबंधन वाले हिस्से को अभी भी तय करने की जरूरत है। आखिरकार, फैसला करने के लिए दो साल का समय है क्योंकि कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर सभी पार्टियों का दिमाग खुला है। बीजेपी स्टालिन को कांग्रेस को छोड़ने के लिए कहेगी। ईपीएस गुट भाजपा को छोड़ना चाहता है और यहां तक कि अन्य छोटी पार्टियों के साथ भी जाना चाहता है।

ऐसे बदलते समीकरणों के साथ, अब भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन दोनों गठबंधनों में डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन स्थिर लगता है। राजनीति में एक हफ्ता लंबा और दो साल बहुत लंबा बताया जाता है।

## आप की बात

### सड़क सुरक्षा

**सरकार** द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमो को प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने के लिये पाठ्यक्रम में शामिल करने का विचार सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने का बेहतरीन प्रयास है। सड़क हादसों में प्रतिवर्ष लाखों लोग दुर्घटनाग्रस्त होते है। जिनमें लाखों लोगों की मौत और विकलांग हो जाते हैं। सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करके काफी हद तक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। दोपहिया चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहनों को सीटबेल्ट की अनिवार्यता का ज्ञान सभी को होना चाहिये। सुरक्षित यातायात के नियमों के पालन के साथ सरकार को गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण की ओर ध्यान देना चाहिये। सरकार द्वारा सड़कों पर चलने वाले वाहनों से रोडटैक्स टोलटैक्स से करोड़ों रुपये टैक्स लिया जाता है। इस टैक्स से अच्छी सड़कें हर पांच किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे आदि लगवाए जा सकते हैं। बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सरकार प्रशासनतन्त्र को भी सक्रिय और जवाबदेह बनाने की ओर ध्यान देना चाहिये। पैदल चलने वालों को भी सड़क सुरक्षा नियमों का जरूर पालन करना चाहिए।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### गुजरात चुनाव

**गुजरात** चुनाव न केवल सत्ता पक्ष भाजपा के लिए बल्कि कांग्रेस के लिए भी अहम हैं क्योंकि जिस तरह की कड़ी टक्कर कांग्रेस ने 2017 में भाजपा को दी थी, उन्हें उसको और मजबूत करके भाजपा को असली में चुनौती देनी चाहिए थी मगर जिस तरह से स्वयं राहुल गांधी ने आखिर क्षणों में गुजरात में प्रवेश किया है उससे साबित हो जाता है कि कहीं न कहीं कांग्रेस न तो गंभीर थी इन चुनावों के प्रति और इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी हार भी स्वीकार कर ली है लगता है। कांग्रेस को यह चुनाव अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ने चाहिए थे और भारत जोड़ो यात्रा को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर देना चाहिए था। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए भी यह चुनाव एक चुनौती और अवसर दोनों ही थे मगर उन्होंने भी निराश किया है। आम आदमी पार्टी नि:संदेह कांग्रेस की जगह लेगी इस प्रदेश में और कांग्रेस अगर 2024 में विपक्ष की धुरी बनने के सपने देख रहा था तो वह धूमिल हो गए हैं। लगभग सभी जनमत सर्वेक्षण गुजरात में भाजपा की प्रचंड विजय की भविष्यवाणी कर रहे हैं जो एक प्रकार से मोदी की परीक्षा भी हो सकते हैं।

**बाल गोविंद,** नोएडा

### आम आदमी पार्टी का सच

**मनी लॉन्ड्रिंग केस** में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में सत्येंद्र जैन लजीज खाना खाते नजर आ रहे हैं। एक शख्स उन्हें खाना परोसता दिख रहा है। इसके अलावा वो फल खाते हुए देखे जा सकते हैं। कोर्ट में जैन के वकील ने दावा किया था कि जेल में उन्हें ठीक से खाना नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते उनका वजन गिर गया है, लेकिन तिहाड़ जेल के सूत्रों का दावा है कि जैन का वजन जेल में आठ किलो बढ़ गया है! पहले जेल में मालिश फिर लग्जरी खाना और बीमारी का बहाना! अब मंत्रियों के लिए या तो फाइव स्टार होटल में कमरे में अस्थाई जेल बनाने का नियम बनाया जाए या उन्हें प्रदेश के बाहर की जेल में रखने का नियम बनाया जाना चाहिए! आम कैदियों के लिए साधारण खाना भी बेस्वाद व जला भुना होता है वही नेताओं के लिए लग्जरी व्यवस्था न्याय व्यवस्था के मखौल के साथ ही आम व खास के फर्क को रेखांकित करती है। इससे आम आदमी पार्टी की सच्चाई भी सामने आ गई है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**क्षत्रपति** शिवाजी महाराज प्राचीन युग के एक प्रतीक हैं।

– **भगत सिंह कोश्यारी**
महाराष्ट्र के राज्यपाल



**वे** इसे मालिश व वीआईपी इलाज कहते हैं, पर वास्तव में यह केवल फिजियोथेरेपी है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**ब्रिटेन** ईयू कानूनों से जुड़े यूरोप के साथ कोई जुड़ाव नहीं रखेगा।

– **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री"

# विदेशों में भी मनाई जा रही गीता जयंती, भारतवासियों के लिए गर्व की बात

### सुभाष स्टेडियम में 2 से 4 दिसंबर तक मनाएंगे गीता जयंती समारोह

### गीता जयंती के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त ने लगाई अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी ललित सिवाच।

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि सुभाष स्टेडियम में 2 से 4 दिसंबर तक जिला स्तर पर गीता जयंती समारोह भव्य रूप में मनाएंगे। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ आम जनमानस का आह्वान किया कि वे गीता समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। साथ ही बच्चों और युवाओं विशेष रूप से समारोह में शामिल करें, ताकि उन्हें संस्कृति व सभ्यता और श्रीमद्भागवतगीता से रू-ब-रू होने का सुअवसर मिले। इससे उन्हें गीता के संदेशों को आत्मसात कर जीवन को सफल बनाने का प्रोत्साहन मिलेगा।

उपायुक्त ने कहा कि गीता महोत्सव में धर्म-अधर्म, नारी सम्मान, इच्छाओं एवं कामनाओं पर नियंत्रण, कर्म की महत्वता, गुस्से पर काबू, देखने का नजरिया (ज्ञान और कर्म को एक रूप में देखना), मन पर नियंत्रण, स्वयं का आंकलन, अनुशासन, स्वयं का निर्माण, हर काम का फल मिलता है, व्यर्थ कुछ नहीं जाता, अभ्यास का महत्व, विश्वास के साथ विचार, पूर्णता से कार्य करना-काम में ढूंढे खुशी, अत्याधिक मोह पतन का कारण आदि शिक्षाओं का मिश्रण होगा, जिन पर रागनी, समूह गान, राधा कृष्ण नृत्य, कृष्ण वंदना, समूह नृत्य, एकल अभिनय, एकल नृत्य, श्लोक उच्चारण, भजन, गीता सार नृत्य नाटिका, लघु नाटिका, गीता संवाद आदि के माध्यम से प्रकाश डाला जाएगा और जीवन जीने की सीख देते हुए मार्गदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त सिवाच ने अधिकारियों की अलग-अलग ड्यूटी लगाते हुए निर्देश दिए कि जिन्हें जो ड्यूटी मिली है उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करें। यह साझा समारोह है, जिसमें एकजुटता व बेहतरीन तालमेल के साथ हमें कार्य करना है।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गीता महोत्सव मनाया जाता है, जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर गीता जयंती का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। गीता हमें जीवन जीना सिखलाती है। गीता को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे संस्कारों को बढ़ावा मिलता है। बैठक में नगराधीश डा. अनमोल ने भी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए हर्षोल्लास के साथ गीता जयंती मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### प्रत्येक समस्या का समाधान गीता में निहित

**जिला** स्तरीय गीता जयंती के सफल आयोजन के उद्देश्य से लघु सचिवालय में गुरुवार को अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त ललित सिवाच कर रहे थे। उन्होंने हर्षित स्वर में कहा कि जिला स्तर पर गीता जयंती मनाई जा रही है, जिसे जन सहभागिता के साथ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि विदेशों में भी गीता जयंती मनाई जा रही है। कुछ अन्य देशों से भी गीता जयंती के आयोजन की मांग आ रही है। यह भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। हमें एकजुट होकर गीता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। गीता जीवन का सार है, जिसमें जीवन की हर प्रकार की परिस्थितियों के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध है। जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान गीता में निहित है।

# पंचायतों में शिक्षित प्रतिनिधियों से मिलेगी ग्रामीण विकास को नई गति

### नौ दिसंबर की भिवानी रैली होगी ऐतिहासिक

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**उप-मुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हाल में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में नारी शक्ति को पचास प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिला है। सरकार की नीतियों से बड़ी संख्या में शिक्षित प्रतिनिधि चुनकर आए हैं, जिससे ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गांव के लोगों ने नव-निर्वाचित सरपंचों पर विश्वास करते हुए उन्हें गांव का मुखिया बनाया है, लोगों के उसी विश्वास को आगे बढ़ाते हुए सभी सरपंच गांव के विकास के लिए दिन-रात कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार और वे स्वयं सभी सरपंचों के सहयोग के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे, ताकि गांव का विकास करने के लिए कोई भी कोर कसर न छोड़ी जाए।

उप-मुख्यमंत्री चौटाला ने कहा कि पांच साल पहले जींद की जमीन से अपनी जननायक जनता पार्टी की स्थापना की और वहां प्रण लिया था कि हम चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे और कमजोर कमेरे व किसान वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। पार्टी स्थापना के बाद विधानसभा चुनाव में पार्टी का दमखम दिखाने के लिए हमारे पास केवल 10 महीने का समय था, लेकिन कार्यकर्ताओं की दिन-रात मेहनत का यह परिणाम आया कि 10 महीने के अंदर जनता ने विधानसभा की 10 सीटें जीताकर हमें विधानसभा भेजा। हरियाणा में इतिहास लिखा गया कि जननायक जनता पार्टी की चाबी से विधानसभा का दरवाजा खोला गया।

उन्होंने मातृशक्ति का धन्यवाद करते हुए कहा कि संगठन को आगे ले जाने के लिए हमारी महिला कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान रहा है। वे हमेशा हर कार्य में आगे रहकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करती है। जजपा के पांचवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नौ दिसंबर को भिवानी की धरती पर होने वाली रैली का निमंत्रण देने के लिए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को रैली का निमंत्रण देते हुए कहा कि जजपा के सभी कार्यकर्ता जोश और उत्साह को ऊर्जा में बदलने के लिए भिवानी में आयोजित रैली का घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देंगे।

# विकास कार्यों का मेयर मदान ने किया शुभारम्भ


पूर्व पार्षद फकीर चंद नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शुभारम्भ करते हुए।

**सोनीपत।** वीरवार को मेयर निखिल मदान ने वार्ड 20 के गढ़ी घसीटा क्षेत्र का दौरा किया और वहां एक करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से चल रहे विकास कार्यों का शुभारम्भ किया।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि गढ़ी घसीटा के कई लोगों ने उन्हें क्षेत्र की जर्जर गलियों की हालत के बारे में बताया था, जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने आज क्षेत्र की पार्षद नीतू दहिया के साथ मिलकर 79 लाख रुपये की लागत से गलियों के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कराया है। इसके साथ ही कॉलोनी की जर्जर हो चुकी सभी पानी और सीवर की पुरानी पाइपलाइन को भी 44 लाख रुपये की लागत से बदला जाएगा। जिससे सप्लाई में दूषित पेयजल आने की समस्या दूर होगी। निखिल मदान ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों और संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को काम के जल्द से जल्द और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि जल्द ही नगर निगम हाउस की बैठक कर सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की रुपरेखा तैयार की जाएगी। इस मौके पर विधायक सुरेंद्र पंवार, निगम पार्षद नीतू दहिया, मंजीत गहलावत, राजेश दहिया, फकीर चंद, सतपाल भौरिया, राजेश बवेजा, जय भगवान, शुभम गर्ग, सौरभ सचदेवा, डॉक्टर जितेंदर, रामनिवास और रविंदर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### संसार में रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं : रामेश्वर सैनी



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर के तट पर 576 नंबर स्टॉल पर रक्तदान शिविर तीसरे दिन वीरवार को भी जारी रहा। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। संसार में रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसलिए किसी एक मनुष्य में रक्त की पूर्ति को दूसरे मनुष्य द्वारा किए गए रक्तदान द्वारा ही पूर्ण किया जा सकता है। रामेश्वर सैनी ने कहा कि रक्त किसी की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, गुरविंदर कौर, कॉर्डिनेटर अविनाश कौर, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल गोलन, जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया, समिति के हलका शाहबाद प्रधान मदन लाल कथूरिया, सविता मदान, पूनम व नरेश मौजूद रहे। शिविर में पार्थ ब्लड बैंक से डॉ. श्वेता सैनी के नेतृत्व में डॉक्टर संजीव वर्मा, लैब टेक्नीशियन चेतन, गुरमीत, स्टाफ नर्स प्रिया व मोनिका ने रक्त संग्रहित किया। संरक्षक नरेश सैनी ने बताया कि महोत्सव में आए युवाओं को रक्तदान करने बारे प्रेरित भी किया जा रहा है।

### गांवों में नशा मुक्ति पर बल देना चाहिए : सुनीता नेहरा



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की उपप्रधान एवं जिला परिषद की पूर्व वाइस चेयरपर्सन सुनीता नेहरा ने कहा कि गांव स्तर पर हमें खेलों और शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि गांव के युवा शिक्षित व स्वस्थ होंगे, तभी गांव तरक्की के रास्ते पर अग्रसर होंगे। वे गांव तंगोरी में नवनिर्वाचित महिला सरपंच सुमन को बधाई देने पहुंची थी। सुनीता नेहरा ने नव निर्वाचित सरपंच सुमन, उनके पति मनोज कुमार और सभी पंचायत सदस्यों को शुभकामनाएं दी। नेहरा ने कहा कि हमें गांवों में नशा मुक्ति पर बल देना चाहिए, जिससे युवा पीढ़ी नशे से दूर रह सके। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। पंचायती राज एक्ट लागू होने के बाद महिलाओं की सत्ता में भागीदारी बढ़ी है। आज स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हुई है। इसलिए महिलाओं को भी बढ़-चढ़ कर राजनीति में भाग लेने के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारी को अच्छे ढंग से निभाना चाहिए। इससे पहले सुनीता नेहरा का गांव में पहुंचने पर ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर रवि शर्मा, नरेश कुमार, विक्रम, राजेश, टीका राम आदि मौजूद रहे।

### शहीदी दिवस पर गुरु साहिब को श्रद्धासुमन किए अर्पित



**कुरुक्षेत्र।** हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज का शहादत दिवस सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। ट्रस्ट द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड, मार्डर्न एजुकेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया, राजकीय प्राथमिक व कन्या माध्यमिक विद्यालय अधोया में कार्यक्रम किए गए। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के पदाधिकारियों ने इतिहास में धर्म, सिद्धांत और मानवता की रक्षा के लिए निःस्वार्थ बलिदान देने वाले नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज की शहादत को नमन किया। इस दौरान विद्यार्थियों और अध्यापकों ने भी गुरु साहिब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ ट्रस्ट के स्टेट कोआर्डिनेटर पवन पराशर ने गुरु चरणों में अरदास करके किया। पराशर ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि हमे अपने गुरुओं के दर्शाए मार्ग और विचारों पर चल कर अपने अनमोल जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज एक महान विचारक, योद्धा, पथिक व अध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने धर्म, मातृभूमि और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, इसीलिए उन्हें हिंद की चादर कहा जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर, गुरमेल दहिया, प्राचार्या मन भावनी भल्ला, नीरज कुमार, जितेन्द्र शर्मा, मिनाक्षी शर्मा ने इस कार्यक्रम के लिए पराशर और सेवा ट्रस्ट यूके का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने और सहयोग की कामना की। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से विद्यार्थियों, अध्यापकों व अन्य स्टाफ को डाबर का जूस प्रसाद स्वरूप दिया।

# तकनीकी के बिना किसी भी क्षेत्र में सफलता असंभव : प्राचार्य


मारकंडा नेशनल कॉलेज में विजेताओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य और अन्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित टेक्नोलॉजी सप्ताह - 2022 का समापन हुआ। सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, कंप्यूटर विभाग के इंचार्ज डॉ. जवाहर लाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. मीनाक्षी द्वारा इस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं टेक स्क्रैंबल, वेब क्रिकेट चैलेंज, ब्लाइंड कोडिंग चैलेंज, वर्ड/एक्सेल प्रोजेक्ट, ओरल प्रेजेंटेशन एक्टिविटी आदि बड़े रोमांचक ढंग से करवाई गई। सह-सयोजिका प्रो. सोनिया तथा प्लेसमेंट सेल के अधिकारी डॉ. अजय कुमार अरोड़ा ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई। टेक-वीक के समापन पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है और सब डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रहे हैं। तकनीकी के बिना आज किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना लगभग असंभव है। किसी देश की उन्नति तथा आत्म निर्भरता तकनीकी के विकास पर ही निर्भर करती है। कार्यक्रम के समापन के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट तथा प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वालों को इनामी राशि द्वारा पुरस्कृत किया गया। टेक स्क्रैंब्ल चैलेंज में बीएससी के तृतीय वर्ष से कमल, द्वितीय वर्ष से जतिन, प्रथम वर्ष से अरुण रहे। ब्लाइंड कोडिंग चैलेंज में बीएससी के तृतीय वर्ष से मिलन, द्वितीय वर्ष से अंकित, प्रथम वर्ष से ओंकार रहे। वेब पेज डिजाइन कांटेस्ट में बीएससी के तृतीय वर्ष से अंकुश रहे। डॉ. अजय कुमार अरोड़ा, सोनिया ने विद्यार्थियों को टेक्नोलॉजी के प्रति अपने विचारों द्वारा जागरूक किया।

### तीरंदाजों ने जीते पदक

**फरीदाबाद।** पानीपत आर्चरी एसोसिएशन के सचिव नागेश्वर वशिष्ठ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहली पानीपत तीरंदाजी प्रतियोगिताओं का आयोजन एनवी आर्चरी अकादमी और जीडीआर गुरुकुल स्कूल पानीपत में पानीपत आर्चरी संघ के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से लगभग 10 विद्यालयों से 70 तीरंदाज खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पांच साल आयु वर्ग से 10 साल आयु वर्ग, 14 साल आयु वर्ग से 17 साल आयु वर्ग,19 साल आयु वर्ग और सीनियर वर्ग के लड़के व लड़कियों ने रिकर्व राउंड, कंपाउंड राउंड और इंडियन राउंड इवेंट में अपने अपने स्कूल के लिए पदक जीते। संघ सचिव नागेश्वर वशिष्ठ ने बताया कि प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी भविष्य में होने वाली राज्य एवं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने का कार्य करेंगे। एक दिवसीय जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ आर्चरी एसोसिएशन पानीपत के अध्यक्ष नरेंद्र मोर के द्वारा किया गया। संघ अध्यक्ष नरेंद्र मोर ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए कार्य करेंगे।

# युवाओं को मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारा जाएगा

### युवा स्वयंसेवक की जिम्मेदारियों से युवाओं को अवगत कराया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

**नेहरू** युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय चम्मू कलां, इस्माइलाबाद के सयुक्त तत्वावधान महाविद्यालय के परिसर में गहन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।

कार्यक्रम के संदर्भ में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया कि गहन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभाशाली युवाओं का नामांकन कर नेहरु युवा केंद्र द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में युवाओं को मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारा जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में युवा अपना नामाकन कर तीन वर्ष तक नेहरू युवा केंद्र, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सकता है और अपनी प्रतिभा को एक मंच के माध्यम से सबके सामने रख सकता है और निखर सकता है।

इसी कड़ी में नेहरू युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र की ओर से सुरेश सैनी द्वारा उपस्थित युवाओं को बताया गया कि स्वयंसेवक के तौर पर जुड़कर युवा समाज के उत्थान में प्रत्यक्ष भागीदारी कर योगदान कर सकते हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक युवा स्वयंसेवक की जिम्मेदारियों से युवाओं को अवगत कराया तथा नामांकन फार्म भरवाएं। साथ ही नेहरू युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र की गतिविधियों के बारे में बताते हुए युवाओं को कार्यक्रम के माध्यम अपना नामंकन करवाने के अपील की और युवाओं के साथ अनुभव साझा किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय चम्मू कलां की प्राचार्य सविता द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ये केंद्र सरकार की बहुत सरहनीय पहले है जिससे की युवा नशे व अन्य कुरीतियों से दूर होकर देश की मुख्य धारा में स्वयं को जोड़ सकता है एवं राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से डॉ. किरण गर्ग, प्रोफेसर रजत, प्रोफेसर ललिता, प्रोफेसर महक सिंगला का अभूतपूर्व योगदान रहा।

# बुर्रा प्रोजेक्ट : सबसे बड़े पंजाबी संगीत और फूड फेस्टिवल का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** इस सप्ताह के अंत में उच्च पंजाबी स्तर पर थी! सबसे बड़ा पंजाबी संगीत और फूड महोत्सव, भूटानी द बुर्रा प्रोजेक्ट : अब बढ़ेगा पंजाबी फीवर 18 नवंबर से शुरू हुआ और 20 नवंबर तक जारी रहा।

नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस फेस्ट में पंजाबी संगीत उद्योग के कुछ बड़े नाम शामिल थे, जो लोगों के जोश को ऊंचा रखने के लिए परफॉर्म कर रहे थे। उत्सव के दो चरण थे। दिल्ली के विभिन्न कॉलेजों से नियोजित नाटकों के साथ छोटा मंच दिन के दौरान सक्रिय था, इतना ही नहीं, फीवर और पंजाबी फीवर के लोकप्रिय आर जे लगातार बीयर चगिंग, फूड ईटिंग, ओपन माइक, स्ट्रांगमैन, डी जे वार जैसे मजेदार खेलों के साथ भीड़ के साथ सक्रिय रहे, आदि।

सप्ताहांत शुरू होते ही शुक्रवार को शाम को भीड़ बढ़ गई और मुख्य मंच प्रदर्शन विजय मलिक के साथ शुरू हुआ, जिन्होंने कुछ सबसे लोकप्रिय पंजाबी कवर्स गाए। इसके बाद फैब म्यूजिक बीट्स आर्टिस्ट रबिका वधावन ने अपनी दमदार आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुर्रा प्रोजेक्ट के दूसरे दिन शनिवार को आयोजन स्थल पर 20ग्र से अधिक दर्शकों की भारी भीड़ देखी गई। फन एक्ट्स और हाउस डी जे के साथ दिन की शुरुआत शाम के लिए सही रागिनी सेट करते हुए भांगड़ा परफॉर्मेंस के साथ हुई। राशि सूद के जबरदस्त प्रदर्शन और डीजे गौरी के सेट के साथ, भीड़ को संगीत पर थिरकते देखा गया।

20वीं शाम की शुरुआत फंकी बॉयज और मनी औजला की तिकड़ी के साथ हुई, जिन्होंने मंच पर धूम मचाई और सिद्धू मूसेवाला को श्रद्धांजलि दी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। रविवार को हेडलाइनर कोई और नहीं बल्कि मशहूर गायक गुरदास मान साब जी थे, जो पंजाब सर्किट में सबसे सम्मानित कलाकार हैं और अभी भी दिल से युवा हैं। अपनी मोहक आवाज से लेकर हाथों में डफली (पारंपरिक वाद्ययंत्र) के साथ अपने पारंपरिक डांस स्टेप्स तक, उन्होंने अपने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। पीढ़ी दर पीढ़ी के प्रशंसक इस दुर्लभ पल को उनके सदाबहार, सबसे पसंदीदा गानों के साथ जी रहे थे, जो पंजाबी संगीत उद्योग की विरासत बन गए हैं।

# भारती कॉलेज में अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल के साथ राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आजादी** का अमृत महोत्सव के 75 साल और दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज के वाणिज्य विभाग की प्रो. सलोनी गुप्ता की संयोजकता में इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च द्वारा प्रायोजित सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल्स फॉर आत्मनिर्भर भारत विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्रमुख दिग्गजों डॉ. बलराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे, साथ ही प्रोफेसर एचपी गर्ग, पूर्व प्रोफेसर आईआईटी दिल्ली, मुख्य अतिथि, प्रोफेसर एके सिंह, डीन और प्रमुख शामिल थे। वाणिज्य विभाग और प्रोफेसर एके भागी, अध्यक्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ वक्ता थे। इस समहोह में पहले दिन मुख्य वक्ता और उद्योग के विशेषज्ञों ने आत्मनिर्भर होने के लिए अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों को कौशल उन्हें उद्यमिता और रोजगार सृजन के कौशल के साथ साथ कई स्टार्टअप कंपनियों ने अपने इनोवेटिव बिजनेस मॉडल भी प्रस्तुत किए। संगोष्ठी का समापन भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ के उप निदेशक, डॉ. राधा गोयल द्वारा भारत में अपशिष्ट प्रबंधन: संचलन के माध्यम से स्थिरता पर संबोधन के साथ किया गया। उन्होंने स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन और बचे हुए संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए सर्कुलर इकोनॉमी दृष्टिकोण अपनाने पर ठोस कचरे से रोजगार, आय और राजस्व उत्पन्न करने के लिए भारत की क्षमता पर दर्शकों को संबोधित किया।

# पांच साल से कम उम्र के बच्चों में फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती होने का खतरा सात गुना ज्यादा रहता है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**इंडियन** एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने छह महीने से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को हर साल टीका लगवाने का सुझाव दिया है। बच्चों में पूरे साल फ्लू का खतरा रहता है, विशेष रूप से सर्दियों में और मानसून में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होने में करीब दो हफ्ते का समय लग जाता है, इसलिए मानसून या सर्दियों का मौसम आने के दो से चार हफ्ते पहले टीका लगवा लेना चाहिए। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में न केवल फ्लू के कारण ज्यादा परेशानी होने का खतरा रहता है, बल्कि वे अन्य लोगों को संक्रमित भी कर सकते हैं।

सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण की जरूरत को लेकर फोर्टिस हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन एवं नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. अमित गुप्ता ने कहा, 'छह महीने से पांच साल की उम्र तक के बच्चों में फ्लू के कारण स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। लेकिन अब हमारे पास 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण के रूप में बच्चों को फ्लू से बचाने का एक प्रभावी तरीका उपलब्ध है। अपने डॉक्टर से इस बारे में पूछें। माता-पिता के रूप में अपने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की दिशा में आप यह कर सकते हैं कि उन्हें फ्लू जैसे ऐसे संक्रमणों से बचाएं, जिनसे बचाव के विकल्प उपलब्ध हैं। विशेषरूप से सर्दियों के मौसम में फ्लू संक्रमण के ज्यादा मामले देखे जाते हैं।'

फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है और यह नाक, गले व फेफड़े पर असर डालता है। इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं खांसी, बुखारी, गले में खराश, थकान, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द। संक्रमित लोगों के बोलने, छींकने या खांसने से वायरस आसानी से दूसरों में पहुंच सकता है। सांसों के साथ बाहर आने वाले ड्रॉपलेट प्रत्यक्ष तौर पर स्वस्थ लोगों तक पहुंच सकते हैं या किसी सतह पर गिरकर वहां से किसी अन्य को संक्रमित कर सकते हैं, जैसे किसी दरवाजे पर वायरस हो सकते हैं, जिसे कोई स्वस्थ व्यक्ति छूकर वायरस के संपर्क में आ सकता है। ज्यादातर लोग कुछ दिन या हफ्ते में ठीक हो जाते हैं, लेकिन 5 साल से कम उम्र के बच्चे, खासकर दो साल से कम उम्र के बच्चे और जिन बच्चों को पहले से कोई गंभीर बीमारी हो, उनमें फ्लू के कारण बहुत ज्यादा बीमार पड़ने का खतरा रहता है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ सकता है। बच्चों में न्यूमोनिया और ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर परेशानियों का भी खतरा रहता है, क्योंकि उनका इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में सांस संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे 5 साल से कम उम्र के 11 प्रतिशत बच्चे फ्लू से संक्रमित होते हैं। भारत में 5 साल से कम उम्र के बच्चों में इन्फ्लूएंजा के कारण जान गंवाने की दर भी ज्यादा है। भारत में 1,00,000 में से करीब 10 बच्चों में इन्फ्लूएंजा के कारण मौत का खतरा रहता है।

# लुप्त हो रही संस्कृति को संरक्षित कर रहा है गीता महोत्सव

## शिल्प और सरस मेले के छटे दिन पर्यटकों ने जमकर की खरीदारी

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** की लोक कला और संस्कृति की लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी कई विधाओं को संरक्षित करने का काम अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कर रहा है। इस महोत्सव में ढेरु गायन गाथा, बाजीगर कला और कच्ची घोड़ी जैसी लोक कलाओं को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देखा जा रहा है। इस महोत्सव से न केवल लोक संस्कृति को जींवत रखने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जा रहा है बल्कि लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। अहम पहलू यह है कि ब्रह्मसरोवर के तट पर ढेरु गाथा गायन ग्रुप के कलाकार हरियाणवी संस्कृति का रंग जमा रहे हैं।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा कला परिषद और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के साथ-साथ राज्य सरकार की तरफ से हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति को संरक्षित करने और कलाकारों को एक मंच मुहैया कराने का काम अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जरिए किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रदेशों के उन लोक नृत्यों को कलाकार प्रस्तुत कर रहे हैं, जो लोक कला लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। लोक कलाकार मोहन ने बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया कि हरियाणा प्रदेश में कुछ ही कलाकार ही बचे हैं जो बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजा कर जोगी नाथ बीन सपेरा परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनके ग्रुप में उनके अन्य साथी कलाकार भी उनके साथ इस कला को जीविंत रखने का काम कर रहे हैं। सभी कलाकार पारम्पकि वेशभूषा से सुसज्जित होकर बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। यह महोत्सव लोक कलाकारों का एक बड़ा मंच बन चुका है। सरकार द्वारा इस प्रकार के कलाकारों को ओर अधिक प्रोत्साहित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे मंच उपलब्ध करवाने चाहिए। महोत्सव के शिल्प मेले के छटे दिन हरियाणा के विभिन्न गांवों के लोक कलाकारों ने ब्रह्मसरोवर के उत्तरी तट पर ढेरु गाथा गायन की प्रस्तुती देकर पर्यटकों को झूमने पर मजबुर कर दिया। इन लोक कलाकारों ने ढेरु गाथा गायन के जरिए गुरु गोरखनाथ की गाथा, बाबा जाहरवीर की गाथाओं का गुणगान किया। इन लोक कलाकारों का कहना है कि यह लोक कला विलुप्त करने के कगार पर पहुंच चुकी है। सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से लोक कलाओं को जींवत रखने का प्रयास किया जा रहा है।


ब्रह्मसरोवर के तट पर सजा सामान।


महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### बिछड़ों को मिला रहा सूचना केन्द्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव 2022 में ब्रह्मसरोवर के मुख्य द्वार पर जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की तरफ से सूचना केन्द्र स्थापित किया गया हैं। इस सूचना केन्द्र के माध्यम से बिछड़ों को मिलाने का काम कर रहा हैं। डीआईपीआरओ डॉ. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस सूचना केन्द्र से पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को पल-पल की जानकारी दी जा रही है। सूचना केन्द्र पर विजय कुमार, बरखा राम, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, राजकुमार शर्मा, संदीप बत्रा हैं।

### नीरज अपनी बेहतरीन लकड़ी नक्काशी कला का कर रहे प्रदर्शन

**लकड़ी** की नक्काशी शिल्पकला से पुश्तों से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से सम्मान हासिल कर रहा है शिल्पकार नीरज का परिवार।

इस हस्त शिल्पकार को अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 में पहली बार आने का अवसर प्राप्त हुआ है और यहां पर आकर एक अच्छे अनुभव को साथ लेकर जाएंगे। इस महोत्सव में आमंत्रित करने पर उन्होंने सरकार और प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया है। इस बार गीता महोत्सव के स्टाल नंबर 697 पर अपने शिल्पकला को पर्यटकों के लिए सजा कर रखा है। हस्त शिल्पकार नीरज बोंडवाल ने बातचीत करते हुए कहा कि लकड़ी की नक्काशी हस्त शिल्पकला में महारत हासिल कर छह बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्रियों सहित अन्य वीवीआईपी द्वारा सम्मानित हो चुके हैं। हरियाणा के हस्त शिल्पी नीरज बोंडवाल सरस मेले के स्टॉल 697 पर अपनी कला के बेहतरीन नमूनों को प्रदर्शित कर रहे हैं। कला ऐसी है कि देखने वाले आश्चर्य में पड़ जाए। अपनी इसी कला के लिए नीरज बोंडवाल वर्ष 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा शिल्प गुरू का सम्मान पा चुके हैं, जोकि राष्ट्रीय स्तर पर किसी हस्तशिल्पी को मिलने वाला सबसे बड़ा सम्मान है।



### शिल्प मेले में पहंचे 45 राष्ट्रीय व राज्य अवॉर्डी शिल्पकार

**एनजेडसीसी** के अधिकारी महेन्द्र कुमार व राजेश बस्सी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2022 में एनजेडसीसी की तरफ से 230 से ज्यादा शिल्पकार पहुंच चुके है। इन शिल्पकारों में नौ शिल्पकार राष्टद्रीय अवॉर्डी, पांच राष्ट्रीय प्रमाण पत्र से सम्मानित, 17 स्टेट अवॉर्डी, दो संत कबीर अवॉर्डी, एक कलानिधि, एक शिल्पगुरु, एक हैंडीक्राफ्ट, नौ राज्य स्टेट प्रमाण पत्र, एक एमएसएमई मंत्रालय से शामिल हैं।

### महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में पर्यटकों ने खूब की खरीदारी

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के शिल्प और सरस मेले में पर्यटकों ने वीरवार को जमकर खरीदारी की है। एक तरफ जहां पर्यटक ब्रह्मसरोवर के तट पर खिली धूप में विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों का स्वाद चख रहे थे, वहीं अलग-अलग स्टॉलों पर जाकर खरीददारी भी कर रहे थे। इतना ही नहीं युवा वर्ग मेले में सेल्फी लेकर अपने आपको आनंदित महसूस कर रहे है।


महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### शिल्पकला सिखाने के साथ रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है सफलता स्वयं सहायता समूह

**कहते** हैं जब कुछ कर गुजरने का हौसला हो तो इंसान अपनी मेहनत से सफलता की नई ऊचांइयों को भी छू सकता है। ऐसा ही कुछ नजारा ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर गीता महोत्सव के सरस और क्राफ्ट मेले में देखने को मिल रहा है। शिल्प और सरस मेले में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों ने स्टॉल स्थापित किए हैं। इन स्टॉलों पर इन स्वयं सहायतों समूहों ने हस्त शिल्पकला से तैयार किए अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया है। इन स्वयं सहायता समूहों ने जहां स्वयं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है, वहीं ये अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। इन समूह की एक टीम में अधिकतर 10 से 12 सदस्य होते हैं, जो कि विभिन्न प्रकार की हस्त शिल्पकला के उत्पाद तैयार करके अपने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आय का उपार्जन कर रहे हैं। इतना ही नहीं यह सफलता स्वयं सहायता समूह पूरे हरियाणा में फैले हुए हैं, जो कि घर बैठी गृहणियों को रोजगार के अवसर भी प्रदान कराते हैं। पलवल से आई कमलेश ने बताया कि वे स्वयं सफलता स्वयं सहायता समूह में प्रशिक्षण लेकर शिल्पकला सीखी है तथा इस शिल्पकला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में भी किया है जिनकी पर्यटक जमकर खरीदारी और प्रशंसा करते हैं।

### जादूगर सम्राट शंकर ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर एवं फ्री स्वास्थ्य कैंप में दवाइयां वितरण के छटवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में जादूगर सम्राट शंकर ने उदघाटन किया। इस दौरान सम्राट शंकर जादूगर ने जादू की झलकियां दिखा कर रक्तदाताओं का मनोरंजन कर उनका हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विश्व में हर चीज मिल जाएगी, मगर रक्तदान सिर्फ रक्तदानियों से ही मिलेगा, क्योंकि प्रभु द्वारा बनाई गई यह प्रक्रिया रक्त किसी फैक्ट्री और किसी कारखाने में नहीं बनता है, न हीं मैं इसे जादू से बना सकता हूं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ इंसानियत का एक स्वरूप है।

### चिकित्सा शिविर का किया जा रहा है आयोजन

**आयुष** विभाग कुरूक्षेत्र द्वारा अन्तरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को ब्रह्म सरोवर पर 21 नवंबर से भव्य एवं विशाल आयुष प्रदर्शनी, नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सुदेश जाटियान द्वारा बताया गया कि आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इस भव्य प्रदर्शनी एवं चिकित्सा शिविर आदि का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस भव्य प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि किस प्रकार एक स्वस्थ व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की रक्षा करके निरोग जीवन जी सकता है। शिविर में विभाग के अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा लोगों का आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इलाज एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श तथा रोगियों को नि:शुल्क औषधियां वितरित की जा रही है।

# कुवि प्रशासन एवं छात्र प्रतिनिधियों में बनी सहमति

## छात्रावास मैस में सर्वेंट चार्जेस को लेकर छात्रों को मिली राहत व छूट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में वीरवार को छात्र प्रतिनिधियों एवं कुवि अधिकारियों के बीच बातचीत सकारात्मक रही। छात्रों की मांगों को लेकर बैठक में आपसी सहमति बन गई है। आपसी सहमति बनने के बाद छात्र प्रतिनिधियों ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुवि अधिकारियों के सकारात्मक रवैया तथा कार्यशैली का स्वागत किया है।

बैठक के बाद कमेटी के संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रोफेसर अनिल वशिष्ठ ने बताया कि अब हॉस्टल में कॉपरेटिव मैस में छात्रों से 720 रुपये प्रति महीना तथा कॉन्ट्रैक्ट मैस में छात्रों से 300 रुपए प्रति महीना लिया जाएगा। पहले सर्वेंट चार्ज दोनो तरह के छात्रावासो में 800 रुपये प्रति महीना था। सर्वेंट चार्ज के नए रेट पुरुष एवं महिला छात्रावास दोनों पर समान रूप से लागू होंगे। इससे छात्रों को सर्वेंट चार्ज में राहत व छूट मिली है और छात्रों में व उनके प्रतिनिधियों में खुशी की लहर है। सर्वेंट चार्ज का बाकी हिस्सा विश्वविद्यालय स्वयं वहन करेगा। बैठक में छात्र प्रतिनिधियों के साथ कमेटी के संयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर अनिल वशिष्ठ, कुवि प्रॉक्टर प्रोफेसर सुनील ढींगरा, महिला एवं पुरुष छात्रावास चीफ वार्डन प्रोफेसर नीलम ढांडा व प्रोफेसर डी एस राणा, विधि विभाग के प्रोफेसर दलीप कुमार, चीफ सिक्योरिटी आफिसर प्रोफेसर अनिल गुप्ता मौजूद थे।

# ग्रीन अर्थ संगठन चला रहा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति अभियान

## कपड़े का थैला लेकर महोत्सव में आएं और महोत्सव को प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान दें

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**ग्रीन** अर्थ संगठन की टीमें जिला प्रशासन के सहयोग से महोत्स्व के पहले दिन से ब्रह्मसरोवर पर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति अभियान चला रही हैं। टीम को सरस मेले में लगी चार स्टॉलों में प्लास्टिक बैग्स तथा खान-पान की दो दुकानों से प्लास्टिक फिल्म लगी प्लेट्स व कटोरियां मिली हैं।

संगठन सदस्य मोनिका भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2010 से लगातार ग्रीन अर्थ संगठन गीता महोत्सव में प्लास्टिक व थमोर्कोल मुक्ति अभियान चला रहा है। ब्रह्मसरोवर के सभी घाटों पर कपड़े के बैनर्स लगाकर सभी को जागरूक किया जा रहा तथा हर स्टाल से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने के बारे में अंडरटेकिंग ली गई हैं। पांच टाइम सुबह से देर रात तक दुकानदारों को जागरूक व निगरानी कर रही हैं। संगठन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों जैसे पत्ते से बने दोने /प्लेट्स, पत्तल, मिट्टी के कुल्हड़, पेपर पाइप, लकड़ी के चम्मच-कांटे, कागच के लिफाफे आदि की स्टाल लगाकर जागरूक भी किया जा रहा है। संगठन सदस्य एडवोकेट सुशील कुमार ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर दुकानदार व आम ग्राहक पर 500 से 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। संगठन के प्रयासों से वर्ष 2011 और 2021 में महोत्सव को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त-स्वच्छ आयोजन का सर्टिफिकेट मिल चुका है। इस बार भी इसके लिए पूरी तैयारी से कार्य किया जा रहा है।

संगठन ने आमजन से अपील की है कि सिंगल यूज प्लास्टिक तथा प्लास्टिक बैग्स का प्रयोग न करें तथा वे कपड़े का थैला लेकर महोत्सव में आएं और महोत्सव को प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान दें।


अभियान चलाते ग्रीन अर्थ के सदस्य।

# पुरानी पेंशन नीति बहाल ना होने पर होगा आर-पार का आंदोलन : धारीवाल

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति हरियाणा में 2006 के बाद नियुक्त कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए 2018 से लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रही है। इसके लिए संघर्ष समिति द्वारा प्रदेश में लगातार पेंशन आंदोलन चलाया का रहा है। कई बार बड़ी रैलियों के साथ-साथ ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रदर्शन करती रही है।

प्रदेश के सभी विभागों के संगठन एक मात्र मांग पुरानी पेंशन बहाली के किए पेंशन बहाली संघर्ष समिति के साथ समर्थन में खड़े हैं। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति सम्बंधित नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रयास से चार राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और पंजाब में पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है और अन्य कई राज्यों में जल्द बहाल हो सकती है। संघर्ष समिति की राज्य कार्यकारिणी ने गठबंधन सरकार से प्रदेश में आगामी शीतकालीन सत्र में पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने की मांग की। अन्यथा पेंशन बहाली संघर्ष समिति प्रदेश में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

राज्य कार्यकारिणी में ऋषि नैन, अनूप लाठर, प्रमोद ईष्टकान, कमलदीप हुसैनी, विजेन्द्र टंडन, देवराज बाल्यान, उषा दहिया, प्रतिभा चौहान, रमेश जांडली, सुजीत यादव, अमित ढिल्लों, आनंद कंवर, विजय भुना, संदीप शर्मा, मोहित कुमार, प्रवीन देसवाल, ऋषि स्वामी, सुरेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र कादयान, सुखबीर दुहन, शिव कुमार, कुलदीप शर्मा, शिव कुमार शास्त्री, हंसराज, राजेश कुमार, राजेश ढुल, ज्ञान गिल, पुरषोत्तम मजोका ने एक संयुक्तरूप से कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली का वादा करने के बावजूद गठबंधन सरकार प्रदेश के कर्मचारियों से वादाखिलाफी कर रही है। जिसको लेकर प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। अगर शीतकालीन सत्र में पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती तो संघर्ष समिति प्रदेश में बड़े निर्णायक और आर-पार केआंदोलन की घोषणा करेगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी गठबंधन सरकार की होगी।


पेंशन बहाली संघर्ष समिति की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

### मैक कान्वेंट विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस उड़ान का आयोजन

**फरीदाबाद।** मैक कान्वेंट विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस उड़ान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे डाक्टर शारिक हुसैन स्टेटस एगिजक्यूटिव मैंबर ऑफ स्पोर्टस, रोटेरियन अल्पिका गर्ग प्रेसीडेंट ऑफ रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली, पूर्व पार्षद योगेश ढीगड़ा, रोटेरियन प्रियंका बिष्ट भूटानी हयूमेन राइटस डिस्ट्रिक प्रेसीडेंट, रोटेरियन रश्मि महाजन, मिसेज काव्या चावला, मिस्टर रविश तनेजा निदेशक ऑफ गेयर-अप मिस्टर महेन्द्र तनेजा निदेशक ऑफ मैक कान्वेंट स्कूल। इन सभी ने खेल के महत्व को बताते हुए उसे बच्चों के विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य मिसेज रीटा तनेजा तथा उपप्रधानाचार्य मिसेज स्वाति तनेजा ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की दौड़ के अतिरिक्त अन्य विभिन्न कार्यक्रम भी हुए,जो काफी अच्छे थे। बच्चों ने ड्रामा ड्रिल और नृत्य प्रस्तुत किया जो अत्यंत प्रशंसनीय था। अभिभावकगण भी उपस्थित हुए और बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# हरियाणा योग आयोग लगाएगा योग साधना शिविर

## 28 नवंबर को सामूहिक योगाभ्यास के साथ होगा कार्यक्रम का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग द्वारा 29 नवंबर से चार दिसंबर तक छह दिवसीय योग साधना शिविर आयोजित किया जाएगा।

आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के संरक्षण एवं आयोग के रजिस्ट्रार डॉ. हरीश चंद्र की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र की प्रमुख 12 योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ कश्यप राजपूत धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन आयोग के सदस्य डॉक्टर मनीष कुकरेजा ने किया। बैठक में निर्णय लिया कि 28 नवंबर को प्रात छह से 7:30 बजे तक मेला ग्राउंड कथा स्थल पर सभी संस्थाओं द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। 29 नवंबर से 4 दिसंबर तक प्रतिदिन ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में पतंजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान, महिला पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग, योगभारती, आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, जिओ गीता, मानव उत्थान सेवा समिति, प्रजापिता ब्रह्माकमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हार्टफुलनेस आदि संस्थाओं में से प्रतिदिन एक एक संस्था द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा जिसमें सूर्य नमस्कार तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कॉमन प्रोटोकॉल के अतिरिक्त संस्था द्वारा अपनी अपनी विधि से ध्यान साधना कराई जाएगी। बैठक में भारतीय योग संस्थान से डॉ. मनीष कुकरेजा, मान सिंह, गुलशन ग्रोवर, सीमा सांगवान व जगवीर सांगवान, पतंजलि योग समिति से पालाराम, हंसराज ठाकुर, चंद्रभान, महेंद्र सिंह व जयप्रकाश, महिला पतंजलि योग समिति से डॉ. निरुपमा भट्टी, आर्ट ऑफ लिविंग से अक्षय मित्तल व ललित माटा, आयुष विभाग से मनजीत सिंह, डॉ. कुलवंत सिंह व डॉ महिपाल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### 16वें वार्षिक कव्वाली एवं भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** गांव गोलपुरा में समाजसेवी उमेश गर्ग के व्यापारिक स्थल पर बाबा नौ गजा पीर पर 16वें कव्वाली व विशाल भंडारे का आयोजन किया। कव्वाली कार्यक्रम से पूर्व महंत केशव दास महाराज की अध्यक्षता में पीर बाबा की चादर चढ़ाने की रस्म अदा की गई, जोकि नगर खेड़ा महाराज से चल कर पीर बाबा की दरगाह पर पहुंची। समाजसेवी उमेश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में वेदांती महाराज, तुलसा राम दिंगम्बर अखाड़ा, अंबाला से योगी बाबा पाल नाथ, मध्यप्रदेश से महंत साधूराम दास, शिमला से जगदीश पाल जी, महंत राम लखन, चित्रकूट से महंत, संतों ने अपनी वाणी से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान कव्वालों ने कव्वाली के माध्यम से बाबाजी का गुणगान किया, जिसे सुन कर श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। कव्वाली कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर नपा प्रधान गुलशन कवात्तरा, तिलक राज अग्रवाल, कमित सचदेवा, विजय ठकराल, शुभम साहनी, जयनाथ पांडे, अनिल कुमार सहित गांववासी व शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### धर्म रक्षा के लिए गुरु साहिब ने दी शहादत



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद में गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज के शहीदी दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने गुरु साहिब जी के जीवन मूल्यों, आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि सिखों के 9वें गुरु साहिब धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान करने वाले उच्च व्यक्तित्व थे। मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर 24 नवंबर 1675 को गुरु साहिब का शीश धड़ से अलग किया था। औरंगजेब ने उनको सिख धर्म छोड़ कर इस्लाम स्वीकार करने का दबाव डाला था, लेकिन गुरु साहिब उसके दबाव के आगे नहीं झुके। उन्होंने धर्म परिवर्तन की बजाय शहादत को चुना। उन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता का बड़ा संदेश दिया। गुरु साहिब की शहादत दुनिया में मानव अधिकारों के लिए पहली शहादत थी, इसलिए उन्हें सम्मान के साथ हिंद की चादर कहा जाता है। गुरु तेग बहादुर की याद में उनके शहीदी स्थल पर गुरुद्वारा शीश गंज साहिब शोभायमान है। मौके पर उपप्राचार्य वीरेन्द्र सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन सहित सभी स्टॉफ सदस्य तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

### गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाया



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** माता रुक्मणी राय आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल खरींडवा में गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी दिवस मनाया। पंजाबी अध्यापिका राज राजेन्द्र कौर व गगन ने बच्चों को गुरु साहिब के जीवन इतिहास के बारे में बताया। गुरु साहिब ने किस प्रकार अपने युग के शासन वर्ग की मानवता विरोधी नीतियों को कुचलने के लिए अपना बलिदान दिया। बच्चों ने उनकी रचित वाणी के श्लोकों का उच्चारण किया। सभी छात्रों ने गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का प्रण लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य बीबनदीप कौर ने बच्चों को गुरु साहिब की तरह अपने जीवन में ईश्वरीय निष्ठा, करुणा, प्रेम, सहानुभूति, त्याग और बलिदान जैसे मानवीय गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अपने इन्हीं गुणों के कारण उन्हें हिन्द दी चादर भी कहा जाता है। विद्यालय प्रबंधक समिति ने भी बच्चों को गुरु साहिब के जीवन आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। बच्चों सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### गीता महोत्सव में आज उपायुक्त करेंगे जादू शो का शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर पिछले 48 सालों से भारत की जादू कला को बचा रखे हुए है। इस आर्ट को जिंदा रखने के लिए ही अब तक 30 हजार में से 28 हजार शो चेरिटी के लिए किए है। इस विश्व विख्यात जादूगर ने कोरोना काल, बाढ़, कारगिल युद्ध, मुख्यमंत्री राहत कोष, रेडक्रॉस सहित अन्य संस्थाओं में भी आर्थिक सहयोग किया है। इस वर्ष प्रसिद्ध जादूगर शंकर सम्राट अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 में हरियाणा कलाकीर्ति भवन के ओपर एयर थियेटर में 25 नवंबर से जादू का शो शुरू कर रहे हैं। यह शो सात दिन तक चलेगा। शो का उद्घाटन 25 नवंबर को उपायुक्त शांतनु शर्मा करेंगे। विश्व विख्यात जादूगर शंकर सम्राट वीरवार को केडीबी के सभागार में बनाए गए मीडिया सेंटर में पत्रकारों से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव में अपने रोजाना जादू के शो का मुख्य थीम पवित्र ग्रंथ गीता और महाभारत के साथ जोड़ने का एक नया प्रयास किया गया है। इस देश में जादू की कला को जिंदा रखने के लिए 1974 से लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस देश की 130 करोड़ की आबादी में महज 13 विख्यात जादूगर ही इस कला को बचाकर रखे हुए हैं। यह जादू की कला एक साधना है। इस कला के माध्यम से लोगों को हिप्नोटाइज किया जाता है और कुछ ट्रिक्स के माध्यम से अपनी कला से लोगों का मनोरंजन किया जाता है। इस कला के माध्यम से लोगों के अंधविश्वास और भ्रांतियों को दूर किया जाता है तथा लोगों को कर्म करने का संदेश दिया जाता है। इस शो के लिए सरकार से केवल खर्चा ही लेंगे और उनके रोजाना शो पूर्णत: नि:शुल्क रहेंगे।

### दिसंबर में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी पंचकूला के डिप्टी चेयरमैन गुरविंदर सिंह धमीजा के मार्गदर्शन में सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैठक की गई। बैठक के दौरान पंजाबी साहित्य, इतिहास व सभ्याचार के प्रचार-प्रसार व विकास के विषय में विचार विमर्श किया गया। स्कूल के अध्यापक मेहरबान सिंह, पीजीटी सुनीता व सिमरजीत कौर बैठक में विशेष तौर पर शामिल हुए। हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के वक्ता और सोसायटी प्रधान गुरचरण सिंह दर्दी द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुरविंदर कौर ने विस्तृत जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य भूपिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी पंचकूला के डिप्टी चेयरमैन गुरविंदर सिंह धमीजा और सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसायटी साहा द्वारा पंजाबी साहित्य के प्रचार व प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सोसायटी के सहयोग से दिसंबर माह में बच्चों की परीक्षा के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय संबंधों का प्रारंभिक बिन्दु

# देशों में भरोसेमंद और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान देना जरूरी : जयशंकर

**विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023 में वर्ष भर के कार्यक्रमों के अग्रिम उद्घाटन पर कहा**



एजेंसी। नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने खाद्य सुरक्षा को अंतरराष्ट्रीय संबंधों एवं कूटनीति का प्रारंभिक बिन्दु करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देशों को खाद्यान्न के अधिक विविधतापूर्ण स्रोत तलाशने, अधिक उत्पादन करने तथा भरोसेमंद एवं टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने पर ध्यान देने की जरूरत है।

अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के दौरान भारत में वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों के अग्रिम उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों एवं कूटनीति का महत्वपूर्ण आयाम एवं प्रारंभिक बिन्दु खाद्य सुरक्षा का विषय है। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्रीय स्तर पर एक दूसरे देशों के बीच संबंध की बात आती है, तब भी हम यह देखते हैं कि एक दूसरे के साथ कैसे इसका (खाद्यान्न) आदान प्रदान कर सकते हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा महत्वपूर्ण हो जाती है। विदेश मंत्री ने कहा, अगर हम आज की दुनिया पर विचार करें तब तीन बड़ी चुनौतियां उसी ही सामने आती हैं। यह कोविड, कंफ्लिक्ट (संघर्ष) और क्लाइमेट (जलवायु) हैं। इन तीनों का ही खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भी खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव पड़ा और इसके कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था को खतरे की स्थिति का सामना करना पड़ा।

जयशंकर ने बताया कि भारत में भी कोविड के कारण लॉकडाउन लगा तो पड़ोसी देशों सहित कुछ खाड़ी के देश चिंतित हुए क्योंकि वे हमसे खाद्य पदार्थों का नियमित आयात करते थे। उन्होंने कहा कि हमने उन देशों को आश्वस्त किया कि हम खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखेंगे।

### संघर्ष होने से खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी

**यूक्रेन** संघर्ष का उल्लेख करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि यह संघर्ष इस बात का उदाहरण है कि किसी संघर्ष का खाद्य सुरक्षा पर किस प्रकार प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन गेहूं का प्रमुख निर्यातक देश रहा है, ऐसे में इस क्षेत्र में संघर्ष का प्रभाव देखा गया। उन्होंने कहा कि इसीलिए जब संघर्ष होगा तब खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी, आपूर्ति प्रभावित होगी।

# लोकतांत्रिक चर्चा के बाद समान नागरिक संहिता को लागू करेगी भाजपा : शाह

**कहा, जन संघ के दिनों से ही भाजपा ने जनता से किया है ऐसा एक वादा**

**हर धर्म के व्यक्ति के लिए संसद राज्य विधानसभाओं से पारित एक ही कानून हो**



एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सभी लोकतांत्रिक चर्चाओं और बहसों के पूरा होने के बाद देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को प्रतिबद्ध है।

यूसीसी के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि यह जन संघ के दिनों से ही भाजपा द्वारा देश के लोगों से किया गया एक वादा है। एक सम्मेलन में गृह मंत्री ने कहा, न सिर्फ भाजपा ने, बल्कि संविधान सभा ने भी संसद और राज्यों को उचित समय आने पर यूसीसी लागू करने की सलाह दी थी, क्योंकि किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश में कानून धर्म के आधार पर नहीं होने चाहिए।

यदि राष्ट्र और राज्य धर्मनिरपेक्ष हैं तो कानून धर्म पर आधारित कैसे हो सकते हैं? हर धर्म के व्यक्ति के लिए संसद या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित एक ही कानून होना चाहिए। शाह ने दावा किया कि समय बीतने के साथ संविधान सभा की इस प्रतिबद्धता को भुला दिया गया। उन्होंने कहा, भाजपा को छोड़कर, कोई भी दल समान नागरिक संहिता के समर्थन में नहीं है। एक लोकतंत्र में स्वस्थ चर्चाएं जरूरी हैं। इस मुद्दे पर खुली एवं स्वस्थ बहस किए जाने की जरूरत है।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा शासित तीन राज्यों-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात में सर्वोच्च अदालत और उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक पैनल गठित किया गया है, जिसके सामने अलग-अलग धर्मों के लोग इस मुद्दे को लेकर अपनी राय जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इस अभ्यास में मिलने वाले सुझावों के आधार पर कार्रवाई करेंगे। सभी लोकतांत्रिक चर्चाओं के पूरा होने के बाद भाजपा यूसीसी लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गोवा में मोपा हवाई अड्डे का लोकार्पण जल्द होगा : प्रधानमंत्री

एजेंसी। पणजी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गोवा के मोपा में लगभग 3,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नए हवाई अड्डे का लोकार्पण जल्द किया जाएगा। गोवा सरकार की ओर से आयोजित रोजगार मेला में प्रदेश के विभिन्न विभागों में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं से 2047 तक नए भारत के निर्माण का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम करने का आह्वान भी किया।

वर्तमान में गोवा के वास्को स्थित डेबोलिम में एक हवाई अड्डा है। इसके प्रबंधन का जिम्मा भारतीय नौ सेना के पास है। अभी सिर्फ 70 विमानों का यहां से परिचालन होता है और यहां सुबह नौ बजे से अपराह्न दो बजे तक विमानों के उतरने पर मनाही है। मुख्यमंत्री प्रमोदी सावंत ने इसी साल जुलाई में कहा था कि मोपा हवाई अड्डे के तैयार हो जाने के बाद विमानों के परिचालन की संख्या 150 हो जाएगी। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, पिछले 8 वर्षों में केंद्र सरकार ने गोवा के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए का निवेश किया है। लगभग 3,000 करोड़ रुपए की लागत से मोपा में बने नए हवाई अड्डे का लोकार्पण भी जल्द ही होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे के निर्माण से जुड़े कार्यों में गोवा के हजारों लोगो को रोजगार मिला है।

रोजगार मेले में गोवा सरकार ने 1,250 युवाओं को राज्य सरकार में नियुक्ति से संबंधित पत्र सौंपे गए। जिन विभागों में युवाओं को नियुक्ति दी गई है उनमें पुलिस, अग्निशमन व आपातकालीन सेवा, योजना व सांख्यिकी और कृषि शामिल हैं। डोना पउला क्षेत्र स्थित राज भवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सावंत भी शरीक हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में गोवा पुलिस समेत अन्य विभागों में भी भर्तियां होने वाली हैं। उन्होंने कहा कि इससे गोवा पुलिस और मजबूत होगी तथा नागरिकों की खासकर के पर्यटकों की सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सुविधा बढ़ने वाली है। केंद्र सरकार व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों की सरकारों द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किए जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि जहां-जहां भाजपा सरकारें हैं... डबल इंजन की सरकारे हैं, वहां राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर ऐसे रोजगार मेले का आयोजन कर रही हैं। मोदी ने कहा कि गोवा में संपर्क और अवसंरचना विकास की जो परियोजनाएं जारी हैं उनसे भी राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। स्वयंपूर्ण गोवा पहल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ ही अवसंचरना को भी बेहतर बना रहा है।

उन्होंने कहा, गोवा टूरिज्म मास्टर प्लान एंड पॉलिसी के जरिए राज्य सरकार ने गोवा के विकास का नया खाका भी तैयार किया है। इससे पर्यटन क्षेत्र में निवेश और बड़ी तादाद में रोजगार बढ़ने की नई संभावनाएं बनी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा के ग्रामीण क्षेत्रों को भी आर्थिक मजबूती देने और पारंपरिक खेती में रोजगार बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, धान, फ्रूट प्रोसेसिंग, नारियल, जूट, और मसालों का उत्पादन करने वाले किसानों को, स्वसहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है।

### यह चुनाव अगले 25 सालों के लिए गुजरात का भविष्य तय करने को लेकर है : पीएम



**पालनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात का आगामी विधानसभा चुनाव ना तो विधायक और ना ही सरकार चुनने को लेकर है, बल्कि यह अगले 25 सालों के लिए राज्य की किस्मत तय करने को लेकर है। बनासकांठा जिले के पालनपुर में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र और गुजरात की सरकारों ने राज्य में विकास के बहुत सारे काम किए हैं लेकिन अब समय लंबी छलांग लगाने का है।

### 400वें जयंती वर्ष के समापन समारोह को संबोधित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्ववर्ती अहोम साम्राज्य के जनरल लचित बोड़फूकन की 400वीं जयंती पर साल भर आयोजित कार्यक्रमों के समापन समारोह को शुक्रवार को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### असम: पेट्रोलियम कर्मचारी संघ ने मेघालय को ईंधन की आपूर्ति रोकी

**गुवाहाटी।** असम में पेट्रोलियम कर्मचारियों के शीर्ष निकाय ने बृहस्पतिवार को कहा कि असम से जा रहे वाहनों पर हमले की खबरों के बाद इसने मेघालय में ईंधन के परिवहन को रोक दिया है। इससे पहले असम-मेघालय सीमा पर हिंसा में छह लोगों की मौत हो गई थी। हिंसा की पृष्ठभूमि में वाहनों पर कथित हमले हुए हैं।

असम पेट्रोलियम मजदूर यूनियन ने आईओसी, एचपीसीएल, और बीपीसीएल समेत सभी पीएसयू तेल विपणन कंपनियों को अलग-अलग पत्र भेज कर टैंकरों में ईंधन नहीं भरे जाने के यूनियन के फैसले के बारे में अवगत कराया। आईओसी के पूर्वोत्तर मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस तरह का पत्र मिलने की पुष्टि की है। हालांकि, नुमालीगढ़ रिफाइनरी के प्रवक्ता ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को अब तक पत्र नहीं मिला है। बीपीसीएल इस रिफाइनरी से अपने उत्पाद मेघालय भेजता है। एचपीसीएल अधिकारियों से इस संबंध में अब तक कोई टिप्पणी नहीं मिली है।

### कनाडा में भारतीय मूल के किशोर की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में भारतीय मूल के किशोर की हाईस्कूल की पार्किंग में एक अन्य किशोर ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। भारतीय मूल के किशोर की पहचान महकप्रीत सेठी के तौर पर हुई है। सरे में तमानाविस सेकेंडरी स्कूल की पार्किंग में मंगलवार को झगड़े के बाद 17 वर्षीय एक लड़के ने उसे चाकू मार दिया था।

### मैंने ही सबसे पहले महापौर का इस्तीफा मांगा था : थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने तिरुवनंतपुरम की महापौर के खिलाफ जारी प्रदर्शन को अपना समर्थन देते हुए कहा कि कुछ लोग जानबूझकर मामले पर उनके रुख की अनदेखी कर रहे हैं। तिरुवनंतपुरम नगर निगम की महापौर के खिलाफ यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के प्रदर्शन का समर्थन नहीं करने के आरोप लगा रहे लोगों पर निशाना साधते हुए थरूर ने कहा कि उन्होंने ही सबसे पहले महापौर का इस्तीफा मांगा था। तिरुवनंतपुरम की महापौर अपने उस कथित पत्र को लेकर विवादों में हैं, जिसमें उन्होंने नगर निकाय में अस्थाई पदों पर नियुक्ति के लिए माकपा कार्यकर्ताओं की सूची मांगी थी। सांसद थरूर ने कहा कि वह महापौर के आचरण और कांग्रेस प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को देखकर बेहद नाराज हैं।

## लंदन : नीरव मोदी ने प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की अनुमति मांगी

एजेंसी। लंदन



**लंदन की हाईकोर्ट ने हाल ही में भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था**

**भगोड़े** हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने लंदन उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर कर अपने भारत प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगी है।

लंदन की उच्च न्यायालय ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण घोटाले के मामले में करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी और धन शोधन के आरोपों का सामना करने के लिए हाल ही में नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था। नीरव (51) अभी लंदन के वैंड्सवर्थ कारागार में बंद है। आम जनता के हित से जुड़े कानून के एक बिंदु के आधार पर उसके पास अपील दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, नीरव को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की राह में अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं। भारतीय अधिकारियों की ओर से काम कर रही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) के अब नीरव के नए आवेदन का जवाब देने की उम्मीद है, जिसके बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लिखित में फैसला देंगे। क्रिसमस की छुट्टियों की वजह से यह मामला और भी लटक सकता है।

### रूस के पीछे हटने के बाद यूक्रेन की सेना ने बनाई नई योजना

**खेरसॉन।** यूक्रेनी निशानेबाज ने अपने दायरे को समायोजित करते हुए नाइपर नदी के पार एक रूसी सैनिक पर 0.50 कैलिबर की गोली से निशाना साधा। इससे पहले, दूसरे यूक्रेनी सैनिक ने रूसी सेना की टोह लेने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। कुल मिलाकर खेरसॉन से बाहर निकलने के दो सप्ताह बाद रूस तोप से यूक्रेन के इस दक्षिणी शहर पर गोले बरसा रहा है, जबकि यूक्रेन अपने लंबी दूरी तक निशाना साधने वाले हथियारों से पलटवार कर रहा है।

उनकी सेना अपनी गति को बनाए रखना चाहती है। यूक्रेन के साथ जारी नौ महीने के युद्ध में कब्जाई गई एकमात्र प्रांतीय राजधानी से भी रूस की वापसी उसकी सबसे करारी हार थी। यूक्रेनी सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब जब उसके सैनिकों ने नई स्थिति हासिल की है तो सेना नई योजना बना रही है। यूक्रेनी सेना अब रूस-नियंत्रित क्षेत्रों में अंदरुनी सीमा तक हमले कर सकती है और संभवत: क्रीमिया के करीब अपनी जवाबी कार्रवाई कर सकती है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने मुनीर को नया सेना प्रमुख चुना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को बृहस्पतिवार को देश का नया सेना प्रमुख चुना। मुनीर निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे।

बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। बाजवा (61) को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें 2019 में तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के और विस्तार का अनुरोध करने की संभावना से इनकार कर दिया था। देश की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने ट्विटर पर घोषणा की कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नामित किया है।

## मस्जिद ने महिलाओं की एंट्री बैन का फैसला पलटा, गरिमा बनाए रखने की अपील की

**हाल ही में तीन मुख्य प्रवेश द्वारों पर चस्पा किये थे नोटिस**

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** की जामा मस्जिद महिलाओं की अकेले एंट्री पर लगे बैन को वापस ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने मस्जिद के शाही इमाम बुखारी से इस बैन को हटाने की अपील की थी, जिसे शाही इमाम ने मान लिया है। हालांकि उन्होंने यह कहा है कि मेरी अपील है कि मस्जिद आने वाले लोग जगह की गरिमा बनाएं रखें।

दरअसल गुरुवार दिन में जामा मस्जिद ने महिलाओं की अकेले एंट्री पर बैन लगाया था। मस्जिद की दीवारों पर नोटिस की कॉपी लगाई गई थी, जिसके मुताबिक मस्जिद में लड़की या लड़कियों का अकेले आना मना किया गया था। यानी लड़कियों के ग्रुप को भी मस्जिद के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी।

इसे लेकर मस्जिद प्रशासन ने वजह बताई थी कि अकेली लड़कियां मस्जिद में लड़कों को टाइम देकर मिलने बुलाती हैं। यहां डांस वीडियो बनाती हैं, हम इस पर रोक लगा रहे हैं। हालांकि इस मसले पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मस्जिद को नोटिस जारी किया था। आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद जामा मस्जिद के प्रवक्ता सबीउलह खान ने सफाई दी थी कि यह बैन उन महिलाओं पर लागू नहीं होगा जो परिवार या पति के साथ आती हैं। यह कदम मस्जिद परिसर में गलत हरकतों को रोकने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा था कि महिलाओं पर रोक नहीं लगाई गई है। परिवार या शादीशुदा जोड़ों पर कोई बैन नहीं है, लेकिन लड़कियां यहां अकेली आती हैं, लड़कों को मिलने का टाइम देती हैं। यहां गलत हरकतें होती हैं, लड़कियां मस्जिद में डांस करती हैं।

### दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने फैसले को गलत बताया था

**स्वाति** मालिवाल ने कहा कि जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री रोकने का फैसला बिल्कुल गलत है। महिलाओं और पुरुषों के बीच इबादत के अधिकार को लेकर फर्क नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वे जामा मस्जिद को इस मामले में नोटिस जारी कर रही हैं।

## मलेशिया के सुल्तान ने अनवर को नया प्रधानमंत्री घोषित किया

एजेंसी। कुआलालंपुर



**मलेशिया** के सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने सुधारवादी विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम को बृहस्पतिवार को देश का नया प्रधानमंत्री घोषित किया। इससे मलेशिया में खंडित जनादेश वाले आम चुनावों के बाद कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया।

सुल्तान ने कहा कि अनवर को बृहस्पतिवार शाम पांच बजे शाही महल में मलेशिया के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। आम चुनाव में अनवर के नेतृत्व वाले गठबंधन पाकतन हरपन (उम्मीदों के गठबंधन) को सर्वाधिक 82 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, यह गठबंधन सरकार गठन के लिए जरूरी 112 सीटों के आंकड़े से काफी पीछे रह गया था। चुनाव में मलय समुदाय से मिले अप्रत्याशित समर्थन के कारण पूर्व प्रधानमंत्री मुहीद्दीन का मलय-केंद्रित पेरिकटन नेशनल (राष्ट्रीय गठबंधन) 72 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था। पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी 49 सीटों पर जीत के साथ इस गठबंधन का सबसे बड़ा दल बनकर उभरी थी। गतिरोध का समाधान उस समय हो गया, जब चुनाव में 30 सीटें जीतने वाले यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (यूएमएनओ) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने एक ऐसी एकता सरकार का समर्थन करने की सहमति जता दी, जिसका नेतृत्व अनवर के हाथों में होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### चीनः कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन की अवधि बढ़ाई

**बीजिंग।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लॉकडाउन की अवधि को बढ़ा दिया गया है। झोंगझोउ के आठ जिलों की कुल आबादी करीब 66 लाख है और वहां लोगों को बृहस्पतिवार से लेकर पांच दिन तक अपने-अपने घरों में रहने को कहा गया है। शहर की सरकार ने संक्रमण से निपटने की कार्वाई के तहत वहां व्यापक स्तर पर जांच के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि झोंगझोउ इन दिनों खबरों में बना हुआ है, जहां स्थित एप्पल के आईफोन के दुनिया के सबसे बड़े कारखाने में कर्मचारियों को कथित तौर पर पुलिस ने संविदा संबंधी विवाद के चलते पीटा और हिरासत में रखा।

### अंतरिक्ष की यात्रा करेगा एक दिव्यांग

**पेरिस।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने एक सड़क हादसे में अपने पैर गंवाने वाले एक व्यक्ति को अंतरिक्ष यात्रियों के अपने नए समूह में शामिल कर इतिहास रच दिया है। जॉन मैकफॉल (41) ने 19 साल की उम्र में अपना दाहिना पैर खो दिया था। उन्होंने कहा कि उनका चयन इतिहास में एक बड़ा पड़ाव साबित होगा। उन्होंने कहा, ईएसए एक शारीरिक रूप से अक्षम अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजने को प्रतिबद्ध है...यह पहली बार है कि किसी अंतरिक्ष एजेंसी ने इस तरह की परियोजना शुरू करने का प्रयास किया और वास्तव में मानवता के नाम एक बड़ा संदेश दिया है। मैकफॉल ने कहा, मैं खुद को लेकर आश्वस्त हूं। करीब 20 पहले मैं अपना पैर खो बैठा था, मुझे पैरालंपिक में जाने का मौका मिला और उससे भावनात्मक रूप से मैं काफी बेहतर हुआ। जीवन में आई हर चुनौती से मुझे आत्मविश्वास और बल मिला।

### पैदल हज करने की मांग करने वाले भारतीय की खाचिका खारिज

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने बुधवार को वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें सरकार से पैदल हज यात्रा करने के इच्छुक 29 वर्षीय भारतीय नागरिक को वीजा देने का अनुरोध किया था। वह व्यक्ति हज के लिए पाकिस्तान के रास्ते पैदल सऊदी अरब जाना चाहता था। केरल के रहने वाले शिहाब भाई अपने गृह राज्य से रवाना हुआ था। पिछले महीने वह वाघा बॉर्डर पहुंचने तक उसने लगभग 3,000 किलोमीटर का सफर तय किया था। लेकिन वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तान के आव्रजन अधिकारियों ने उसे रोक दिया क्योंकि उसके पास वीजा नहीं था। बुधवार को लाहौर उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने शिहाब की तरफ से स्थानीय नागरिक सरवर ताज द्वारा दाखिल याचिका खारिज कर दी।

### दुष्कर्म के मामले में 63 वर्षीय व्यक्ति को उम्रकैद

**धुबरी।** नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में 63 साल के व्यक्ति को एक स्थानीय अदालत ने पॉक्सो कानून के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई है। धुबरी की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), पोली काटोकी ने बुधवार को व्यक्ति को दोषी करार दिया और सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर कानून की धारा छह के तहत 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इस अपराध को आठ महीने पहले अंजाम दिया गया था, जब बच्ची अपने घर पर अकेली थी। पीड़िता ने अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी और उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर आरोपी को पकड़ा तथा उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पॉक्सो कानून की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में जल्दबाजी पर सवाल उठाए

एजेंसी। नई दिल्ली

**न्यायमूर्ति ने कहा, हम अरुण गोयल की योग्यता पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं**



**उच्चतम** न्यायालय ने निर्वाचन आयुक्त के तौर पर अरुण गोयल की नियुक्ति में जल्दबाजी पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाए। वहीं, केंद्र ने न्यायालय की टिप्पणियों का विरोध किया और अटॉर्नी जनरल ने कहा कि गोयल की नियुक्ति से जुड़े पूरे मामले पर विस्तारपूर्वक गौर किया जाना चाहिए।

मामले की सुनवाई शुरू होने पर न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्वाचन आयुक्त के तौर पर गोयल की नियुक्ति से जुड़ी मूल फाइल पर गौर किया और कहा, यह किस तरह का मूल्यांकन है? हम अरुण गोयल की योग्यता पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। पीठ ने सवाल किया कि गोयल की चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्ति में बहुत तेजी दिखाई गई और उनकी फाइल 24 घंटे भी विभागों के पास नहीं रही। केंद्र ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी के जरिए इसका प्रतिवाद करते हुए पीठ से नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े पूरे मुद्दे पर विचार किए बगैर टिप्पणी न करने का पुरजोर अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान जब अटॉर्नी जनरल दलीलें दे रहे थे तो वकील प्रशांत भूषण ने पीठ के समक्ष दलीलें रखने की कोशिश की। इस पर शीर्ष विधि अधिकारी ने भूषण से कहा, कृपया थोड़ी देर के लिए चुप रहिए।

शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयुक्त और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। संबधित पक्षों से पांच दिन में लिखित जवाब देने को कहा। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने वेंकटरमानी से कहा, आपको अदालत को सावधानीपूर्वक सुनना होगा और सवालों का जवाब देना होगा। हम किसी उम्मीदवार पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल कर रहे हैं।

### नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बने

**केंद्र** ने उच्च न्यायालय के बुधवार को दिए निर्देश के अनुसार पीठ के समक्ष निर्वाचन आयुक्त के तौर पर गोयल की नियुक्ति की मूल फाइल पेश की जिस पर न्यायालय ने गौर किया। पीठ निर्वाचन आयुक्त और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

### प्रधानमंत्री के सभी फैसलों में संविधान की धज्जियां उड़ाई जाती हैं : कांग्रेस का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके द्वारा की गई लगभग सभी नियुक्तियां और उनके फैसलों में संविधान व परिपाटी की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने दावा किया कि उनके फैसले विचार-विमर्श के बिना होते हैं। पार्टी ने यह टिप्पणी ऐसे दिन की है जब उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयुक्त (ईसी) के तौर पर अरुण गोयल की नियुक्ति में जल्दबाजी को लेकर सवाल उठाया। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि नए निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में बहुत तेजी दिखाई गई। इसमें कोई नई बात नहीं है। मोदी के लगभग सभी फैसलों और उनके द्वारा की जाने वाली नियुक्तियों में परिपाटी और संविधान का उल्लंघन होता है।

# तीन परियोजनाओं का विदेशों में बजेगा डंका इजराइल, जर्मनी और जापान में होंगे रोड शो

● देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी यमुना सिटी में यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे और जेवर एयरपोर्ट के पास बसाई जाएगी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यमुना** सिटी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए अथॉरिटी विदेशों में डंका बजने जा रहा है। यमुना अथॉरिटी सबसे पहले इजराइल, जर्मनी और जापान में रोड शो करेगी। इन तीनों देशों में रोड शो दिसंबर माह में किए जाएंगे।

इन रोड शो के जरिए यमुना सिटी में बनाए जा रहे सरकार के सबसे बड़े ड्रीम प्रॉजेक्ट फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क और डाटा सेंटर पार्क समेत कई अहम प्रॉजेक्ट शामिल किए गए हैं। रोड शो के जरिए इजराइल, जर्मनी और जापान के उद्यमियों को यमुना सिटी में बसाए जा रहे तीन बड़े प्रॉजेक्ट के बारे में अवगत कराया जाएगा।

विश्वस्तरीय कंपनियों को बताया जाएगा कि यमुना सिटी में देश का सबसे बडा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा हवाईअड्डा बनाया जा रहा है। इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 6 रन-वे बनाए जाएंगे। इसके साथ ही यहां पर एमआरओ हब और कार्गो हब बनाए जा रहे हैं। जिससे उद्यमी अपने कच्चे और पक्के माल को देश-विदेश में कार्गो के जरिए आसानी से आयात-निर्यात कर सकें। दिसंबर में होने वाले रोड शो के लिए इजराइल, जर्मनी और जापान में भारत के राजदूतों व उद्यमियों से संपर्क साधा गया है।

यमुना सिटी में बनने वाला मेडिकल डिवाईस पार्क अपनी तरह का उत्तर भारत में पहला और देश का सबसे प्रोजेक्ट होगा। अभी तक मेडिकल डिवाइस पार्क में 37 देशी-विदशी कंपनियों को प्लॉट अलॉट किए जा चुके हैं। फिल्म सिटी की टेक्निकल बिड ओपन हो चुकी हैं। अब केवल प्राइस बिड खुलना बाकी है। देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी यमुना सिटी में यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे और जेवर एयरपोर्ट के पास बसाई जाएगी।

## बड़े भूखंड का होगा आवंटन

**नोएडा।** औद्योगिक भूखंड योजना के तहत आवेदन करने वाले आवंटी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बोली लगा सकते है। इस दौरान सेक्टर.164 में भूखंड संख्या 56 जोकि 4000 वर्गमीटर तक का है। इसके साथ 4000 वर्गमीटर से बड़े भूखंड के लिए बोली लगाई जाएगी। ये बोली एसबीआई के ई ऑक्शन पोर्टल वेब साइट के जरिए लगाई जाएगी। वहीं अधिक जानकारी नोएडा प्राधिकरण की ऑनलाइन वेबसाइट पर मिलेगी। इन योजना के तहत कौन बोली लगाए गा इसकी एक सूची 23 नवंबर प्राधिकरण की साइट पर दी जा चुकी है।

# लुक्सर जेल में 38 कैदी एचआईवी पॉजिटिव मिले




● सभी कैदियों का जेल में ही इलाज शुरू

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

**गौतमबुद्धनगर** जिले की जिला जेल लुक्सर जेल में बंद 38 कैदी जानलेवा बीमारी एड्स एचआईवी पॉजिटिव के रोगी पाए गए हैं।

उच्च पदस्थ सरकारी सूत्रों ने दावा किया है कि गौतमबुद्धनगर की जिला जेल में 38 कैदी एडस जैसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित हैं। इन सभी कैदियों को जेल में ही इलाज दिया जा रहा है। आपको बता दें कि उत्तरप्रदेश का गौतमबुद्धनगर जिला देश की राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है। इस जिले में कुछ भी होता है तो इसकी गूंज दूर तक सुनाई पड़ती है। यहां की जिला जेल को लुक्सर जेल के नाम से जाना जाता है। लुक्सर जेल में इन दिनों 2650 कैदी बंद हैं। इनमें से 38 कैदियों में एड्स के लक्षण पाए गए हैं। सभी मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। इस विषय में पता चला कि गाजियाबाद की जिला जेल में बंद 5500 कैदियों में से 140 को एडस नामक घातक बीमारी है। इसी प्रकार मेरठ की जिला जेल में भी 160 से अधिक कैदी इस जानलेवा बीमारी से पीड़ित हैं।

उप्र के पुलिस महानिदेशक जेल के कार्यालय में तैनात पीआरओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जेलों में आने वाले प्रत्येक कैदी की नियमित जांच की जाती है। इस जांच के आधार पर अलग.अलग बीमारियों का रिकॉर्ड रखा जाता है। जो संख्या बताई जा रही है वह कोई एक दिन में सामने नहीं आ गयी है। यह नियमित सूचना का हिस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार



अखिल भारतीय रेलवे चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरित करतीं आरडब्ल्यूडब्ल्यूसीओ अध्यक्ष मीना त्रिपाठी।

### बकाएदारों पर बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में जीडीए

**गाजियाबाद।** जीडीए अब बकाएदारों पर एक्शन लेगा। इसके लिए कॉलोनीवार ऐसे लोगों की सूची बनाई जाएगी जो जीडीए का पैसा अदा नहीं कर रहे हैं। बकाएदारों की सूची तैयार करने के बाद जीडीए इस प्रकरण पर एक्शन लेगा। जीडीए का अभी भी करीब एक हजार करोड़ से अधिक रुपया बकाया है। यह पैसा अगर मिल जाता है तो इससे जीडीए की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा ।साथ ही शहर में विकास की योजनाओं को भी स्पीड मिलेगी, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी जीडीए का यह पैसा आवंटी लौटा नहीं रहे है। इसी को लेकर जीडीए का प्रॉपर्टी विभाग एक बार फिर से एक्शन में आ गया है। जीडीए की कोशिश है कि बकाएदारों की फाइनल सूची तैयार की जाए। बकाएदार जीडीए का बकाया अदा नहीं कर रहे हैं उन पर एक्शन लिया जाए। जीडीए वीसी ने निर्देश दिए हैं कि वह बकाएदारों की सूची तैयार कर उन पर एक्शन ले।

### गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने किया लूट का पर्दाफाश

**नोएडा।** थाना सेक्टर फेस 3 पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने लूट के 6 मोबाइल फोन, 3 अवैध चाकू और फर्जी नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। यह लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। नोएडा में लगातार मोटरसाइकिल से मोबाइल लूट की घटनाएं सामने आ रही थीं। यहां पर राह चलते लोगों से अज्ञात बाइक सवार मोबाइल छीनकर फरार हो जाया करते थे। इन चोरों की तलाश में पुलिस काफी लंबे समय से लगी हुई थी।

### तहरीर मिलने पर होगी आरोपित दरोगा की जांच

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र की जल निगम चौकी के प्रभारी योगराज सिंह पर जो आरोप छात्रों, आरएसएस के पदाधिकारियों ने लगाये हैं उनकी जांच पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर मिलने पर की जायेगी। यह कहना है सीओ फर्स्ट अंशू जैन का। श्रीमती जैन ने बताया कि कल शाम जल निगम चौकी प्रभारी जब अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे तभी बाइक पर सवार दो लोगों ने पुलिस को देखकर अपनी बाइक पीछे की और मोड़ ली। शक होने पर पुलिस ने उनका पीछा करके उन्हें पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस ने जब उन दोनों युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने खुद को छात्र बताया और इसके बाद पुलिस ने बाइक का चालान काटकर दोनों को जाने दिया। श्रीमती जैन ने बताया कि उक्त मामले के कुछ देर बाद ही विद्यार्थी परिषद् से जुड़े कुछ छात्रों ने हिंदू संगठनों के साथ जल निगम चौकी के पास प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सीओ ने बताया कि हंगामे की सूचना मिलने के बाद एसएचओ अनिता चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गई। वहां धरने पर बैठे छात्रों व हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों को समझा.बुझाकर किसी तरह मामले को शांत करवाया।

### मोबाइल लूटकर भागा फिर फूट-फूटकर रोया

**नोएडा।** मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक का मोबाइल लूटकर भागा शख्स कुछ ही देर बाद फूट.फूटकर रोया। मर गए, मार डाला बोलकर रोता रहा और लंगड़ाकर चला। दअरसल, उसके पैर में पुलिस ने गोली मार दी थी। पकड़े जाने पर उसने पुलिस से माफी भी मांगी और दोबारा गलत काम न करने की कसम भी खाई। मामले का वीडियो भी सामने आया है। गुरुवार सुबह सेक्टर.8 में बुलेट शो रूम के पास से साजिद मॉर्निंग वॉक कर रहा था। तभी उसके मोबाइल पर एक दोस्त का फोन आया। वह टहलते हुए मोबाइल पर बात करते लगा। इसी बीच एक बाइक सवार उसका मोबाइल लूटकर भाग गया। साजिद ने बाइक सवार के पीछे चोर.चोर बोलते हुए भागा।

# पार्श्वनाथ डेवलपर्स के दो भूखंडों के आवंटन रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेनो प्राधिकरण में नहीं जमा कराये थे 281 करोड़ रुपये




**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स के सेक्टर पाई स्थित दो भूखंडों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। दोनों भूखंडों पर करीब 281 करोड़ रुपये की बकाया धनराशि न जमा करने और दोनों परियोजनाओं को पूरा न करने पर प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। प्राधिकरण इन दोनों भूखंडों को अपने कब्जे में लेकर नई स्कीम के जरिए आवंटित करेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ माहेश्वरी के निर्देश पर लंबे अर्से से बकाया रकम का भुगतान न करने और परियोजना को पूरा न करने वाले आवंटियों के खिलाफ प्राधिकरण ने कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने बुधवार को पार्श्वनाथ डेवलपर्स के दो प्रोजेक्टों का जमीन आवंटन निरस्त कर दिये हैं।

प्राधिकरण के बिल्डर विभाग की तरफसे पार्श्वनााथ डेवलपर्स को 2006 में भूखंड संख्या 11ए सेक्टर पाई में 25 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। लीज प्लान के अनुसार 2007 में 100095 वर्ग मीटर भूखंड की लीज डीड भी हो गई। डेवलपर ने कुल प्रीमियम 33.54 करोड़ रुपये में से 2007 तक 7.14 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया।

शेष धनराशि का भुगतान 13 किस्तों में 2013 तक करना था। इस परियोजना को भी 2013 में ही पूरा करना था, लेकिन डेवलपर ने न तो परियोजना को पूरा किया और न ही प्राधिकरण की बकाया धनराशि जमा की। बकाया भुगतान व परियोजना को पूरा करने का हवाला देते हुए डेवलपर को परमिशन बंधक अनुमति भी दी गई, लेकिन डेवलपर ने न तो परियोजना पूरी की और न ही बकाया भुगतान जमा किया।

# बाइक-भैंसा बुग्गी की भिड़ंत, दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के मोदीनगर के पैंगा सौंदा मार्ग पर गोशाला के पास बुधवार रात बाइक और भैंसा बुग्गी की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव पैंगा निवासी अंकित चौधरी 28 वर्ष अपनी पत्नी रेनू और 4 साल के पुत्र आरुष के साथ रहते थे। वह एक निजी कंपनी में काम करके परिवार का पालन.पोषण करते थे। अंकित शाम को बाइक से अपने दोस्त राज बहादुर 42 के साथ किसी काम से गांव सौंदा गए थे। देर रात को वह गांव सौंदा से वापस पैंगा आ रहे थे। बाइक को अंकित चला रहा था और राजबहादुर पीछे बैठा था। बाइक सवार गांव सौंदा पैंगा मार्ग पर गोशाला से थोड़ा आगे पहुंचे तो भैंसा.बुग्गी से सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुग्गी की रॉड अंकित की सीने में घुस गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को मोदीनगर के निजी अस्पताल में ले गए। यहां डॉक्टरों ने अंकित व राज बहादुर को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाली बुग्गी को जब्त कर थाने में खड़ा कर लिया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई । तहरीर आने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अंकित निजी कंपनी में काम करता था। राज बहादुर मजदूरी करके परिवार का पालन.पोषण करता था। दोनों की कमाई से ही परिवार का गुजर.बसर होता था।

## डंपर की चपेट में आया मोटरसाइकिल सवार

**नोएडा।** थाना रबूपुरा क्षेत्र में देर रात को एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि कासना गांव के रहने वाले नरेंद्र 30 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर मरहरा गांव के पास से गुजर रहे थे। तभी एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए ने टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उनकी मौत हो गई।

# दावा : जेल में रसूखदार के लिए हर इंतजाम आम बात

●जैन ने किसी आरोपी से अपनी जेल की कोठरी में मालिश कराई तो यह गैरकानूनी है : गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मंत्री सत्येंद्र** जैन के जेल की अपनी कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने और बाहर का खाना के वीडियो पर विवाद के बीच तिहाड़ जेल के एक पूर्व विधि अधिकारी ने दावा किया कि वहां ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां आम बात हैं और प्रभावशाली कैदियों की यौन इच्छाओं की पूर्ति तक की व्यवस्था वहां की जाती है।

तिहाड़ जेल में 1981 से 2016 तक विधि अधिकारी एवं प्रवक्ता के तौर पर काम करने वाले सुनील गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि रसूखदार लोगों को देश की सबसे बड़ी जेल में अधिकारियों के साथ ही कैदियों से सभी तरह की विशेष सुविधाएं मिलती थीं। गुप्ता ने कहा कि जब उन्होंने कुछ मामलों में शिकायत की तो उन पर कार्वाई भी की गई थी।

गुप्ता ने बताया कि उनके कार्यकाल में, उन्होंने प्रभावशाली लोगों को यौन इच्छाओं की पूर्ति की व्यवस्था करने के लिए कहते हुए तथा इन्हें हासिल करते हुए देखा। तिहाड़ के भीतर लौंडेबाजी सामान्य बात है और प्रभावशाली कैदी, दूसरे कैदियों से आपसी रजामंदी या जेल अधिकारियों की मदद से ये सब करने के लिए कहते हैं। सत्येंद्र जैन के मामले में विस्तृत जांच की आवश्यकता है। अगर जैन ने किसी आरोपी से अपनी जेल की कोठरी में मालिश कराई तो यह गैरकानूनी है क्योंकि परिसर में किसी कैदी को फिजियोथैरैपी देने के लिए भी अधिकृत वार्ड हैं। वह किसी आरोपी से अपनी कोठरी में मालिश नहीं करा सकते।

हालांकि, इस वायरल वीडियो ने गुप्ता को हैरान नहीं किया क्योंकि उनकी नजर में जेल में ऐसी गैरकानूनी गतिविधियां सामान्य हैं। गुप्ता ने दावा किया, उन्होंने मंत्रियों, कारोबारियों और उद्योगपतियों को खुश करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ते हुए देखी है। प्रभावशाली लोगों के साथ कौन नहीं जुड़ना चाहेगा। वे गरीब कैदियों को नौकरी, कानूनी सहायता और पैसे देने का वादा करते थे तथा उनसे अपनी मनमर्जी की सुविधा लेते थे। यहां तक कि जेल अधिकारी भी उनके इशारों पर नाचते हैं क्योंकि बदले में उन्हें धन, उनके रिश्तेदारों एवं अन्य को नौकरियां दिलाने का वादा किया जाता है।

पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने कहा, सुनील जो कह रहे हैं वह संभवत: उनके आने से पहले या मेरे जाने के बाद उनके कार्यकाल में हुआ होगा। तिहाड़ जेल में 1993-1995 तक महानिदेशक रहीं बेदी ने हालांकि, यह स्वीकार किया कि उन्हें कैदियों से कुकर्म समेत सभी तरह की शिकायतें मिलती थीं। उन्होंने एक मोबाइल बॉक्स के जरिए कैदियों की प्रतिक्रिया तथा शिकायतों के लिए एक व्यवस्था बनाई थी और यह बॉक्स केवल वही खोलती थीं। बेदी ने कहा, उनके कार्यकाल के वक्त किसी को इस तरह की सुविधा नहीं मिली। सभी के लिए नियम समान थे।

# सर्वधर्म सद्भाव: पीले हुए 3003 कन्याओं के हाथ

● केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने दिया आर्शीवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



श्रम विभाग के तत्वावधान में कमला नेहरु नगर में जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए पंडाल में आज 3003 जोडे विवाह बंधन में बंध गए।

सामुहिक विवाह कार्यक्रम में गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर से आए जोड़े शामिल हुए। सभी जोड़ों को उनके धर्म के अनुसार विवाह के रिति रिवाज संपन्न कराया गया। हिंदू धर्म के 1850, 1147 मुस्लिम जोड़े, तीन बौद्ध और तीन सिख जोड़ें का विवाह एक ही पंडाल में संपन्न कराया गया। इस दौरान सभी धर्म के गुरुओं ने विवाह की रस्में संपन्न कराईं। केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह एवं श्रम विभाग सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर ने वैवाहिक जीवन में बंधने जा रहे सभी जोड़ों को मंच से आशीर्वाद दिया।

बताया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों को वर्चुअल आशीर्वाद प्रदान करेंगे। विवाह से पूर्व ही वैवाहित सूत्र में बंधने वाले जोड़ों के बैंक खाते में 10 हजार रुपये की राशि प्रशासन द्वारा पहुंचा दी गई थी।

शेष 65 हजार रुपये की राशि तीन दिन में सभी जोड़ों के बैंक एकाउंट में पहुंचेगी। सुबह से ही पंडाल मे पंजीकरण के बाद जोड़ों की एंट्री कराई गई। सुविधा एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पंडाल को ब्लॉक में विभाजित किया गया था। हिंदू, मुस्लिम, सिख और बौद्व धर्म के धर्मगुरु विवाह संपन्न कराने क लिए सुबह से ही पंडाल में पहुंच चुके थे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, केसीडब्लू गोर्ड के अध्यक्ष डॉ रघुराज प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद ममता त्यागी, महापौर आशा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक, उप श्रमायुक्त रवि श्रीवास्तव, जिला पंचायम अध्यक्ष हापुड़ रेखानागर, एडीएम प्रशासन रितु सुहास, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप आदि ने विवाह बंधन में बधे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद श्रम विभाग सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंडल में मौजूद सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यूपी सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह ने वैवाहिक बंधन में बंधने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गाजियाबाद जनपद के लिए यह बड़ा दिन है।

सामूहिक विभाग सरकार का श्रमिकों को वह तोहफा है जिसे वे जिंदगी भर याद रखेंगे।

# अधर में भविष्य : आईएएस की तैयारी करें या मौके के लिए संघर्ष

## छात्रों को परेशान कर रहा कोरोना महामारी के चलते दो वर्ष की अधूरी तैयारी और सिविल सेवा परीक्षा से वंचित रहने का दर्द

अजीत तिवारी। नई दिल्ली

आंखों में आईएएस बनने का सपना संजोए हजारों अभ्यर्थियों को जिंदगी ने दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। उनके समक्ष हालात ऐसे बन गए हैं कि वे देश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसेवा के लिए मनोयोग से तैयारी करें या कोरोना महामारी की भेंट चढ़ चुके दो साल के बीच निकल गए अवसर को पाने के लिए संघर्ष करें।

कोरोना महामारी के दौरान पिछले दो वर्षों में विश्वव्यापी संकट का हर वर्ग को प्रत्येक स्तर पर सामना करना पड़ा था। प्रतियोगी परीक्षाओं खासकर सिविल सेवा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी भी इससे अछूते नहीं रहे। लोकसेवा के लिए परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने में एक साल का समय लगता है, लेकिन दो वर्षों (2020 और 2021) में लॉकडाउन, कोविड के कड़े नियमों के चलते राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी अभ्यर्थियों को घर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनकी तैयारी स्वास्थ्य कारणों, बेहतर अध्ययन सामाग्री के अभाव में बुरी तरह प्रभावित हुई। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि तैयारी करने वाले लाखों अभ्यर्थी इन्हीं दो वर्षों में परीक्षा की निर्धारित उम्र सीमा एवं अवसरों की संख्या को पार कर गए। इसके चलते उन्होंने सिविल सेवा की परीक्षा में भाग लेने की पात्रता खो दी।



सिविल सेवा में अतिरिक्त अवसर को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। ( फाइल फोटो )

### संसदीय समिति ने की अनुशंसा

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली 'विभागीय संसदीय स्थायी समिति' ने अपनी 112वीं रिपोर्ट में केंद्र सरकार से अनुशंसा की है कि सरकार संवेदनशीलता के आधार पर यूपीएससी सिविल सेवा के आकांक्षियों को अतिरिक्त अवसर और आयु सीमा में छूट प्रदान करे।

### देश के 100 सांसदों का खट-खटाया दरवाजा

**अभ्यर्थियों** ने अपनी मांग केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए लगभग 100 सांसदों के दरवाजों तक दस्तक दी है। इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को संबोधित पत्र भी लिखे गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने नरम रुख अपनाने को कहा

**इस** मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभिषेक आनंद सिन्हा बनाम भारत संघ (डब्ल्यूपी- 434/2021) मामले में सरकार से छात्रों के प्रति 'नरम रुख' अपनाने को कहा है। साथ ही अर्जित शुक्ला बनाम भारत संघ (डब्ल्यूपी-92/2022) मामले में सरकार से संसदीय समिति की अनुशंसा के आलोक में दो सप्ताह के भीतर विचार करने को कहा, लेकिन इस संबंध में कोई राहत नहीं मिली है।

मुखर्जी नगर में सिविल सेवा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी सुभाष ठाकुर कहते हैं कि समय के चक्र ने हमसे सब कुछ छीन लिया है। हमारे परिजनों की आशा धूमिल होती दिख रही है। हम अपने सपनों को मरता हुआ देख घोर निराशा से घिरे हुए हैं।

बनारस के गौरव ने बताया कि वर्ष 2020 में परीक्षा से एक महीना पहले कोरोना महामारी के चलते पिता को खोने के बाद भी सिविल सेवा की परीक्षा में शामिल हुआ। मैं केंद्र से सभी अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर दिए जाने की मांग करता हूं।

बिहार के औरंगाबाद के रोहित प्रियदर्शी ने कहा कि केंद्र सरकार को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों की पिछले दो साल की बर्बादी को देखते हुए सहानुभूतिपूर्वक कम से कम एक अतिरिक्त अवसर दिए जाने पर विचार करना चाहिए।

# कुत्ते को लेकर विवाद में चले लात घूसे, आपस में भिड़े

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में डॉग को गंदगी करने से रोकने पर कुछ युवकों ने एक दिव्यांग की बुरी तरह पिटाई की। उसको पहले लात घूसों से पीटा। फिर सड़क पर घसीटा।

इसके बाद सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। इससे दिव्यांग को गंभीर चोटें आई है। घायल व्यक्ति निजी हॉस्पिटल में भर्ती है। मामले में पुलिस ने डॉग मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर-2 निवासी मोहित कुमार ने बताया कि केतन सबरवाल नामक व्यक्ति रेलवे ट्रैक के पास गली में अपना डॉग घुमा रहे थे। इस गली में मोहित का घर है। मोहित ने घर के सामने डॉग को गंदगी कराने से मना किया। आरोप है कि इसी बात पर केतन सबरवाल समेत कई लोग इकट्ठा हो गए और मोहित की पिटाई शुरू कर दी। दिव्यांग मोहित सड़क पर गिर पड़े। इतने पर भी आरोपी उन्हें लात.घूसों से पीटते रहे।

मोहित ने बताया कि आरोपियों ने उनके सिर पर वार किया। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद कई लोगों ने वहां आकर उन्हें बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। मोहित की शिकायत पर थाना इंदिरापुरम पुलिस ने केतन सबरवाल के खिलाफ सेक्शन-323, 504, 506 में केस दर्ज कर लिया है। उधर, घायल मोहित का इलाज एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। इंस्पेक्टर देवपाल सिंह ने कहा घटना की जानकारी मिली है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# रिलेशनशिप में पार्टनर को पर्सनल स्पेस देना क्यों है जरूरी



किसी भी खुशहाल रिश्ते में पर्सनल स्पेस देना जरूरी होता है क्योंकि ऐसा न होने के चलते रिश्ते में घुटन का अहसास होने लगता है। जो रिश्ते को मजबूत बनाने की जगह पर कमजोर करने लगता है।

रिलेशनशिप में भले ही दो लोग एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हों। हर बात, हर फीलिंग और हर एक्सपीरियंस को शेयर करते हों। इसके बावजूद वो अपनी लाइफ में पर्सनल स्पेस चाहते हैं। इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि पर्सनल स्पेस देने से रिश्ते में दूरी आ सकती है। बल्कि इससे रिश्ता और भी मजबूत हो सकता है। अगर अपने पार्टनर को पर्सनल स्पेस देने की सोच कर आपके मन में नकारात्मक विचार आने लगते हैं। तो आप इस बारे में उनसे खुलकर बात कर सकते हैं। रिलेशनशिप काउंसलर शिवानी मिस्री साधु के अनुसार, किसी भी खुशहाल रिश्ते में पर्सनल स्पेस देना जरूरी होता है क्योंकि ऐसा न होने के चलते रिश्ते में घुटन का अहसास होने लगता है। जो रिश्ते को मजबूत बनाने की जगह पर कमजोर करने लगता है। इसलिए बेहद जरूरी है कि कपल पर्सनल स्पेस के महत्व को समझते हुए एक-दूसरे को स्पेस देना शुरू करें। इससे आपको कई तरह के फायदे हो सकते हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में।

### बॉन्डिंग मजबूत होगी

**एक**-दूसरे को पर्सनल स्पेस देने से आप दोनों की बॉन्डिंग मजबूत होगी। साथ ही एक-दूसरे के लिए आपका भरोसा बढ़ता जाएगा। इसके साथ ही आपके बीच छोटी-छोटी बातों पर तकरार नहीं होगी और अगर झगड़ा हो भी जाए, तो इससे एक-दूसरे की अहमियत को भी आप समझने लगेंगे।

### दोस्तों के साथ वक्त गुजार सकेंगे

**लाइफ** पार्टनर भले ही आपका कितना भी अच्छा दोस्त क्यों न हो या शादी से पहले रहा हो। फिर भी वो अपने बाकी दोस्तों के साथ समय गुजारना चाहता है। आज के दौर में ज्यादातर कपल्स वर्किंग होते हैं। ऐसे में ऑफिस और घर से अलग दोस्तों के साथ समय बिताने का टाइम उनको नहीं मिल पाता है। अगर आप एक-दूसरे को पर्सनल स्पेस देते हैं, तो इससे आप अपने दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। इससे आपको पॉजिटिव एनर्जी मिलने में मदद मिलेगी।

### पर्सनल ग्रोथ बढ़ेगी

**पार्टनर** को स्पेस देने से उसकी पर्सनल ग्रोथ बढ़ने में मदद मिलेगी। दरअसल, जब हमें खुद के लिए कुछ समय मिलता है तो हम अपनी कमियों को भी अच्छी तरह से महसूस कर पाते हैं। इन कमियों को सुधार कर हम कुछ बेहतर कर सकते हैं और नई स्किल्स सीखकर करियर में ग्रोथ को बढ़ा सकते हैं।

## इन बातों को ना करें नजरअंदाज, वर्ना कमजोर हो सकती है रिलेशनशिप!

**शादीशुदा** जिंदगी या फिर लव रिलेशनशिप में पार्टनर्स के बीच का संबंध कोई एक पड़ाव तक का नहीं होता है, इसमें ना जाने कितने ही उतार-चढ़ाव आते हैं। ये एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हर घड़ी दोनों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। लेकिन जीवन में कभी-कभी ऐसा भी समय आता है जब दोनों के बीच झगड़े भी हो जाते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में दोनों एक-दूसरे को मना लेते हैं और हाथ थामकर आगे बढ़ते रहते हैं।

आमतौर पर तो ऐसा ही होता है। क्योंकि कहते हैं कि रिश्ते में अटूट प्यार हो, तो सब बातें भुलाई जा सकती हैं। लेकिन अगर प्यार और विश्वास में जरा भी कमी आती है, तो बात बिगड़ जाती है। क्या आप जानते हैं, शादीशुदा जिंदगी या लव रिलेशनशिप में छोटी-मोटी लड़ाई-झगड़ों की वजह से ही नहीं, कुछ और बातें भी हैं, जो आपके पार्टनर संग आपके रिश्ते को खराब कर सकती है?

### रिस्पेक्ट इज फर्स्ट

जब हम किसी दूसरे को रिस्पेक्ट देंगे, तभी वो हमें रिस्पेक्ट देगा। ये एक सर्वमान्य नियम है। इसे हम ना जाने क्यों अपने रिलेशनशिप पार्टनर या लाइफ पार्टनर के साथ संबंधों पर लागू नहीं करते हैं। अगर आप अपने लाइफ पार्टनर या रिलेशनशिप पार्टनर को सम्मान नहीं देंगे। तो ये आपके प्यार भरे रिश्ते के लिए खतरनाक हो सकता है। ऐसा करने से बचें, रिस्पेक्ट योअर पार्टनर।



### विश्वास की कमी

प्यार की नींव विश्वास के रिश्ते पर टिकी होती है, जिस दिन ये नींव हिल जाती है, उसी दिन से रिश्ते में दरार आना शुरू हो जाती है। इसलिए ऐसा कोई काम ना करें जिससे आपके रिश्ते में विश्वास की कमी आ जाए। रिश्ते में विश्वास खोने से आप प्यार ही नहीं खोते, बल्कि रिश्ता भी खो सकते हैं।

### रोकना-टोकना, पाबंदी लगाना

एडल्ट होने के बाद हर कोई चाहता है कि वह अपने जीवन के फैसले खुद लें, उसे कहां जाना है, क्या करना है, किससे मिलना है। ये सब वो खुद तक करने में सक्षम है। लेकिन लव रिलेशनशिप या शादीशुदा जिंदगी में भी ये देखने को मिलता है कि लोग ये मानकर चलते हैं उसके सारे फैसले मैं करूं, या फिर उसने मुझसे क्यों नहीं पूछा? ऐसे में लोग अपने पार्टनर पर कई तरह की पाबंदियां थोंप देते हैं। ऐसे में रिश्ते में खटास आना लाजमी है।

### टाइम की कमी होना

हम चाहते हैं कि हमारा पार्टनर हर मुश्किल वक्त में हमारे साथ खड़ा हो, लेकिन क्या हम ऐसा उसकी तरफ से भी सोचते हैं? मतलब क्या पता उसे जब हमारी जरूरत हो, तब हम उसके पास ना रहते हों? प्यार के रिश्ते में अगर दोनों पार्टनर के पास एक दूसरे के लिए टाइम ना हो तो बिना किसी लड़ाई-झगड़े की नौबत आए रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए ऐसी नौबत ना आने दें। अपने पार्टनर को टाइम दें, उसके साथ वक्त बिताए, उसकी जरूरत को समझें, उसे प्यार दें।

# एफडी पर घटते ब्याज दरों से चिंतित न हों, यहां करें इन्वेस्टमेंट, मिलेगा बेहतर रिटर्न

आप अपने इन्वेस्टमेंट बेनिफिट्स को बढ़ाने के लिए लैडरिंग टेकनीक के माध्यम से भी एफडी में इन्वेस्ट कर सकते हैं। समय पर अपना टारगेट पूरा करने और टोटल इन्वेस्टमेंट रिस्क को कम करने के लिए अपने पोर्टफोलियो को सही ढंग से डाइवर्सिफाई करना चाहिए। इस दृष्टि से, आप यहां दिए गए कुछ अन्य इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स पर विचार कर सकते हैं।

**इस** मुश्किल समय में, कई इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स पर कम रिटर्न मिल रहा है। फिक्स्ड-डिपोजिट (एनफडी) पर वांछित-से-कम रिटर्न मिल रहा है। ऐसी परिस्थिति में, आप अपने पैसे अपने फाइनेंसियल लक्ष्यों, रिस्क क्षमता, मौजूदा आमदनी और पैसे की जरूरत को ध्यान में रखते हुए स्थिर रिटर्न पाने के लिए अन्य प्रोडक्ट्स में इन्वेस्ट कर सकते हैं। 2019 से कई मौकों पर रेपो रेट में कटौती करने के आरबीआई के फैसले के बाद एनफडी रेट्स में पिछले कुछ महीनों में गिरावट देखने को मिली है। लेकिन, रेट कम होने और रिटर्न टैक्सेबल होने के बावजूद, एफडी, अपने कम-रिस्की नेचर के कारण, अभी-भी अनगिनत इन्वेस्टर्स का पसंदीदा इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट बना हुआ है क्योंकि इस मुश्किल समय में कैपिटल प्रोटेक्शन, कैपिटल वृद्धि जितना जरूरी हो गया है। एफडी, बहुत ज्यादा लिक्विड इंस्ट्रूमेंट्स भी हैं, जो मुश्किल समय में काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने इन्वेस्टमेंट बेनिफिट्स को बढ़ाने के लिए लैडरिंग टेकनीक के माध्यम से भी एफडी में इन्वेस्ट कर सकते हैं। समय पर अपना टारगेट पूरा करने और टोटल इन्वेस्टमेंट रिस्क को कम करने के लिए अपने पोर्टफोलियो को सही ढंग से डाइवर्सिफाई करना चाहिए। इस दृष्टि से, आप यहां दिए गए कुछ अन्य इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स पर विचार कर सकते हैं।

**स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स :** जैसे पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, आदि, इन पर गारंटीड रिटर्न मिलता है जो आम तौर पर एफडी से अधिक होता है। इसके अलावा, स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स, अत्यंत टैक्स-कुशल भी होते हैं। लेकिन, इनमें से कइयों का इन्वेस्टमेंट पीरियड काफी लंबा होता है, इसलिए लिक्विडिटी एक समस्या हो सकती है।

**वोलंटरी प्रोविडेंट फंड :** यदि आप एक वेतनभोगी प्रोफेशनल हैं तो आप चाहें तो वीपीएफ के माध्यम से अपने मैंडेटरी ईपीएफ में टॉप-अप कर सकते हैं। वीपीएफ पर भी एफडी से अधिक रिटर्न मिलता है। इसमें इन्वेस्टमेंट रिस्क कम होता है और यह अत्यंत टैक्स-कुशल भी होता है। लेकिन यह, एफडी जितना लिक्विड नहीं होता है।

**इक्विटी फंड एसआईपी :** यदि आप कम-से-कम पांच साल के लिए इन्वेस्ट करना चाहते हैं और कुछ इन्वेस्टमेंट रिस्क उठा सकते हैं तो एसआईपी के माध्यम से एक हाइली-रेटेड इक्विटी फंड में इन्वेस्ट करने से, लंबे समय में एफडी की तुलना में काफी अधिक रिटर्न मिल सकता है। इसके अलावा, इक्विटी फंड, स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स से अधिक लिक्विड होता है और एक इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) में इन्वेस्ट करने पर, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80 फीसद के तहत 1.5 लाख रुपये तक का टैक्स डिडक्शन बेनिफिट भी मिलता है।

**डेब्ट फंड एसआईपी :** यदि आपका इन्वेस्टमेंट होराइजन और रिस्क क्षमता कम है तो आप एसआईपी मोड में एक हाइली-रेटेड डेब्ट फंड में भी इन्वेस्ट कर सकते हैं। लेकिन, आपको क्रेडिट रिस्क फंड्स या उन डेब्ट फंड्स से दूर रहना चाहिए जहां लंबे होल्डिंग पीरियड वाले एसेट्स में इन्वेस्ट किया जाता है।

**सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स :** आप अपने पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के लिए लेकिन डिजिटल रूप में अपने गोल्ड इन्वेस्टमेंट को थोड़ा बढ़ाने के बारे में भी सोच सकते हैं क्योंकि डिजिटल गोल्ड की शुद्धता और उसे संभालकर रखने की चिंता नहीं रहती है। डीमैटरियलाइज्ड ऑप्शंस जैसे गोल्ड म्यूच्यूअल फंड्स, गोल्ड ईटीएफ, और एसजीबी में से, एसजीपी शायद सबसे अच्छा ऑप्शन है क्योंकि इसमें सोने की कीमत से अधिक गारंटीड इंटरेस्ट इनकम भी मिलता है और रिडेम्पशन पर कोई कैपिटल गेन्स टैक्स भी नहीं लगता है। लेकिन आपका टोटल गोल्ड इन्वेस्टमेंट, आपके टोटल पोर्टफोलियो के वैल्यू के 10 फीसद से अधिक नहीं होना चाहिए क्योंकि लंबे समय में सोने की कीमत एक-जैसी बनी रहती है।



# स्मार्ट होम डिवाइस कैसे आपके खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं?

एक रिसर्च तो ये भी कहती है कि स्मार्ट डिवाइस का इस्तेमाल घरेलू हिंसा को बढ़ावा दे रहा है और रिश्तों में कड़वाहट ला रहा है। खासतौर से स्मार्टफोन का इस्तेमाल तो सबसे ज्यादा खतरनाक है।

**तकनीक** ने इंसान की जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है। आज लगभग हम सभी के घरों में ऐसे स्मार्ट डिवाइस हैं जो हमारे इशारों पर काम करते हैं। अलेक्सा से लेकर सिरी और गूगल होम तक, स्मार्ट लाइट बल्ब, सिक्योरिटी कैमरे और घर के तापमान नियंत्रित करने वाले थर्मोस्टेट इसकी मिसाल हैं।

इन्हें तकनीक की भाषा में इंटरनेट ऑफ थिंग कहते हैं। यहां तक कि हम अपनी रसोई में जिन उपकरण का इस्तेमाल करते हैं उनमें भी कई तरह के सेंसर लगे होते हैं। कहा जा रहा है कि अगले दस साल में इनका इस्तेमाल और बढ़ने की संभावना है, लेकिन बहुत से लोग इन डिवाइस के बढ़ते इस्तेमाल से खौफजदा हैं। वो इन्हें जासूस कहते हैं। ऐप, या इंटरनेट से चलने वाली डिवाइस हमारे आदेशानुसार चलते हैं। हम इन्हें जो भी कमांड देते हैं वो इनमें स्टोर हो जाती हैं।

### किस रूप में हो सकता है इस्तेमाल?

**इस** जानकारी का इस्तेमाल किसी भी रूप में किया जा सकता है। एक रिसर्च तो ये भी कहती है कि स्मार्ट डिवाइस का इस्तेमाल घरेलू हिंसा को बढ़ावा दे रहा है और रिश्तों में कड़वाहट ला रहा है। खासतौर से स्मार्टफोन का इस्तेमाल तो सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे किसी भी इंसान की निजता पूरी तरह खत्म हो जाती है। स्मार्टफोन के लिए कई ऐसे ऐप हैं, जिनसे किसी भी शख्स की जासूसी उसकी जानकारी के बिना हो सकती है। बहुत से मां-बाप अपने बच्चों पर नजर रखने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। हमारे घरों में लगे कैमरे भी बाहर वालों के साथ-साथ घर वालों पर भी नजर रखते हैं। घर में कौन आया, किस कमरे में गया, कितनी देर वहां रहा सब कुछ आपको घर से दूर रहने पर भी पता चल जाता है। यहां तक कि आप कब घर से बाहर निकले, कब घर के अंदर आए ये जानकारी भी आपके कैमरे में मौजूद रहती है जिसका इस्तेमाल किसी भी रूप में किया जा सकता है।

## घरेलू हिंसा के मामलों में उछाल

**एक** स्टडी बताती है कि जो बच्चे अपने घरों में महिलाओं के साथ हिंसा देखते हैं बड़े होकर वो भी वैसा ही करते हैं। लॉकडाउन के इस समय में भी घरेलू हिंसा के मामले बहुत ज्यादा बढ़े हैं। जानकारों ने ये भी चिंता जाहिर की है कि अगर लॉकडाउन अगले 6 महीने के लिए बढ़ाया गया तो घरेलू हिंसा के मामलों में भयानक उछाल आएगा। बहुत से लोग तो अभी ये भी नहीं जानते कि तकनीक से किस किस तरह से शोषण किया जा सकता है। मिसाल के लिए जिस कमरे में आप सो रहे हैं, अचानक वहां का तापमान बढ़ा दिया जाए। इंटरनेट कनेक्टेड लॉक से आपको कमरे में बंद कर दिया जाए। या आधी रात में आचानक डोर बेल बजा दी जाए। घर में घुसने वाले दरवाजे का कोड आपको बताए बिना बदल दिया जाए। ये सभी हरकतें आपको दिमागी तौर पर परेशान करने वाली हैं और घरेलू हिंसा के दायरे में आती हैं, लेकिन अक्सर महिलाएं इस बारीकी को समझ नहीं पातीं।



## जासूसी कराने वाले दिमागी मरीज

**साइबर** सिक्योरिटी एक्सपर्ट का कहना है कि अपने पार्टनर के मैसेज की तांकझांक, फोन की लोकेशन ट्रैक करने वाले ऐप या पार्टनर के कैमरे में घुसने की इजाजत देने वाली डिवाइस में 35 फीसद का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात है कि जिसकी जासूसी की जाती है उसे पता भी नहीं होता और उसके फोन में ऐप डाल दिया जाता है। ये सरासर किसी की निजता के अधिकार का हनन और एक बड़ा जुर्म है, लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसे लोगों पर लगाम कसने के लिए बहुत कम हेल्पलाइन हैं। ब्रिटेन में रिफ्यूजी नाम की एक हेल्पलाइन है, जो ऐसे लोगों पर नजर रखती है, लेकिन देखा गया है कि ऐसी हेल्पलाइन भी बहुत मददगार नहीं हैं। वो सबसे पहले पीड़ित को पासवर्ड या डिवाइस बदलने का मशवरा देती हैं। और जब ऐसा होता है तो हालात और बिगड़ जाते हैं। ऐसे जासूसी करने वाले पार्टनर से रिश्ता खत्म करके भी पिंड नहीं छूटता।

### माइक्रोफोन टेबलेट से पत्नी की जासूसी

**अगर** घर में इंटरनेट से चलने वाले ताले लगे हैं, तो घर से दूर रहने पर भी किसी को घर में बंद किया जा सकता है। स्मार्ट डिवाइस बनाने वालों ने सोचा भी नहीं होगा कि इनका इस्तेमाल एक दूसरे की जिंदगी को नियंत्रित करने और उस पर नजर रखने के लिए किया जा सकता है, लेकिन ऐसा हो रहा है। इसकी मिसाल हम एक केस में देख भी चुके हैं। ब्रिटेन में रॉस केयर्न्स नाम के एक व्यक्ति ने घर में तापमान नियंत्रित करने वाले माइक्रोफोन टेबलेट से अपनी पत्नी की जासूसी की थी, जिसके जुर्म में उसे 11 महीने की सजा हुई थी। ऐसे कई और मामले भी सामने आ चुके हैं। जानकारों का कहना है कि एक-दूसरे को बुरा-भला कहना, मारपीट करना रिश्तों में कड़वाहट लाने के पुराने तरीके हैं, लेकिन स्मार्ट डिवाइस के जरिए जिस तरह के अपराध हो रहे हैं वो ज्यादा खतरनाक हैं। एक ही घर में जब तमाम स्मार्ट डिवाइस का कंट्रोल घर के किसी एक व्यक्ति के हाथ में होता है, तो वहां रहने वाले अन्य व्यक्तियों से नियंत्रण छिन जाता है।

### घरेलू हिंसा की बड़ी वजह भी

**डिवाइस** के जरिए की जाने वाली निगरानी धीरे-धीरे पीछा करने की सूरत अख्तियार कर लेती है। घर में तकरार शुरू हो जाती है। फिर ये तकरार किस हद तक पहुंचेगी, कहना मुश्किल है। दुनिया भर में लगभग एक तिहाई महिलाओं ने अपने साथी से किसी न किसी रूप में शारीरिक या यौन शोषण का अनुभव किया है। इस तरह की हरकतें बच्चों में अवसाद, गर्भपात, जन्म के समय बच्चे का कम वजन और एचआईवी के खतरे को बढ़ा देती हैं। कुछ केस में तो तांक-झांक का सिलसिला कत्ल पर जाकर रुकता है। चोरी छुपे किसी की ताक-झांक करना उसे मानसिक रूप से परेशान करना है। दुनिया भर में 38 फीसद महिलाओं का कत्ल उनके मौजूदा या पुराने साथी के हाथों होता है। जानकार कहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घरेलू हिंसा हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा होती है। ये एक वायरस की तरह है जो एक-दूसरे से फैलता है।

### कानून में बदलाव

**दरअसल** जो लोग इस तरह की जासूसी करते हैं वो एक तरह के दिमागी मरीज होते हैं। अगर किसी शख्स को अपने साथी पर शक है तो वो किसी भी हद तक जा सकता है। ऐसे लोग सामने वाले की तकलीफ में अपनी खुशी तलाशते हैं। अपने साथी से दूर होने के बाद भी वो उसे परेशान करते ही रहते हैं। हालांकि ऐसे लोगों पर लगाम कसने के लिए कानून में बदलाव की बात हो रही है। ऐसी हरकत करने वालों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के लिए कई संस्थाएं भी बन रही हैं। तकनीक हमारी जिंदगी को आसान बनाने के लिए है। उसका इस्तेमाल उसी तरह से करना चाहिए न कि उसे हथियार बनाकर अपने ही रिश्तों को तार-तार किया जाए। रिश्ते भरोसे की बुनियाद पर टिके होते हैं। अगर अपने ही साथी की जासूसी करनी पड़े तो फिर भरोसा कहां है? भरोसा नहीं तो रिश्ता कैसा? किसी भी बुरे रिश्ते में कैद रहने से बेहतर है उससे आजाद हो जाना।



**साभारः** बीबीसी

### अस्थाई कप्तान धवन की अगुवाई में

# वनडे विश्वकप की तैयारियों की शुरुआत करेगा भारत

## न्यूजीलैंड के खिलाफ आज से शुरू होगी तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला

एजेंसी। ऑकलैंड

टी-20 प्रारूप में पुराना रवैया अपनाने के कारण आलोचना झेल रही भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला से अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप की तैयारियों की भी शुरुआत करेगी। भारत को 2020 में विराट कोहली की अगुवाई में न्यूजीलैंड के हाथों श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था और टीम अतीत की इस हार को भूलकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी। भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के शुरू होने में अब केवल 11 महीने का समय बचा है तथा शुक्रवार से शुरू होने वाली श्रृंखला से भारत के मध्यक्रम और गेंदबाजी आक्रमण को लेकर हर किसी को शुरुआती आइडिया मिल जाएगा। भारत के पांच सीनियर खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, टीम प्रबंधन के प्रिय केएल राहुल, तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह और वनडे में नंबर एक ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं और ऐसे में कुछ हद तक यह पता चल जाएगा टीम किस दिशा में आगे बढ़ रही है। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों को अब अधिक से अधिक वनडे क्रिकेट खेलना होगा जिसकी शुरुआत बांग्लादेश श्रृंखला से होगी। उनकी वापसी के बाद टीम संयोजन में काफी बदलाव देखने को मिलेगा।

इन सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में शिखर धवन टीम की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में वनडे में लगभग 1000 रन बनाए हैं। पिछले दो वर्षों में वह केवल इसी प्रारूप में खेले हैं। अगर इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो कोहली और रोहित दोनों ने धवन के मुकाबले में एक तिहाई वनडे ही खेले हैं क्योंकि उन्होंने टेस्ट और टी-20 पर अधिक ध्यान दिया। इस बीच शुभमन गिल ने वनडे में सलामी बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित किया। उन्होंने अभी तक जितने भी वनडे मैच खेले हैं उनमें उनका औसत 57 रन प्रति पारी से अधिक और स्ट्राइक रेट 100 से अधिक है। ऐसी स्थिति में भारत के पास सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित, धवन और गिल तीन खिलाड़ी होंगे।

राहुल वनडे में मध्यक्रम में खेलते रहे हैं। मध्यक्रम में भारत के पास श्रेयस अय्यर भी हैं जिन्होंने शार्ट पिच गेंदों को खेलने में परेशानी होने के बावजूद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार यादव इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और यदि वह फिट रहते हैं तो फिर उन्हें बाहर नहीं किया जा सकता है। संजू सैमसन को भी लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है जबकि अपने ऑलराउंड खेल के कारण दीपक हुड्डा को भी बाहर करना सही नहीं होगा। अगर श्रृंखला की बात करें तो पांच दिन के अंदर तीन वनडे मैच खेले जाएंगे और ऐसे में तेज गेंदबाजों को जल्द से जल्द थकान से उबरना होगा। दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर को नई गेंद का जिम्मा सौंपे जा सकता है। यह दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी का विकल्प भी मुहैया कराएंगे। अर्शदीप सिंह तीसरे विकल्प हो सकते हैं लेकिन वह लगातार खेल रहे हैं और ऐसे में कुलदीप सेन या उमरान मलिक को भी मौका मिल सकता है। स्पिनरों में वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना है।



### खेल में छोटे मैदान का रखना होगा ध्यान

ईडन पार्क का मैदान छोटा है और ऐसे में धवन को इस पर विचार करना होगा कि वह अतिरिक्त तेज गेंदबाज के साथ खेलें या कुलदीप यादव के रूप में अतिरिक्त स्पिनर रखें। न्यूजीलैंड की टीम लगभग वही रहने वाली है जिसने टी20 श्रृंखला में हिस्सा लिया था। उसका गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें स्विंग कराने में माहिर टिम साउदी, एडम मिल्ने, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी और स्पिनर मिशेल सेंटनर शामिल हैं। अगर इसमें ऑलराउंडर डेरिल मिशेल और जिमी नीशम को भी शामिल कर दें तो न्यूजीलैंड के पास गेंदबाजी के पर्याप्त विकल्प हैं।

### दोनों टीम इस प्रकार

**भारत:** शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप सेन, उमरान मलिक।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, डेविन कॉनवे, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, टिम साउदी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, मिशेल सेंटनर, लॉकी फर्ग्युसन।

मैच सुबह सात बजे शुरू होगा।



# सात भारतीय महिला मुक्केबाज युवा विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची

### टूर्नामेंट में 73 देशों के लगभग 600 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों का स्पेन के ला नूसिया में चल रही युवा पुरुष और महिला विश्व चैंपियनशिप में दबदबा बरकरार रहा जब सात मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। युवा एशियाई चैंपियन वंशज और विश्वनाथ सुरेश ने आशीष के साथ मिलकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भारत के तीनों पुरुषों मुक्केबाज इस तरह सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में सफल रहे। महिला वर्ग में कीर्ति (81 किग्रा से अधिक), भावना शर्मा (48 किग्रा), देविका घोरपड़े (52 किग्रा) और रवीना (63 किग्रा) ने फाइनल में प्रवेश किया।

विश्वनाथ ने पुएर्तो रिको के जुआनमा लोपेज को 4-1 से हराया जबकि वंशज (63.5 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने अमेरिका में डिशॉन क्रोकलेम और उज्बेकिस्तान के खुजानाजर नोरतोजीव को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में 3-2 और 4-3 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ कीर्ति को छोड़कर अन्य महिला मुक्केबाजों ने आसान जीत दर्ज की। कीर्ति ने कजाखस्तान की आसेल टोकटासिन को 3-2 से शिकस्त दी। रवीना और भावना ने कजाखस्तान की अपनी प्रतिद्वंद्वियों आसेम तनातर और गुलनाज बुरिबाएवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। देविका ने अमेरिका की आमेदाह को 4-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। चार भारतीय महिला मुक्केबाजों तमन्ना (50 किग्रा), कुंजरानी देवी थोनगम (60 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा) और लाशु यादव (70 किग्रा) को हालांकि सेमीफाइनल में शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाजों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दबदबा बनाया जहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे उसके 17 मुक्केबाजों में से 11 ने पदक पक्का किया जो मौजूदा टूर्नामेंट में किसी भी देश के सर्वाधिक पदक होंगे। टूर्नामेंट में 73 देशों के लगभग 600 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। उज्बेकिस्तान ने 10 पदक पक्के किए हैं और वह दूसरे स्थान पर है। कजाखस्तान और आयरलैंड सात पदक के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्चर एसए-20 लीग के लिए एमआई केपटाउन से जुड़े

**केपटाउन।** एमआई केपटाउन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को अगले साल जनवरी से शुरू हो रहे एसए-20 लीग के उद्घाटन सत्र के लिए वाइल्डकार्ड के रूप में अनुबंधित करने की घोषणा की। लंबे समय से कोहनी की समस्या के कारण आर्चर ने मार्च 2021 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है जिसके बाद पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया था। वह बुधवार को अबुधाबी में इंग्लैंड की मुख्य टीम के खिलाफ एक मैच में इंग्लैंड लायंस के लिए खेले। आर्चर को मुंबई इंडियंस ने पिछली आईपीएल नीलामी में आठ करोड़ रुपये में अनुबंधित किया था जबकि फ्रेंचाइजी को पता था कि वह उपलब्ध नहीं होगा। उन्हें 2023 सत्र के लिए रिटेन किया गया है।

### स्पेन ने कोस्टा रिका को 7-0 से रौंदकर अभियान शुरू किया



**दोहा।** फेरान टोरेस के दो गोल की बदौलत स्पेन ने फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप ई के अपने पहले मैच में बुधवार को यहां कोस्टा रिका को एकतरफा मुकाबले में 7-0 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। कोस्टा रिका की टीम 2010 के चैंपियन स्पेन को पूरे मुकाबले के दौरान कोई टक्कर नहीं दे पाई और उसकी ओर से गोल करने का कोई विश्वसनीय मूव भी नहीं बना। यहां तक की कोस्टा रिका का कोई खिलाड़ी विरोधी टीम के गोल की ओर कोई शॉट तक नहीं मार पाया जबकि स्पेन की टीम ने गोल पर 17 शॉट मारे जिनमें से सात को गोल में तब्दील किया। अल थुमामा स्टेडियम में स्पेन की ओर से टोरेस (31वें और 54वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि डैनी ओल्मो (11वें मिनट), मार्को असेंसियो (21वें मिनट), गावी (74वें मिनट), कार्लोस सोलेर (90वें मिनट) और अल्वारो मोराटा (90 प्लस दो मिनट) ने एक-एक गोल किया। स्पेन की विश्व कप में यह सबसे बड़ी जीत है। टीम ने विश्व कप मुकाबले में पहली बार सात गोल दागे।

### स्पेन को हराकर क्रोएशिया डेविस कप के सेमीफाइनल में

**मलागा।** अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिच ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्टा को पराजित करके क्रोएशिया को डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचाया। सिलिच ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी की लेकिन निर्णायक सेट के टाईब्रेकर में एक समय वह 1-4 से पीछे चल रहे थे। सिलिच ने इसके बाद अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और 5-7, 6-3, 7-6 (5) से जीत दर्ज करके क्रोएशिया को स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। यह मैच तीन घंटे और 13 मिनट तक चला। इससे पहले बोर्ना कोरिच ने पहले एकल मैच में रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-4, 7-6 (4) से उलटफेर का शिकार बनाकर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई थी। क्रोएशिया की डेविस कप में स्पेन पर यह पहली जीत है। सेमी फाइनल में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# जडेजा बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर

### कुलदीप सेन शाहबाज को टीम में शामिल किया

एजेंसी। नई दिल्ली



अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा घुटने की चोट से उबरने में नाकाम रहने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बुधवार को चुनी गई टीम से बाहर हो गए।

जडेजा के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए। जडेजा ने अगस्त-सितंबर में एशिया कप के बाद घुटने की सर्जरी करवाई थी और फिर अनिश्चित काल के लिए टीम से बाहर हो गए है। टीम में इन दोनों की जगह तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए यश दयाल और रविंद्र जडेजा की जगह तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और हरफनमौला शाहबाज अहमद को शामिल किया है।

उन्होंने कहा, दयाल की पीठ के निचले हिस्से में समस्या है, जबकि जडेजा अभी घुटने की चोट से नहीं उबर सके है। वह बीसीसीआई मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। न्यूजीलैंड में 25 नवंबर से ऑकलैंड में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कुलदीप और शाहबाज को शुरू में टीम में नामित किया गया था। अब वे बांग्लादेश जाने वाली टीम का हिस्सा होंगे।

### नीदरलैंड और इक्वाडोर के मैच में स्ट्राइकर के बीच होगा मुकाबला

**दोहा।** इक्वाडोर के स्ट्राइकर इनर वैलेंसिया और नीदरलैंड के फॉरवर्ड मेम्फिस डेपे का प्रदर्शन शुक्रवार को होने वाले विश्वकप मुकाबले में काफी हद तक परिणाम का निर्धारण करेगा। यह दोनों ही स्ट्राइकर अलग शैली के हैं। वैलेंसिया के शॉट अधिक ताकतवर और सीधे होते हैं जबकि डेपे ज्यादा कुशल हैं। यह दोनों ही खिलाड़ी अपनी टीम के लिए बेहद महत्व रखते हैं और ऐसे में इस मुकाबले में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम के छह अंक हो जाएंगे और उसकी ग्रुप ए में स्थिति मजबूत हो जाएगी। वैलेंसिया ने कतर के खिलाफ इक्वाडोर की तरफ से दोनों गोल किए थे। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 37 गोल कर चुके हैं। दूसरी तरफ नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर सेनेगल को 2-0 से हराया था। डेपे उस मैच में दूसरे हाफ में ही मैदान पर उतरे थे। डेपे ने नीदरलैंड को विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने क्वालीफाइंग दौर में 12 गोल किए और छह गोल करने में मदद की थी। यूरोप का कोई भी अन्य खिलाड़ी इस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाया था।

# द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत: विलियमसन

एजेंसी। ऑकलैंड



### ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच वनडे श्रृंखला में बहुत कम दर्शक स्टेडियम पहुंचे

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि अत्यधिक क्रिकेट खेला जाना हाल में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे श्रृंखला के दौरान दर्शकों की कम उपस्थिति का कारण हो सकता है और स्टेडियमों में प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाना होगा।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हाल की वनडे श्रृंखला में बहुत कम दर्शक स्टेडियम में पहुंचे। इनमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया अंतिम मैच भी शामिल है। यह श्रृंखला इंग्लैंड के टी-20 विश्व कप जीतने के चार दिन बाद ही शुरू हो गई थी। विलियमसन ने भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इससे पता चलता है कि कितनी अधिक क्रिकेट खेली जा रही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आईसीसी के टूर्नामेंट लोकप्रिय है और काफी क्रिकेट खेली जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में विश्वकप भी हुआ था, इसलिए वहां काफी क्रिकेट खेली गई। उन्होंने कहा, इसलिए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खेल विशेषकर द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाया जाए। टी-20 की बढ़ती लोकप्रियता और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण 50 ओवरों के प्रारूप के अस्तित्व को लेकर बहस छिड़ गई है।

विलियमसन से पूछा गया कि क्या वनडे क्रिकेट का अस्तित्व खतरे में है, उन्होंने कहा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन हां इसे कहीं व्यवस्थित करना होगा। मैं नहीं जानता कि इसका स्वरूप कैसा होगा। अधिकतर टीमों के पास आजकल दो टीम हैं। इसको अधिक आकर्षक बनाने की बात लगातार होती रही है। इंग्लैंड की टी20 विश्व कप में जीत के बाद अलग कोचिंग स्टाफ और अलग प्रारूप के लिए अलग टीम चुनने की चर्चा शुरू हो गई है और न्यूजीलैंड के कप्तान को लगता है कि व्यस्त कार्यक्रम भी इसमें अपनी भूमिका निभा रहा है।

# हार्दिक के कप्तानी कौशल से भारत को टी-20 मे मिल सकती है मदद : मिलर

### हार्दिक को 2024 टी-20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर देखा जा रहा

एजेंसी। अबुधाबी



दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर डेविड मिलर का मानना है कि बतौर कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी अभूतपूर्व मानसिक स्पष्टता और काम करने के तरीके से भारतीय टी-20 टीम को निर्भीक बना सकते हैं। हार्दिक को 2024 टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा के अगले दो साल तक खेल के इस प्रारूप में इस जिम्मेदारी को निभाने की उम्मीद नहीं है।

पिछले दो वर्षों में खेल के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर में शामिल हुए मिलर दक्षिण अफ्रीका को दबाव भरी परिस्थितियों से उबारने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटन्स को पदार्पण में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यहां अबुधाबी टी10 लीग के मौके पर कहा, आईपीएल में उनकी कप्तानी में खेलने से मुझे लगता है कि वह नैसर्गिक नेतृत्वकर्ता है, लोग उसका अनुकरण करते हैं। आप जैसा खेलना चाहते हो, वह आपको वैसा ही खेलने की आजादी देता है। वह बतौर कप्तान बहुत एकजुट रखने वाला है, वह चाहता है कि हर कोई एक दूसरे के करीब रहे। मिलर ने कहा, साथ ही वह अनुशासन के मामले में भी बहुत ही स्पष्ट है। उसमें बतौर कप्तान काफी अच्छे गुण हैं। उन्होंने कहा, आईपीएल में भी जैसे जैसे सत्र आगे बढ़ता रहा, वह बेहतर से बेहतर होता रहा और मुझे (भारतीय टीम में भी उसके) यही करने की उम्मीद है।

# विश्व टीम शतरंज: फ्रांस को हराकर भारत ने अंतिम चार जगह बनाई

एजेंसी। यरूसलम



भारत ने टाईब्रेकर तक चले मुकाबले में फ्रांस को पराजित करके फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहले दोनों मुकाबलों में दोनों टीम बराबरी पर रही जिसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें भारत ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत दर्ज की। भारत की जीत के नायक निहाल सरीन और एस एल नारायणन रहे जिन्होंने जूल्स मौसर्ड और लॉरेंट फ्रेसिनेट को हराया। भारत के शीर्ष खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रांसीसी स्टार मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को 45 चाल में बराबरी पर रोका जबकि के शशिकिरण को मैक्सिमे लेगार्ड ने 55 चाल में पराजित किया। ऐसे में सरीन और नारायणन की जीत से भारत आगे बढ़ने में सफल रहा। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान से होगा। उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले शुरुआती मुकाबले में गुजराती ने लाग्रेव को जबकि नारायणन ने फ्रेसिनेट को हराया।

सरीन और शशिकिरण ने अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे भारत ने यह मुकाबला 3-1 से जीता। फ्रांस ने हालांकि दूसरे मुकाबले में इसी अंतर से जीत दर्ज करके मैच को टाईब्रेकर तक खींचा। दूसरे मुकाबले में लाग्रेव ने गुजराती को जबकि फ्रेसिनेट ने नारायणन को हराया। सरीन और शशिकिरण ने फिर से अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। अन्य मुकाबलों में स्पेन ने अज़रबैजान और चीन ने पोलैंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी।

### फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता

# विश्वकप में अपनी वापसी यादगार नहीं बनने दी बेल्जियम ने



एजेंसी। अल रेयान

मिकी बात्सुयाई के पहले हॉफ के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बेल्जियम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद कनाडा को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की।

कनाडा 36 साल बाद विश्वकप में भाग ले रहा है। उसने अच्छे प्रयास किए लेकिन बात्सुयाई के 44वें मिनट में किए गए, गोल से उसकी वापसी यादगार नहीं बन पाई। विश्व में दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम किसी भी समय अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। उसके अवसरों पर कनाडा ने कड़ी चुनौती दी। कनाडा ने विश्वकप के इतिहास में अब तक जो चार मैच खेले थे वह उन सभी में गोल करने में नाकाम रहा है। उसने 1986 के विश्वकप में तीन मैच खेले थे जिनमें वह गोल नहीं कर पाया था। कनाडा ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने गोल पर 21 शॉट जमाए जबकि बेल्जियम नौ शॉट ही जमा सका।

### सर्बिया के खिलाफ उलटफेर से बचना चाहेगा ब्राजील



**दोहा।** ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार ने विश्व कप में पहुंचने के बाद से सार्वजनिक रूप से एक शब्द भी नहीं बोला है और इससे टूर्नामेंट को लेकर उनके इरादे जाहिर होते है। विश्व कप का खिताब छठी बार जीतने के इरादे से यहां पहुंची ब्राजील की टीम देर को देर रात ग्रुप जी में सर्बिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरू करेगी। पेरिस सेंट जर्मन के स्टार दिग्गज नेमार ने जब कतर के लिए रवाना हो रहे थे तब उनके कपड़े पर ब्राजील की टीम लोगो (प्रतिक चिह्न) में पांच की जगह छह सितारे थे। ब्राजील के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी रिचार्लिसन ने कहा , यही (विश्व कप का छठा खिताब) हमारा सपना है। नेमार ने वह तस्वीर पोस्ट की क्योंकि यह उनका भी सपना है। वह इसे जीतना चाहते है और हम जानते हैं कि वह इसे जीतने के लिए कितना इच्छुक है। वह जो चाहे कर सकता है।

गोलकीपर थिबाउट कौर्टोइस ने अगर शुरू में पेनल्टी नहीं बचाई होती तो परिणाम इसके उलट भी हो सकता था। बेल्जियम के लिए जीत के अलावा मैच में जश्न मनाने वाली कोई अन्य चीज नहीं रही। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक केविन डी ब्रूएन भी अपने और टीम के प्रदर्शन से निराश थे। जब उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तो वह इस फैसले पर भी हैरान थे। डी ब्रूएन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अच्छा खेल दिखाया। मुझे लगता है कि मेरे नाम के कारण मुझे यह पुरस्कार मिला। बेल्जियम की उम्रदराज टीम को कुछ

### बेल्जियम की विदेश मंत्री ने विश्वकप के दौरान पहना वन लव आर्मबैंड



**दोहा।** बेल्जियम की विदेश मंत्री हदजा लहबीब ने कनाडा के खिलाफ अपने देश के विश्व कप मैच के दौरान जब फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की तो उस समय उन्होंने वन लव आर्मबैंड (बांह की पट्टी) पहन रखा था। लहबीब की बुधवार को एक तस्वीर सामने आई जिसमें उन्होंने रंगीन आर्मबैंड पहन रखा है। इस तरह के आर्मबैंड को विविधता में एकता का प्रतीक माना जाता है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बेल्जियम सहित सात यूरोपीय देशों के कप्तानों को इस तरह का आर्मबैंड पहनने से रोक दिया था। वे विश्वकप के मेजबान कतर के मानव अधिकारों के खराब रिकॉर्ड की निंदा करने के लिए इसे पहनना चाहते थे। लहबीब ने ट्विटर पर एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने अपनी बाईं बांह पर यह आर्मबैंड पहन रखा है। फीफा ने यूरोप के सात फुटबॉल महासंघों को चेतावनी दी थी अगर उनके खिलाड़ियों ने इस तरह का आर्मबैंड पहना तो उन्हें सजा दी जाएगी।

पायनियर

पायनियर समूह को आवश्यकता है

1 - अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (विज्ञापन प्रतिनिधि) - 8 प्रतिनिधि
एरिया - चंडीगढ़, रोहतक, सोनीपत, करनाल, यमुनानगर, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम (सैलरी रु- 25000-40000*)

2 - पायनियर हरियाणा वेब के लिए अनुभवी वेब पत्रकारों की आवश्यकता है। (नोट - वेब पत्रकार, जो कंटेंट क्रिएटर हो, एंकरिंग और वॉयस ओवर कर सकता हो। खबरों के संकलन के अलावा वेब के सभी डिजिटल प्लेटफार्म हैंडिल कर सकता हो, मसलन फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, .कॉम को सुरक्षित तरीके से चला सकता हो। (सैलरी - अनुभव के आधार पर)

3 - पायनियर हरियाणा के लिए चंडीगढ़/पंचकुला ब्यूरो के लिए सब एडिटर की आवश्यकता।

4 - पायनियर हरियाणा के लिए डेस्क के लिए सब एडिटर, जो पेज बनाना जानता हो, जिसे प्रूफ रीडिंग भी आती हो।
सैलरी रु- 20000-25000, स्थान - कार्यालय फरीदाबाद

*मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव का टारगेट फिक्स रहेगा। टारगेट अचीवमेंट ही उनका अनुभव समझा जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा मेल कर दें।
sudhir.pioneer@sokkacreation.com, rakeshkapoorau@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 9582468441, 7838018038